

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़



11 हम सभी रूढ़िवादी नहीं रहे, टी-20 में नए रवैये से कभी कभार.... | शी ने ताइवान को लेकर बाइडन को दी चेतावनी, सहयोग का आह्वान... 12



वर्ष : 13 | अंक : 73 | नई दिल्ली, शनिवार, 30 जुलाई 2022 | श्रावण मास शुक्ल पक्ष, द्वितीया | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C

न्यूनतम तापमान 27.0°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

**पोल**

सपा से 'तलाक' के बाद कहीं के नहीं रहेंगे ओपी राजभर ?

| | |
|---|---|
| हां | 60% |
| नहीं | 30% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 52,190 |
| चांदी | 54.,400 |
| सेंसेक्स | 57,368 |
| निफ्टी | 18,583 |

# भारत के युवाओं को पूरी दुनिया उम्मीद की नजर से देख रही : पीएम नरेंद्र मोदी

चेन्नई/नई दिल्ली, प्रात : किरण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं को ग्रोथ इंजन की संज्ञा देते हुए कहा कि भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया भारत के युवाओं को उम्मीद की नजर से देख रही है। उन्होंने कहा कि आप देश के विकास इंजन हैं और भारत दुनिया का विकास इंजन है। प्रधानमंत्री ने कोरोना महामारी के खिलाफ भारत की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत आज बाधाओं को अवसरों में बदलकर कई क्षेत्रों में सबसे आगे है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार की गति में भारत की स्थिति अब तक के सबसे अच्छे स्तर पर है। भारत दुनिया भर में आपूर्ति श्रृंखला में एक अहम कड़ी बन चुका है। प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को चेन्नई में अन्ना विश्वविद्यालय के 42वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। वैश्विक कोविड-19 महामारी को अभूतपूर्व बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आज हर क्षेत्र एक नए जीवन के साथ हलचल कर रहा है। उद्योग, निवेश, नवोन्मेष या अंतरराष्ट्रीय व्यापार, सभी भारत को सबसे आगे देख रहे हैं। केवल पिछले 6 वर्षों में, मान्यता प्राप्त स्टार्ट-अप की संख्या में 15,000 प्रतिशत की वृद्धि हुई। गरीब से गरीब भी प्रौद्योगिकी को अपना रहा है। छोटे विक्रेता डिजिटल पेमेंट का इस्तेमाल कर रहे हैं। इन सबसे ऊपर, अंतरराष्ट्रीय व्यापार की गति में भारत की स्थिति अब तक की सबसे अच्छी स्थिति में है।

**मोदी बोले...**

- अंतरराष्ट्रीय व्यापार की गतिशीलता में देश की स्थिति बेहतर
- एक मजबूत सरकार सब कुछ या सभी को नियंत्रित नहीं करती



### भारत दुनिया का विकास इंजन

प्रधानमंत्री ने भारत के युवाओं की संभावनाओं के बारे में स्वामी विवेकानंद के शब्दों को याद किया। प्रधानमंत्री ने कहा की कि पूरी दुनिया भारत के युवाओं को आशा के साथ देख रही है। क्योंकि आप देश के विकास इंजन हैं और भारत दुनिया का विकास इंजन है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की युवाओं को निर्णय लेने का अवसर प्रदार करती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले 25 वर्ष युवाओं और देश के लिए महत्वपूर्ण हैं।

# अधीर ने महामहिम मुर्मू से मांगी माफी

## 'राष्ट्रपत्नी' वाले बयान पर कांग्रेस नेता ने राष्ट्रपति को लिखी चिट्ठी, कहा- मुझे माफ कर दीजिए

नई दिल्ली, प्रात : किरण

कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने 'राष्ट्रपत्नी' वाले बयान पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को चिट्ठी लिखकर माफी मांग ली है। अधीर ने शुक्रवार को माफी मांगते हुए राष्ट्रपति के नाम चिट्ठी में लिखा- मैंने गलती से आपके लिए गलत शब्द का इस्तेमाल किया। मेरी जुबान फिसल गई थी। मैं माफी मांगता हूं और आपसे इसे स्वीकार करने का अनुरोध करता हूं। चौधरी द्वारा राष्ट्रपति 'राष्ट्रपत्नी' कहकर संबोधित किए जाने को लेकर बृहस्पतिवार को बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया था। भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस ने एक-दूसरे पर तीखे प्रहार किये और संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही भी बाधित हुई। भाजपा ने कांग्रेस को 'आदिवासी, महिला और गरीब विरोधी' करार देते हुए कहा था कि मुख्य विपक्षी दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को माफी मांगनी चाहिए।

### भाजपा मुझे आतंकवादी घोषित करे : रंजन

वहीं, अधीर रंजन ने इसे लेकर भाजपा को निशाने पर लिया। रंजन ने कहा- मैं इंतजार कर रहा हूं कि भाजपा मुझे आतंकवादी घोषित करे और मुझे यूएपीए के तहत गिरफ्तार कराए। वे आदिवासियों के चैंपियन बनना चाहते हैं, लेकिन छुपाते हैं कि हत्याएं कैसे हो रही हैं। सोनिया गांधी के नेतृत्व में लाए गए कानूनों में बदलाव किया जा रहा है। वे आदिवासियों के खिलाफ काम कर रहे हैं।

**बयान और बुरे फंसे चौधरी**



| 27 जुलाई को राष्ट्रपत्नी शब्द का इस्तेमाल किया | स्मृति ईरानी ने सोनिया गांधी से माफी की मांग की | सोनिया गांधी ने स्मृति से कहा- डोंट टॉक टु मी |
|---|---|---|

**अधीर के खिलाफ प्राथमिकी**

- कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के खिलाफ मध्य प्रदेश के डिंडोरी में आईपीसी की धारा 153 (बी) और 505 (2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। डिंडोरी के एएसपी जगन्नाथ मार्कन ने बताया कि एफआईआर को दिल्ली भेजा जा रहा है। हम एक-एक करते आपको दोनों धाराओं के बारे में बताते हैं। धारा 153 (बी) तब लगाई जाती है जब राष्ट्रीय एकता के खिलाफ प्रभाव डालने वाले भाषण देना या लांछन लगाना जैसी बात कही गई हो। यह भी अजमानतीय है (नॉन बेलेबल), और संज्ञेय है। इसमें 3 साल की जेल और जुमार्ना दोनों हो सकते हैं। यदि ऐसा अपराध सार्वजनिक पूजा स्थल पर किया जाए, तो यह अपराध गंभीर हो जाता है। इसमें 5 वर्ष की जेल और जुमार्ना हो सकता है। यह भी संज्ञेय किस्म का अपराध है और यह अजमानतीय भी है।

### राष्ट्रपति से मिलीं स्मृति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी की ओर से की गई अशोभनीय टिप्पणी का मामला गरमाता जा रहा है। लोकसभा में चौधरी की टिप्पणी को लेकर उन पर जमकर बरसने वाली केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी शुक्रवार सुबह ही राष्ट्रपति भवन पहुंच गईं। यहां केंद्रीय राज्य मंत्री डॉक्टर महेंद्र मुंजपारा और जॉन बारला उनके साथ ही मौजूद रहे। बताया गया है कि मुर्मू और स्मृति ईरानी की मुलाकात के कुछ ही देर बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी राष्ट्रपति से मिलने पहुंचे।

### कांग्रेस ने बीजेपी पर लगाए ये आरोप

कांग्रेस ने दावा किया था कि लोकसभा में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और कई भाजपा नेताओं ने सोनिया गांधी के साथ अपमानजनक व्यवहार किया, जिसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को माफी मांगनी चाहिए। दूसरी तरफ, चौधरी ने सफाई देते हुए कहा था कि 'चूकवश' उनके मुंह से एक शब्द निकल गया, जिसे भाजपा 'तिल का ताड़' बना रही है।

### महिला आयोग भी दे चुका है नोटिस

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपत्नी कहने पर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। बयान को लेकर अब राष्ट्रीय महिला आयोग (ठउह) ने भी अधीर को नोटिस थमा दिया है। उनसे 3 अगस्त सुबह साढ़े 11 बजे तक जवाब मांगा है।

# जयराम व पवन खेड़ा को हाईकोर्ट का समन

## स्मृति इरानी की बेटी पर आरोप वाले ट्वीट हटाने को कहा

नई दिल्ली, प्रात : किरण

दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी की तरफ से दायर दीवानी मानहानि मामले में कांग्रेस नेताओं जयराम रमेश, पवन खेड़ा और नेट्टा डिसूजा को शुक्रवार को समन जारी किया। केंद्रीय मंत्री ईरानी ने उनके और उनकी बेटी के खिलाफ कथित रूप से निराधार आरोप लगाने को लेकर दो करोड़ रुपये से अधिक के हजार्ने की मांग की है। जस्टिस मिनी पुष्कर्णा ने ईरानी और उनकी बेटी पर लगे आरोपों के संबंध में कांग्रेस नेताओं को सोशल मीडिया से ट्वीट, रीट्वीट, पोस्ट, वीडियो और तस्वीरें हटाने का भी निर्देश दिया।



### अदालत के सामने सारे फैक्ट रखेंगे : जयराम

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने स्मृति ईरानी की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट की तरफ से समन जारी किए जाने पर प्रतिक्रिया दी। रमेश ने कहा कि वह और इस मामले में उल्लेखित अन्य कांग्रेस नेता अदालत के समक्ष सारे तथ्य रखेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री द्वारा इस मामले को भटकाने के प्रयास को विफल करेंगे। उन्होंने ट्वीट किया कि दिल्ली हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर हमसे कहा है कि स्मृति ईरानी की ओर से दायर मामले पर हम औपचारिक रूप से जवाब दें। हम अदालत के समक्ष तथ्यों को रखने के लिए उत्सुक हैं। स्मृति ईरानी जिस तरह से मामले को भटकाने का प्रयास कर रही हैं उसे हम चुनौती देंगे और विफल करेंगे।

- केंद्रीय मंत्री द्वारा इस मामले को भटकाने के प्रयास को विफल करेंगे।

## कार से ड्यूटी करने पहुंचना पड़ा महंगा

**नई दिल्ली।** रेलवे के लेवल क्रॉसिंग पर तैनात एक गेटमैन के खिलाफ इसलिए अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है, क्योंकि वह अपनी ड्यूटी पर निजी कार से पहुंचा था। जब इंस्पेक्शन करने पहुंचे रेलवे के एक बड़े अधिकारी को पता चला कि गेटमैन होकर भी वह कार से ड्यूटी पर आया है तो उसे चार्जशीट कर दिया गया। उस पर आरोप है कि उसने ड्यूटी पर लापरवाही की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, घटना यूपी के हापुड़ रेलवे स्टेशन के पास की है। यह स्टेशन राजधानी दिल्ली से भी महज चंद किलोमीटर की दूरी पर है। यहां रेलवे के एक गेटमैन ने रात के समय अपनी ड्यूटी पर पहुंचने के लिए अपनी प्राइवेट कार का इस्तेमाल किया था। वह रेलवे फाटक पर पहुंचा और वहीं कार पार्क करके अपनी ड्यूटी में जुट गया। संयोग से उसी रात रेलवे के एक बड़े अधिकारी इंस्पेक्शन पर थे।

## संसद में महंगाई पर सोमवार को होगी चर्चा

### एक पखवारे तक सदन में जारी गतिरोध बाद जागी सरकार

नई दिल्ली, प्रात : किरण



दो सप्ताह के भारी हंगामे के बाद केंद्र सरकार महंगाई पर चर्चा के लिए तैयार हो गई है। सोमवार को लोकसभा में महंगाई के मुद्दे पर बहस होगी। लोकसभा में नियम 193 के तहत मूल्य वृद्धि पर सोमवार, 1 अगस्त को चर्चा होगी और इसके लिए शिवसेना नेता विनायक राउत और कांग्रेस नेता मनीष तिवारी की ओर से एक नोटिस प्राप्त हुआ है। इस दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण विपक्ष के सवालों के जवाब देंगी।

गौरतलब है कि राज्यसभा की बैठक शुक्रवार को अलग-अलग मुद्दों पर सत्ता पक्ष और विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण एक बार के स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष संसद के मानसून सत्र की शुरूआत से महंगाई जैसे मुद्दों पर चर्चा की मांग कर रहा है। इस महीने की शुरूआत में जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, जून में भारत की वार्षिक खुदरा मुद्रास्फीति एक साल पहले के 6.26 प्रतिशत से बढ़कर जून में 7.01 प्रतिशत हो गई। यह महंगाई दर केंद्रीय बैंक (आरबीआई) के 2 से 6 फीसदी के तय दायरे से भी ज्यादा है। इसके अलावा विपक्ष आवश्यक वस्तुओं पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाने को लेकर भी विरोध प्रदर्शन कर रहा है।

कई ऐसी चीजों को GST के तहत लाया गया है जो पहले इसके दायरे से बाहर थीं। संसद में विपक्ष ने कहा कि इन मुद्दों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए और बाकी सभी को अलग रखा जाना चाहिए।

## संक्षिप्त खबर

### पर्यावरण प्रस्ताव : भारत ने संरा

संयुक्त राष्ट्र। भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के उस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया है, जो स्वच्छ, स्वस्थ और चिरस्थायी पर्यावरण को मानवाधिकार के रूप में मान्यता देता है। हलांकि, भारत ने इसके एक पैराग्राफ से खुद को अलग कर लिया और प्रस्ताव की प्रक्रिया तथा सार पर चिंताएं व्यक्त कीं। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 193 सदस्यों देशों में से 161 के मतों के साथ बृहस्पतिवार को प्रस्ताव को पारित किया। वहीं, बेलारूस, कंबोडिया, चीन, इथियोपिया, ईरान, किर्गिस्तान, रूस और सीरिया मतदान के समय मौजूद नहीं थे। भारत ने प्रस्ताव के पक्ष में मत दिया, लेकिन साथ ही इसकी प्रक्रिया और इसके सार पर चिंताएं व्यक्त कीं।

### 7,700 दवाओं के नमूने गुणवत्ताहीन घोषित



नई दिल्ली। दवाओं के कुल 7,700 नमूनों को मानक के प्रतिकूल गुणवत्ताहीन नहीं घोषित किया गया और पिछले तीन वर्षो के दौरान परीक्षण के लिए चुने गए कुल 84,874 नमूनों में से 670 को नकली या मिलावटी घोषित किया गया। सरकारी आंकड़ों से पता चला है कि दवाओं के कुल 2,652 नमूनों को मानक गुणवत्ता के नहीं घोषित किया गया और वर्ष 2020-21 के दौरान परीक्षण के लिए चुने गए कुल 84,874 नमूनों में से 263 को नकली या मिलावटी घोषित किया गया है। पिछले तीन वर्षों के दौरान परीक्षण किए गए नमूनों, घटिया और नकली/मिलावटी घोषित दवा के नमूनों की संख्या के संदर्भ में प्रवर्तन कार्रवाई की गई थी।

### बांदा में भीषण हादसा, पांच की मौत

बांदा उत्तर प्रदेश के बांदा में शुक्रवार की शाम को भीषण हादसा हो गया। इनोवा कार और लोडर की आमने-सामने टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि दस लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मरने वालों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। यह हादसा गिरवां बस स्टैंड के पास हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार अनियंत्रित तेज रफ्तार इनोवा कार ने लोडर में जोरदार टक्कर मार दी। कार इतनी तेज रफ्तार में थी कि लोडर दो भाग में बंट गया। लोडर पर सवार पांच लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 10 लोगों के घायल होने की बात कही जा रही है। हादसे की जानकारी होते ही मौके पर पुलिस पहुंची और सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से मेडिकल कॉलेज भेजा गया।

## ममता के एक और विधायक पर ईडी का शिकंजा, भेजा नोटिस

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी सरकार की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं। शिक्षक भर्ती घोटाले में नाम आने के बाद वाणिज्य मंत्री पार्थ चटर्जी जेल में हैं और उन्हें सभी पदों से हटा दिया गया है। उधर उनकी नजदीकी अर्पिता मुखर्जी भी जेल हैं जिनके ठिकानें से अब तक 50 करोड़ रुपए से ज्यादा कैश बरामद हो चुका है। विधायक मानिक भट्टाचार्य के बाद अब कृष्ण कल्याणी पर ईडी का शकिंजा कसता दिख रहा है। टीएमसी के विधायक कृष्ण कल्याणी की कंपनी कल्याणी सॉल्वेक्स प्राइवेट लिमिटेड को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट 2002 के तहत नोटिस भेजा गया है।

## डोकलाम में चीनी 'घुसपैठ' के बीच भूटान पहुंचे सेना प्रमुख

नई दिल्ली, प्रात : किरण



सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने शुक्रवार को भूटान की दो दिवसीय यात्रा शुरू की है। सेना प्रमुख की भूटान यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब चीन एक बार फिर से डोकलाम क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को बढ़ा रहा है। खबर है कि चीन ने भूटान की ओर वाले डोकलाम पठार के पूर्व में एक चीनी गांव का निर्माण किया है। यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसे भारत के रणनीतिक हित के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। दरअसल कुछ दिनों पहले नई सैटेलाइट तस्वीरों में चीन को भूटान की तरफ डोकलाम पठार के पूर्व में एक गांव का निर्माण करते हुए दिखाया गया था। यह क्षेत्र भारत के रणनीतिक हित के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। तस्वीरें सामने आने के बाद विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित सभी घटनाक्रमों पर लगातार नजर रख रहा है और अपने हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठा रहा है। वहीं भारतीय सेना ने कहा कि जनरल पांडे का राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और भूटान के चौथे राजा जिग्मे सिंग्ये वांगचुक से मिलने के अलावा रॉयल भूटान सेना में अपने समकक्ष के साथ बातचीत करने का भी कार्यक्रम है।

# बच्चों को दूसरे पति का सरनेम दे सकती है मां

## शीर्ष अदालत ने कहा- पिता की मौत के बाद मां को बच्चों का सरनेम बदलने का हक

नई दिल्ली, प्रात : किरण

पति की मौत के बाद मां अगर दूसरी शादी करती है तो वो अपने बच्चों का सरनेम तय करने की हकदार है। यानी मां दूसरे पति का सरनेम अपने बच्चों को दे सकती है। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट का फैसला पलटते हुए यह फैसला सुनाया है। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि कोई भी मां, बच्चे के बायोलॉजिकल पिता की मौत के बाद उसकी इकलौती लीगल और नैचुरल गार्जियन होती है। उसे अपने बच्चे का सरनेम तय करने का पूरा अधिकार है। अगर वह दूसरी शादी करती है तो वह बच्चे को दूसरे पति का सरनेम भी दे सकती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि मां को नए परिवार में बच्चे को शामिल करने और उसका सरनेम बदलने से कानूनी रूप से रोका नहीं जा सकता है।




सरनेम केवल वंश का संकेत नहीं है और इसे केवल इतिहास, संस्कृति के संदर्भ में नहीं समझा जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मां अपने बच्चे को दूसरे पति को गोद लेने का अधिकार भी दे सकती है। जस्टिस दिनेश माहेश्वरी और जस्टिस कृष्ण मुरारी की बेंच ने पहले के फैसलों का भी जिक्र किया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने मां को पिता के समान ही बच्चे का नैचुरल गार्जियन बताया था।

# एलजी से मिले सीएम केजरीवाल

## कहा-मतभेद हैं, मगर मनभेद नहीं

नई दिल्ली, प्रात : किरण

दिल्ली सरकार और राजनिवास के बीच चल रही तल्खियों के बीच शुक्रवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मुलाकात हुई। दो सप्ताह के अंतराल के बाद हुई इस साप्ताहिक बैठक के दौरान दोनों के बीच करीब आधा घंटा बातचीत हुई। बैठक के बाद केजरीवाल ने कहा कि अच्छे माहौल में चर्चा हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि उन दोनों के बीच मतभेद हो सकते हैं, लेकिन मनभेद नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री और एलजी के बीच यह मुलाकत ऐसे समय पर हुई है जब दोनों के बीच कई मुद्दों पर मतभेद खुलकर सामने आए हैं। उपराज्यपाल सक्सेना ने हाल ही में दिल्ली सरकार की नई आबकारी नीति के खिलाफ सीबीआई जांच का आदेश दिया है।



इसके अलावा केजरीवाल के सिंगापुर दौरे को भी मंजूरी नहीं दी गई।

### दोनों मिलकर निकालेंगे मुद्दों का समाधान

मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों मिलकर इन मुद्दों को समाधान निकालेंगे। मीडिया से बातचीत में केजरीवाल ने कहा, "कई मुद्दों पर हमारे विचार अलग हो सकते हैं। मतभेद हो सकते हैं, मनभेद नहीं हैं। वह उपराज्यपाल हैं और मैं सीएम। मुद्दों पर हमारे विचार अलग-अलग हो सकते हैं।

**विकास** | **उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बड़ा फैसला**

# यूपी में हर परिवार का बनेगा फैमिली कार्ड

## रोजगार और नौकरी में मिलेगी मदद, राशन कार्ड से डाटा एकत्रित करने की तैयारी

लखनऊ, प्रात : किरण

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बड़ा फैसला लेते हुए एक नए परिवार कल्याण कार्ड की योजना बनाई है। इसके तहत राज्य के सभी परिवारों की मैपिंग कर फैमिली कार्ड बनाया जाएगा। फैमिली कार्ड 12 अंकों का होगा. इस कार्ड की मदद से सरकार परिवारों के बारे में पूरी जानकारी जुटाने में मदद करेगी। बताया जा रहा है कि कार्ड की मदद से योगी सरकार लोगों को सरकारी योजनाओं से रोजगार और नौकरी दिलाने में सहयोग करेगी। हाल ही में सीएम योगी आदित्यनाथ ने इसको लेकर एक प्रेजेंटेशन देखा था और अब समाज कल्याण विभाग को इसे लागू करने के निर्देश दिए हैं। परिवार पहचान पत्र के लिए राशन कार्ड से डाटा एकत्रित करने की तैयारी की जा रही है. अगर ऐसा होता है तो कुछ ही दिनों में 60 प्रतिशत परिवार इससे जुड़ सकेंगे. परिवार कल्याण कार्ड योजना से सरकार हर परिवार को रोजगार से जोड़ेगी. इसके अलावा सरकार की सभी योजनाओं को भी एक-एक परिवार से जोड़ा जाएगा. साथ ही धोखाधड़ी भी रुकेगी. उदाहरण के लिए यदि एक ही परिवार को सभी योजनाओं का लाभ मिल रहा है तो उसका डाटा भी सरकार के पास रहेगा. अगर अपात्रों को लाभ दिया जा रहा है तो उनके कार्ड क्लियर हो जाएंगे.



### फर्जी कार्ड हो जाएंगे बंद

जानकारी के मुताबिक, फैमिली कार्ड बनने के बाद फर्जी कार्ड बंद कर दिए जाएंगे. एक ही परिवार को बार-बार किसी योजना का लाभ मिलना बंद हो जाएगा. सरकार की मंशा है कि जिन परिवारों को अभी तक लाभार्थी योजनाओं का लाभ नहीं मिला है, उन परिवारों को लाभार्थी योजनाओं के अंतर्गत लाया जाए. इतना ही नहीं इस कार्ड के बनने से सरकार के पास यह भी डाटा होगा कि किस परिवार को रोजगार और नौकरी की जरूरत है. उसी के अनुसार उस परिवार के लिए उचित व्यवस्था की जाएगी. अधिकारियों के मुताबिक, इस कार्ड के बनने से लोगों को काफी फायदा होगा. इन्हें सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जा सकता है और इसके लिए अलग से आवेदन या किसी अन्य दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होगी।

- फैमिली कार्ड 12 अंकों का होगा. इस कार्ड की मदद से सरकार परिवारों के बारे में पूरी जानकारी जुटाने में मदद करेगी।
- उदाहरण के लिए यदि एक ही परिवार को सभी योजनाओं का लाभ मिल रहा है तो उसका डाटा भी सरकार के पास रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### कोच मे दवा जलाने के संबंध मे फर्मासिस्ट का वैतन रोके जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

गया। गया जिले के कोच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोच के फार्मासिस्ट द्वारा अस्पताल परिसर में पिछले 9 जुलाई 2022 को सरकारी दवा जलाने के संबंध में जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने सख्त रुख लेते हुए सिविल सर्जन गया द्वारा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोच में इस मामले को विस्तार पूर्वक जांच करवाई गई है ।इसके जांच प्रतिवेदन के आधार पर जिला पदाधिकारी ने सिविल सर्जन को स्पष्ट निर्देश दिया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोच के फार्मासिस्ट के विरुद्ध निलंबन हेतु विभाग को पत्र प्रेषित करें एव इसके साथ ही अविलंब प्राथमिकी दर्ज करें। यह भी निर्देश दिया कि समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोच के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को अभिलंब बदलने का कार्य करें ।जांच कमेटी द्वारा बताया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोच के फार्मासिस्ट उस समय से अब तक लगातार कार्यालय नहीं आ रहे हैं अर्थात बिना किसी पूर्व सूचना के लगातार अनुपस्थित रह रहे हैं। इस संबंध में सिविल सर्जन द्वारा वेतन भुगतान बंद करते हुए विभागीय कार्रवाई भी किया जा रहा है।

# बगहा : ग्रामीण विकास शिविर में विभिन्न मामलों का हुआ निष्पादन

## आमजनों की समस्याओं से जिलाधिकारी हुए अवगत

बेतिया,प्रात : किरण संवाददाता



सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रत्येक लाभुकों को समयबद्ध तरीके से आसानी से दिलाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आमजनों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए उनके घरों के समीप शिविर लगाया जा रहा है। इसी क्रम में आज बगहा-01 प्रखंड अंतर्गत मझौआ पंचायत के राधेश्याम उच्च माध्यमिक प्लस टू विद्यालय, परसौनी में ग्राम विकास शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर के माध्यम से इंगलिशिया, सलहा एवं मझौवा पंचायत के सैकड़ों निवासियों को लाभ पहुँचाया गया। ग्राम विकास शिविर का विधिवत उद्घाटन जिलाधिकारी, कुंदन कुमार द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। सरकार एवं जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय जनता को सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया जाय, स्थानीय स्तर पर प्रशासन की सभी इकाईयों के माध्यम से सरकारी सेवाओं का लाभ पहुंचाया जाय और जन शिकायतों को दूर किया जाय। जिलाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा, राजस्व विभाग, आपूर्ति विभाग, पशुपालन विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग आदि विभागों द्वारा लगाए गए शिविरों का मुआयना किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों, कर्मियों एवं लाभुकों से विभिन्न योजनाओं आदि की जानकारी ली गयी। ग्रामीण विकास शिविर में आरटीपीएस के 14, सामाजिक सुरक्षा के 19, बाल विकास परियोजना के 17, राजस्व के 28, आपूर्ति विभाग के 10, राशन कार्ड के 304, कृषि विभाग के 22, मनरेगा के 22, आवास के 628, एलएसबीए के 15, निर्वाचन के 1, पंचायत राज के 03, जन्म प्रमाण पत्र के 34, मृत्यु प्रमाण पत्र के 02, श्रम के 01, थाना स्तर के 03, पेंशन के 275 आदि के मामलों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 75 मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया गया। इसी क्रम में जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न समस्याओं को लेकर पहुँचे ग्रामीणों गुलाबी खातुन, रीना देवी, अमेरिका राम, गणेश कुशवाहा, उपेन्द्र कुशवाहा, सोहन राम, पाखी सिंह, दीपू कुमार, उमा देवी, खुर्शीद आलम आदि को जिलाधिकारी ने सुना और समस्याओं का निष्पादन कराया तथा कुछ मामलों का निष्पादन नियमानुकूल तरीके से अविलंब कराने का निदेश अधिकारियों को दिया।

**शिविर**

● ग्रामीण विकास शिविर में सैकड़ों लोग हुए लाभान्वित

## बारिश से किसानों के मुरझाए चेहरों पर खुशी

**भैरोगंज (सुनिल कुमार पाण्डेय)।** शुक्रवार के रात्रि से लेकर प्रातः पूर्व बादल जम के बरस गए। इसके साथ ही किसानों के मुरझाए चेहरों की रौनक लौट आई। हालांकि उक्त बारिश की शुरूआत बुधवार रात्रि की बरसा से शुरू हुई थी । बुधवार की बर्षा में आसमानी बिजली के कड़क का आतंक भी साथ साथ था । तेज चकाचैंध रौशनी के साथ आसमानी बिजली की लगातार भीषण गर्जना किसी दहशत से कम नहीं था । कई बार ऐसा प्रतीत हुआ कि बिजली कही आसपास गिरी ,पर अहले सुबह किसी अप्रत्याशित घटना की सूचना नहीं थी। मालूम रहे कि बिता आषाढ़ माह बिलकुल सूखा गुजर चुका है । जिस आषाढ़ माह को प्राकृतिक एंव पारंपरिक रूप रिमझीम बरसा का मौसम जाना जाता था । उसी आषाढ़ माह में किसान एक बूंद पानी के लिये तरस गए । चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी के कारण खेत- खलिहान सब प्यासे थे । निजी संसाधनों से भी धान की खेती सम्भव नहीं थी ।तापमान में बढ़ोतरी से ऐसे खेतों में नहरों अथवा निजी संसाधनों द्वारा सिंचाई के अल्प समय गुजरे ,दरारे उभर आती थीं। इसतरह ईलाके में धान की खेती लगातार पिछड़ती गई है।

# 'हर घर तिरंगा अभियान' में पूमरे के 79,650 अधिकारी-कर्मी होंगे शामिल

हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

● अपने-अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर तिरंगा का करेंगे सम्मान

आजादी का अमृत महोत्सव जश्न मनाने एवं राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पूर्व मध्य रेल मुख्यालय के साथ सोनपुर, समस्तीपुर, दानापुर, धनबाद, पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल सहित अन्य रेल कार्यालयों में कार्यरत 79,650 अधिकारी एवं कर्मचारी तथा उनके स्वजन अपने-अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर तिरंगे का सम्मान करेंगे। यह अभियान राष्ट्रीय ध्वज के साथ हमारे जुड़ाव को और मजबूती देगा। हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य लोगों के मन में देशभक्ति की भावना जगाना और जन-भागीदारी की भावना के साथ आजादी का अमृत महोत्सव मनाना है। मालूम हो कि 15 अगस्त को पूरा देश आजादी की 75 वीं वर्षगांठ मनाएगा। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए अमर शहीदों के बलिदान के सम्मान में हर घर पर तिरंगा फहराने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में स्वतंत्रता दिवस के 75 वीं वर्षगांठ के मौके पर पूर्व मध्य रेल के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने घरों पर तिरंगा फहराएंगे। ध्वजारोहण के साथ-साथ इस अभियान में भाग लेने के वर्चुअल तरीके भी हैं। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय ने एक वेबसाइटhttps://harghartiranga.com/लांच किया है, जहां कोई भी व्यक्ति ध्वज पिन कर सकता है और अपनी देशभक्ति को प्रदर्शित करने के लिए ध्वज के साथ सेल्फी भी पोस्ट कर सकता है ।पूर्व मध्य रेल के हर घर तिरंगा योजना में रेल कर्मियों, उनके स्वजनों एवं आमजनों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। स्टेशनों पर उद्घोषणा के माध्यम से हर घर तिरंगा योजना से लोगों को अवगत कराया जा रहा है। पूर्व मध्य रेल डिजिटल स्क्रीन, पोस्टर आदि के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रहा है ।

# कुदरा थाना प्रशासन को मिली बड़ी सफलता



कैमूर, प्रात : किरण संवाददाता

जिला के कुदरा थाना प्रशासन को मिली बहुत ही बड़ी सफलता। थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे दो से शुक्रवार सुबह कुदरा थाना प्रशासन द्वारा छापेमारी कर दस चक्का ट्रक सहित, भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया।

थानाध्यक्ष सचिन कुमार से मिली जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष द्वारा एस आई अक्षय कुमार ए एस आई सत्यनारायण उरांव व अन्य प्रशासनिक कर्मियों के दल बल के साथ, जब सूचना की पुष्टि करने हेतु, नेशनल हाईवे दो पर कुदरा थाना से थोड़ी दूरी पर जांच अभियान लगाया गया। जांच के क्रम में जब गाड़ी नंबर डब्ल्यू बी91- 7519 दस चक्का ट्रक की जांच किया गया, तो भारी मात्रा में कार्टून में पैक अंग्रेजी शराब इम्प्रोसेस ब्लू, कैप्टन ब्लू, ब्लू स्ट्रोक प्राप्त किया गया। गाड़ी सहित तीनों तस्करों को गिरफ्तार कर थाने लाया गया।

शराब की मात्रा लगभग छःहजार लीटर हैं। पकड़े गए तस्कर मनजीत कुमार उम्र 31 वर्ष पिता धनीराम वर्मा, ज्ञान प्रकाश यादव उम्र 28 वर्ष पिता राजमेर यादव,अरविंद वर्मा उम्र 20 वर्ष पिता धनीराम वर्मा सभी ग्राम-फखरपुर ,पोस्ट-काकोली, थाना-तारूण अयोध्या उत्तर प्रदेश के निवासी बताए जा रहे हैं।

## लालगंज में छात्र रालोजपा के प्रखंड अध्यक्ष बने राज बब्बर

**हाजीपुर।** वैशाली जिला अंतर्गत लालगंज में शुक्रवार को छात्र रालोजपा से जुड़े कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें संगठन की मजबूती पर विचार के साथ कमेटी का विस्तार भी किया गया। बैठक में पार्टी की मजबूती को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता युवा रालोजपा के लालगंज प्रखंड अध्यक्ष नागेंद्र पासवान एवं संचालन छात्र रालोजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार पासवान ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि छात्र रालोजपा के जिला अध्यक्ष प्रकाश कुमार चंदन ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ होते है। उन्होंने कार्यकताओं को पूरी मजबूती के साथ पार्टी हित में कार्य करने को कहा। इस मौके पर कमेटी विस्तार करते हुए लालगंज में संगठन का प्रखंड अध्यक्ष पद पर प्रखंड के भटौली भगवान निवासी राज बब्बर कुमार को मनोनीत किया गया। बैठक में कार्यकताओं ने रालोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस के हाथ को मजबूत करने के लिए केंद्र की नीति और उनके कार्यों को जन जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया।

# पंचायत स्तरीय जेंडर फोरम का हुआ गठन

बोचहां, प्रात :किरण संवाददाता

प्रखंड के, नरमा गांव में पंचायत एवं जीविका के सहयोग से पंचायत स्तरीय जेंडर फोरम के गठन के लिए एक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया राज लक्ष्मी शर्मा ने की, तथा सभा में पंचायत के सामाजिक न्याय समिति के सदस्यगण, वार्ड सदस्या, पंचायत सचिव, आईसीडीएस पर्यवेक्षिका, रा० उ० मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक, रा० रामप्यारी उच्च विद्यालय के दो छात्र, आशा, एवं ग्राम संगठन- जीविका नरमा के सामाजिक पहल समिति की सदस्यागण के साथ जीविका एवं सी-3 के कर्मियों ने भाग लिया। उ3 जिला परियोजना अधिकारी आकृति सिंह ने कहा कि लिंग भेद मिटाने के लिए बेटा बेटी में अंतर को मिटाना होगा तथा महिलाओं की समाजिक स्थिति में सुधार लाकर ही लिंग भेद समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने कई उदाहरणों से समझाया कैसे सामाजिक मानसिकता के कारण महिलाओं की सामाजिक स्थिति प्रभावित होती है, जिसे हम सभी के प्रयास से बेहतर किया जा सकता हैं। मुखिया ने जीविका के साथ मिलकर सामाजिक मुद्दों के ऊपर कार्य करने के ऊपर जोड़ दिया ताकि गांव का संपूर्ण विकास हो सके। पंचायत सचिव महेंद्र कुमार ने महिला सशक्तीकरण की ओर पंचायत की जिम्मेदारियों पर जोड़ देते हुए बताया कि हाल ही में सरकार ने गांव में होने वाले बाल विवाह को रोकने की पूरी जिम्मेदारी भी पंचायत प्रतिनिधियों को दिया हैं। नरमा मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री भोला प्रसाद साही ने लिंग भेद से जुड़े इतिहास को बताते हुए लैंगिक समानता की अनिवार्यता को बताया, जिसके लिए केंद्र व बिहार सरकार व अन्य संस्थाएं प्रयास कर रही है। उन्होंने इसके लिए सबको घर से ही प्रयास करने की अपील की। नरमा उच्च विद्यालय के छात्रों काजल कुमारी एवं ऋषिकेश कुमार ने महिला सशक्तिकरण की महत्ता को बताते हुए जोर दिया कि सभी को लैंगिक असमानता को मिटाने का प्रयास करना चाहिए।

# गयाजी अन्नपूर्णा रसोई का डीएम करेंगे उद्घाटन आज, तैयारी पूरी

गया, प्रात : किरण संवाददाता



गयाजी विकास समिति की पहल पर गयाजी अन्नपूर्णा रसोई का उद्धघाटन शनिवार को जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम व स्वामी वेंकटेश प्रपन्नाचार्य के द्वारा किया जाएगा। अब रोजना शहर में मात्र दस रुपये भरपेट खाना मिलेगा। शहर के नई गोदाम आनंदी मांई मंदिर के निकट व्यवस्था की गई है।इसकी तैयारी को लेकर समिति के सदस्यों ने आनन्दी माई स्थित निजी भवन में बैठक कर पूरी तैयारी की रूपरेखा तैयार की।

समिति के अध्यक्ष शिव कैलाश डालमिया व डिप्टी मेयर ने संयुक्त रूप से बताया कि शनिवार को सुबह 10 बजे जिलाधिकारी व स्वामी वेंकटेश प्रपन्नाचार्य के द्वारा उद्धघाटन होगा। जिसके बाद से गयाजी अन्नपूर्णा रसोई में दस रुपये में 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक भरपेट खाना मिलेगा। खाना के लिए लोगों को पहले दस रुपये का कूपन लेना होगा। कूपन के बाद ही खाना मिलेगा। खाना में चार रोटी, चावल, दाल, अचार एवं एक सब्जी रहेगा। वहीं साधु-संतो से खाना का पैसा नहीं लिया जाएगा। उन्हें निःशुल्क खाना खिलाया जाएगा। भोजनालय में सिर्फ एक समय दिन में खाना मिलेगा। भोजनालय में सभी काम मशीन से होगा। जिसके लिए कई तरह के मशीन मंगाया गया है। रोटी बनाने से लेकर आलू उवालने के लिए मशीन आया है। साथ ही चावल बनाने के लिए मशीन भी आया है। मशीन से एक घंटा में एक हजार रोटी बनकर तैयार हो जाएगा। वहीं आटा गुथने का काम मशीन ही करेगा। इस मौके पर समिति के समिति के संरक्षक सच्चिदानंद प्रेमी, उपाध्यक्ष अनिल स्वामी, अनंत दिश अमन, प्राण मित्तल, राजन सिजुआर, डॉ. वीरेंद्र कुमार, संजय श्रीवास्तव, ओम प्रकाश सिंह, विनोद जसपुरिया, अनन्त धीश अमन, अंकुश बग्गा, बिपिन कुमार सिन्हा, राजेश झुनझुनवाला, सौरव मूर्ति, सहित अन्य मौजूद थे।

● प्रत्येक दिन दस रुपये में मिलेगा पेट भर खाना

## नुक्कड़ नाटक के द्वारा दी गई पीएम आत्मनिर्भर योजना कि जानकारी



**गया ।** नगर निगम अंतर्गत अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत गया के शहरी क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या -22 में टावर चौक के पास नाटक नुक्कड़ के माध्यम से शहरी फुटपाथ वेंडर के हित में प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर योजना पीएम-सवनीधी योजना के बारे में स्थानीय फुटपाथ वेंडर को जागरूक किया गया प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर योजना से मिलने वाली सरकारी लाभ एवं सुविधाओं को विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही 10000 के बाद 20,000 और उसके बाद 50000 लोन लेने की प्रक्रिया को विस्तृत जानकारी नाटक के माध्यम से भी बताया गया है।

# पालीगंज के खिरिमोड में 30 घंटे से बिजली आपूर्ति ठप

पालीगंज, प्रात : किरण संवाददाता

पालीगंज खिरिमोड थाना क्षेत्र में 30 घण्टे से बिजली आपूर्ति ठप होने से पूरा इलाका अंधकार में है। वही नलजल योजना से लेकर पम्प सेटों को बन्द होने से पेयजल के लिए हाहाकार मची हुई है। जानकारी के अनुसार खिरिमोड थाना क्षेत्र में गुरुवार की दोपहर हल्की वर्षा हुई। जिसके दौरान पूरे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित हो गयी। तब से अब तक 30 घण्टे बीत जाने के बावजूद बिजली पूरे इलाके में नही आई। f

जसके कारण नल जल से लेकर निजी पम्प सेट भी चालू नही हो सका। जिससे पूरे इलाके के लोगो के बीच पेयजल के लिए भी हाहाकार मची हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग की लापरवाही के कारण लोगो को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इलाके में कम वर्षा होने के कारण अधिकाँश हैंडपम्प बन्द है। नल जल योजना कुछ जगहों पर चालू था तो बिजली के अभाव में 30 घण्टे से पेयजल की आपूर्ति बाधित है। साथ ही लोगो को प्रकाश की जगह अंधकारमय जीवन बिताना पड़ रहा है। जानकारी के लिए सम्बन्धित पदाधिकारी को फोन किये जाने पर उनका फोन बंद बताता है। पहले बिजली नही थी तो कम से कम किरोसिन तेल मिल जाय करती थी। जिससे उजाला अपने हाथ मे होती थी।

लेकिन अब बिजली के चक्कर मे किरोसिन भी जन बितरणी प्रणाली की दुकानों से नही मिल पा रही है। अब बिजली के भरोसे अंधकार में ही समय बिताना पड़ रहा है। इस सम्बंध में जानकारी के लिए फोन किये जाने पर बिजली विभाग के पालीगंज एसडीओ का फोन ब्यस्त बताया। जबकि जेई का फोन बंद बताया।

# बिहार के 207 व झारखंड के 1615 गांवों में बहाल होगी 4जी सेवा

हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

● परियोजना में केंद्र सरकार से 26,316 करोड़ रुपये की मंजूरी

केंद्र सरकार देश के विभिन्न राज्यों के गांवों में 4जी मोबाइल सेवा बहाल करने के लिए 26,316 करोड़ रुपए की लागत वाली एक परियोजना को मंजूरी प्रदान की है। इस परियोजना के तहत दूरदराज और दुर्गम क्षेत्रों में अवस्थित देश के 24,680 वंचित गांवों में 4जी मोबाइल सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इनमें बिहार राज्य के 14 जिलों के 207 गांव तथा झारखंड राज्य के 23 जिलों के 1615 गांव शामिल है।

सूत्रों के अनुसार केंद्र सरकार की परियोजना के तहत बिहार के औरंगाबाद (01 गांव), बांका (04 गांव), बेगूसराय (02 गांव), गया (12 गांव), जमुई (13 गांव), कैमूर (भभुआ) (125 गांव), लखीसराय (01 गांव), मुंगेर (04 गांव), नवादा (11 गांव), पूर्वी चंपारण (03 गांव), पश्चिम चंपारण (05 गांव), पटना (11 गांव), रोहतास (14 गांव) एवं सीतामढ़ी (01 गांव) सहित 14 जिलों के 207 गांवों में 4जी सर्विस की सुविधा बहाल की जाएगी। इसी तरह झारखंड के बोकारो (27 गांव), चतरा (161 गांव), देवघर (33 गांव), धनबाद (01 गांव), दुमका (117 गांव), गढ़वा (28 गांव), गिरीडीह (05 गांव), गोड्डा (32 गांव), गुमला (91 गांव), हजारीबाग (30 गांव), जामताड़ा (01 गांव), खूंटी (88 गांव), कोडरमा (30 गांव), लातेहार (81 गांव), लोहरदग्गा (28 गांव), पाकुड़ (06 गांव), पलामू (136 गांव), पश्चिम सिंहभूम (177 गांव), पूर्वी सिंहभूम (279 गांव), रामगढ़ (18 गांव), रांची (06 गांव), साहिबगंज (96 गांव), सरायकेला-खरसांवा (35 गांव) और सिमडेगा (109 गांव) सहित 23 जिला के 1615 गांवों में 4जी सर्विस की सुविधा बहाल होगी।

सूत्रों ने बताया कि यह परियोजना ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के सरकार के विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस परियोजना से मोबाइल ब्राडबैंड के माध्यम से विभिन्न ई-गवर्नेंस सेवाएं, बैंकिंग सेवाएं, टेली-मेडिसिन, टेली-एजुकेशन आदि सुलभ कराने को बढ़ावा मिलेगा और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन होगा।

# नगर के सफाई कर्मी के पक्ष में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा

कैमूर, प्रात : किरण संवाददाता



नगर परिषद के सैकड़ों सफाई कर्मियों द्वारा मानदेय में बढ़ोतरी को लेकर हड़ताल पर जाने से शहर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। एक तरफ महंगाई की मार दूसरी तरफ नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी के प्रताड़ना से प्रताड़ित कर्मियों के कारण नगर में साफ सफाई नहीं होने के कारण दिन प्रतिदिन गंदगी का अंबार बढ़ते जा रहा है।

नगर के सफाई कर्मी एक तरफ देश के लोग कोरोनावायरस के कहर सेअपने घरों में कैद थे। दूसरी तरफ अपनी जान को जोखिम में डालकर शहर को साफ सफाई में दिन रात लगे रहे। नगर के सफाई कर्मी का मांग है कि 21 सौ रुपए महंगाई दर पर बढ़ोतरी किया जाए। नगर के निवर्तमान सभापति जैनेंद्र कुमार के नेतृत्व में नगर परिषद के सभी वार्ड सदस्यों ने एकमत होकर 21 सौ रुपए बढ़ाने का प्रस्ताव पारित किया था। लेकिन नगर के कार्यपालक पदाधिकारी अपने हट्र्स एवं ज़िद के आड़ में मनमानी करने पर उतारू रह गए। लेकिन नगर के सफाई कर्मियों पर विशेष ध्यान नहीं दिया गया कारण की जाड़ा गर्मी बरसात एवं कोरोनावायरस के महामारी में भी सफाई कर्मी पीछे नहीं हटे। नगर के निवर्तमान सभापति जैनेंद्र कुमार आर्य उर्फ जॉनी ने शुक्रवार को कैमूर जिला अधिकारी नवदीप शुक्ला से मिलकर सभी बिंदुओं पर अवगत कराया एवं सफाई कर्मियों को बे बुनियादी हड़ताल को समाप्त कर 21 सौ रुपए महावर के रूप में बढ़ोतरी का मांग किया है।

# मंगलपुर में कुओं को मिला जीवन, दे रही हरियाली का संदेश

शेख लड्डू




**रामगढ़वा।** जल जीवन हरियाली अभियान का असर रामगढ़वा की मंगलपुर पटनी पंचायत में साफ दिख रहा है। इस अभियान से यहां के कुएं चमकने लगे हैं। मृतप्राय हो चले कुॅओं का लुक अब पुरी तरह से बदल चुका है। कुओं के बदले आकर्षक रूप को देखकर ऐसा लगता है, मानों वह बोल पड़ेंगे। इन कुॅओं के पानी का उपयोग अब ग्रामीण स्नान व कपड़ा आदि धोने में करने लगे हैं।

पंचायत के मुखिया अशोक कुमार कहते हैं कि पंचायत में कुल 10 कुएं हैं। सभी को पुनर्जीवित करना है। उन्होंने बताया कि यह कुॅएं वर्षो से उपेक्षित पड़े थे। गंदगी के चलते इनके जल का उपयोग करने से हर कोई बचता था। उन्होंने बताया कि इससे पहले की पंचायत सरकार द्वारा कुएं के सौंदर्यीकरण के लिए प्राक्कलन बना था, परंतु काम नहीं हुआ, लेकिन अब इन कुओं की साफ -सफाई कराकर निर्माण करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि पंचायत के एक स्कूल के समीप एक कुएं का सौंदर्यीकरण कराया गया है।

इसके जल का उपयोग लोग व बच्चे पानी पीने व नहाने व कपड़ा धोने के लिए भी करने लगे हैं। उन्होंने बताया कि पंचायत में कुॅओं की संख्या 10 के करीब है, इनमें से चार का जीर्णोद्धार हो चुका है। शेष कुॅओं का भी जीर्णोद्धार होगा। लोगों को आकर्षित कर रही है, कुएं की रंगीन व आकर्षक दीवारें यहां आने जाने वाले लोगों को अपनी तरफ आकर्षित कर रही है। कुएं की दीवारों पर पर्यावरण संरक्षण से जुड़े स्लोगन लिखे हुए हैं, जो लोगों का ध्यान अपनी तरफ बरबस खींच रहे हैं। जिसकी भी नजर इन कुआं की आकर्षक दीवारों पर पड़ती है, वह वहीं रूक कर उन्हें एकटक निहारने लगता है और इस काम की सराहना कर रहा है। मुखिया अशोक कुमार कहते हैं कि सभी कुओं पर पर्यावरण रक्षा और बेटी पढ़ाओं-बेटी बचाओं के आर्षक स्लोगन लिखकर लोगों को पर्यावरण और शिक्षा के प्रति जागरूक करने का छोटा सा प्रयास किया गया है।

● एक मुखिया जो बदल रहे गांव की तस्वीर और तकदीर

### कहते है मनरेगा पीओ

इस संबंध में अमृतेश कुमार, पीओ मनरेगा, रामगढ़वा ने कहा कि जलजीवन हरियाली व पर्यावरण बचाने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही कार्यक्रमो में कुओ के संरक्षित किया जा रहा है, जो काफी अच्छा है। साथ ही इन कुओ पर पर्यावरण से सम्बंधित स्लोगन भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

## जेई मनीष भारद्वाज की अचानक मौत

**हाजीपुर।** राघोपुर प्रखण्ड कार्यालय में नियुक्त जेई मनीष भारद्वाज की अचानक हाजीपुर स्थित घर पर अचानक मौत हो गई। जिसकी सूचना मिलने के बाद प्रखण्ड कार्यालय परिसर में मातम पसर गया एव कार्यालय कर्मी खबर सुन स्तब्ध रह गए। जेई मनीष भारद्वाज की मौत की खबर सुन बीडीओ ललन चौधरी , कार्यालय के कर्मियों एव प्रखण्ड कार्यालय में आये आम पब्लिको ने दो मिनट का मौन धारण कर मृतात्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्राथना की। जेई मनीष भारद्वाज के बारे में बीडीओ ललन चौधरी ने बताया कि वह काफी टैलेंडट एवं मिलनसार प्रवृति का था। उसके अचानक मौत से स्तब्ध हुॅ। वहीं जेई मनीष के साथी राहुल कुमार ने बताया कि वह मधुर स्वभाव का व्यक्ति था ।उसने बताया कि कार्यालय से जुड़े काम हो या निजी काम , हर समय हेल्प के लिये तत्पर रहता था। इस दौरान बड़ा बाबू पंकज कुमार , सीओ सचिंदर कुमार , जेई राहुल कुमार ,प्रखण्ड नाजिर गणेश कुमार , प्रभात कुमार , शिक्षक विजय कुमार , आदित्य कुमार , रौशन कुमार, तन्नू कुमार ,गुड्डू कुमार सहित दर्जनों प्रखण्ड एव अंचल कर्मी मौजूद थे।

# दस माह बीतने के बाद भी बलात्कार का आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर

हाजीपुर राघोपुर संवाददाता



जुरावनपुर थाना क्षेत्र के चकसिंगार पंचायत में मानवता को शर्मसार करते हुए एक 30 वर्षीय युवक ने 8 वर्षीय लड़की के साथ बलात्कार किया था और मौके से फरार हो गया । इस संबंध में पीड़िता की मां ने महिला थाना हाजीपुर में एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पीड़िता की मां चकसिंगार पंचायत निवासी चंपा देवी पति कारू महतो ने बताया कि 19 अक्टूबर 2021 को दोपहर के समय लगभग 3 बजे दिन में मैं अपने घर में सोई हुई थी और मेरी बेटी 8 वर्षीय रिंका कुमारी दरवाजे पर खेल रही थी।

तभी अचानक चकसिंगार निवासी मुन्ना महतो पिता राजगीर महतो मेरे दरवाजे पर आया और मेरी बेटी को बहला फुसलाकर अपने घर ले गया और उसे डरा धमका कर उसके साथ बलात्कार किया। कुछ समय के बाद जब मेरी बेटी घर आई तो काफी डरी सहमी हुई थी तथा उसके कपड़े पर मिट्टी लगी हुई थी और उसके पैंटी से खून बह रहा था। पूछने पर मेरी बेटी ने बताया कि जब मैं अपने दरवाजे पर खेल रही थी तभी मुझे फुसलाकर अपने घर ले गया और मेरे साथ बलात्कार किया।

शोर मचाने पर मुन्ना महतो ने मेरे मुंह में कपड़ा बांध दिया था ताकि आवाज बाहर नहीं निकले। जब मैंने मुन्ना महईतों से कहा कि मैं अपने मां को सारी बात बताऊंगी तो उसने मुझे धमकी दिया की अगर इस घटना के बारे में किसी से कुछ कहा तो तुम्हारे पूरे परिवार की हत्या कर दूंगी। इस संबंध में महिला थाना हाजीपुर में मुन्ना महतो के खिलाफ एक नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई। घटना के 4 माह बाद मुन्ना महतो के घर की कुर्की जब्ती भी की गई।

लेकिन लगभग 10 माह बीत जाने के बाद भी मुन्ना महतो पुलिस गिरफ्त से बाहर है। पुलिस मुन्ना महतो के गिरफ्तारी के लिए सघन अभियान चला रही है। लेकिन मुन्ना महतो पुलिस के हाथ नहीं लग रहा है। वहीं मुन्ना महतो के परिवार के लोग पीड़ित परिवार को केश उठाने की धमकी देते है और कहते हैं कि केश उठा लो नहीं तो पुरे परिवार की हत्या कर देंगे।

**धमकी**

● बलात्कारी एवं उसके परिवार पीड़ित परिवार को जानमारने की दे रहे धमकी

## संक्षिप्त खबरें

### राम नगर शाहदरा की कीर्ति चौहान ने मेक्सिको में जीता गोल्ड

नई दिल्ली। राम नगर वेलफेयर एवं सांस्कृतिक समिति (आरडब्ल्यूए) ने क्षेत्र की होनहार प्रतिभावान कुमारी कीर्ति चौहान द्वारा मेक्सिको में हुई खेल प्रतियोगिता (लम्बी कूद) में गोल्ड मेडल जीतने पर आर डब्ल्यू ए ने सम्मान समारोह का आयोजन किया जिसमें क्षेत्र के लोगों ने पहुँचकर कुमारी कीर्ति चौहान को शुभकामनाएं दी व अपना आशीर्वाद दिया और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर आर डब्ल्यू ए के संस्थापक/अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा हमारे क्षेत्र को ही नहीं पूरे देश को कीर्ति चौहान पर गर्व है उन्होंने बताया दिव्यांग होने के बावजूद उन्होंने देश में ही नहीं विदेश में जाकर गोल्ड मेडल जीतकर यह साबित कर दिया कि इरादें मजबूत होने पर दिव्यांगता को अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया ऐसी होनहार प्रतिभावान खिलाडी के सम्मान में आर डब्ल्यू ए के समस्त पदाधिकारियों ने खडे होकर उनका तालियां बजाकर स्वागत किया आर डब्ल्यू ए के संस्थापक/अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा आज की युवा पीढ़ी को कीर्ति चौहान से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर आर डब्ल्यू ए के चैयरमेन रवि पंडित, महासचिव देवेंद्र पाल शर्मा व कानूनी सलाहकार सुभाष सभरवाल, कोषाध्यक्ष निशु डावर, डॉ.प्रवीण गर्ग ने अपना आशीर्वाद दिया व कीर्ति के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### ईएमईआई नंबर बदलकर फोन बेचने वाला गैंग पकड़ा

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी जिले की वेलकम थाना पुलिस ने चोरी और झपटमारी के बाद मोबाइल फोन के ईएमईआई नंबर को बदलकर उसे बेचने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी 24 वर्षीय समीर और 21 वर्षीय अजीम से 66 मोबाइल फोन, एक बाइक, एक लैपटॉप, एलसीडी, चार्जर समेत अन्य सामान बरामद किया गया है। गिरोह का सरगना राजा उर्फ अर्जुन उर्फ बिट्टू है। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी से 17 मामले सुलझाने का दावा किया है। गिरोह के अन्य बदमाशों की तलाश जारी है। डीसीपी संजय कुमार सैन ने बताया कि 22 जुलाई को वेलकम थाने में मोबाइल चोरी की एक शिकायत मिली थी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज से दो आरोपियों की पहचान हुई। पुलिस को दोनों आरोपियों के जाफराबाद मेट्रो स्टेशन के पास आने की सूचना मिली। पुलिस की टीम ने उन्हें धर दबोचा। आरोपियों की बाइक भी चोरी की निकली। पुलिस ने आरोपी समीर और अजीम से चोरी, झपटमारी व लूट के 66 मोबाइल फोन समेत अन्य सामान बरामद किया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि गिरोह दिल्ली-एनसीआर में मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम देता है। गिरफ्तार समीर और अजीम एक अन्य आरोपी राजा के साथ मिलकर काम करते हैं। राजा ने उन्हें लैपटॉप की मदद से सॉफ्टवेयर के जरिए मोबाइल का लॉक खोलने, आईएमईआई नंबर बदलने का तरीका सिखाया था। वे मोबाइल फोन के आईएमईआई नंबर के साथ उसका कवर बदल भी बदल देते थे, फिर करोलबाग और चांदनी चौक में सिकंदर को बेच देते थे।

### बैग नहीं देने पर कार चालक पर चाकू से कई वार किए

नई दिल्ली। अशोक विहार में बदमाशों ने बैग नहीं देने पर व्यवसायी के कार चालक को चाकू से गोद दिया। चालक के गंभीर रूप से घायल होने पर बदमाश बैग और मोबाइल लूटकर फरार हो गए। पुलिस एफआईआर दर्ज कर बदमाशों की तलाश में जुटी है। जानकारी के अनुसार, पीड़ित 43 वर्षीय सरदार सिंह शक्ति नगर में रहता है और व्यवसायी मनीष जैन की कार चलाता है। मनीष जैन गुरुवार को वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित फैक्ट्री में थे। बाहर कार में बैठकर चालक उनका इंतजार कर रहा था। इसी दौरान चार युवक आए और चालक से बैग छीनने लगे। चालक ने विरोध किया तो एक युवक ने ताबड़तोड़ चाकू से दर्जनभर वार कर दिए। इसके बाद आरोपी बैग और फोन छीनकर फरार हो गए। बैग में क्या था, इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को दीपचंद बंधु अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत स्थिर है। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए इंस्पेक्टर अमित तिवारी, इंस्पेक्टर आनंद सिंह और इंस्पेक्टर मंजीत की टीम गठित की है।

# आजादी अमृत महोत्सव : शाहदरा दक्षिणी क्षेत्र ने निकली रैली

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली नगर निगम, शाहदरा (दक्षिणी) क्षेत्र, ने आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में अमृत महोत्सव बड़े ही अनूठे तरीके से मनाया। इस मौके पर शाहदरा दक्षिणी क्षेत्र के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने अक्षरधाम मंदिर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 9 पर कॉमन वेल्थ विलेज से अक्षरधाम सेतु तक एक रैली निकाली। इस रैली में निगम कर्मचारियों द्वारा दिल्ली नगर निगम द्वारा प्रदत्त नागरिक सेवाओं के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए 75 बैनरो को हाथ में लिए मानव चैन बनाई। शाहदरा दक्षिणी क्षेत्र की उपायुक्त, सुश्री वंदना राव ने रैली की अगुआई। इस मौके पर वरिष्ठ अधिकारी सहित काफी संख्या में निगम कर्मचारी भी इस रैली में मौजूद थे। इस मौके पर उपायुक्त शाहदरा दक्षिणी क्षेत्र ने स्थानीय लोगों से अपील की वे अधिक से अधिक मात्रा मे वृक्षारोपण करें और क्षेत्र को हरा-भरा रखने में अपना सहयोग दें। साथ ही उन्होंने गीले व सूखे कूड़े को भी अलग-अलग पृथकीकृत करने की बात कही।

उन्होने मानसून सीजन मे मच्छरों की उत्पत्ति रोकने के लिए लोगों से सहयोग की अपील की और कहा कि घरों की छत पर रखे टूटे-फूटे बर्तन, टायर व गमलो मे पानी इकट्ठा न होने न दें और घर में और आस पास मच्छरों की उत्पत्ति ने होने दें। इस मौके पर डेंगू की रोकथाम के अलावा स्वास्थ्य व्यापार लाइसेंस की सरल प्रक्रिया, सामान्य व्यापार लाइसेंस, ठोस कूड़ा प्रबंधन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं जनता की सुविधा के लिए निगम द्वारा प्रदान की जाने वाली सभी ऑनलाइन सेवाओं आदि के बारे में जानकारी देने वाले बैनरों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

# चाइनीज मांझा नहीं बिकता के लगे हैं बोर्ड, मगर कोड वर्ड में सब उपलब्ध, दो गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली में हर साल जुलाई-अगस्त के महीने में चाइनीज मांझे से कई हादसे होते हैं। वो अपने आप में इतिहास में दर्ज हो जाते हैं। 15 अगस्त बीतते-बीतते तो ऐसे हादसों की संख्या काफी लंबी हो जाती है मगर उसके बाद भी इन पर अंकुश नहीं लगता है। पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहता है मगर उसके बाद भी हादसे होते हैं और कुछ लोगों की जानें भी जाती हैं। राजधानी में चाइनीज मांझे से अब तक एक कारोबारी की मौत हो चुकी है। पुलिस की कार्रवाई जारी है मगर मांझे के बिकने का सिलसिला भी जारी है। इन्हीं बाजारों में इन्हें कोड वर्ड में बेचा जा रहा है और मांगने पर ये आसानी से उपलब्ध भी हैं। पुरानी दिल्ली में पतंगों के लिए मशहूर लाल कुआं बाजार में जहां बीते दिनों चोरी-छिपे चाइनीज मांझा बिक रहा था, वहां की तस्वीर अब बदली नजर आ रही है। यहां मेन रोड के कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर 'यहां चाइनीज मांझा नहीं बिकता' और 'इसे बेचना व खरीदना गैर कानूनी है' के पोस्टर चस्पा किए हुए हैं। कई दुकानों में चाइनीज मांझे को लेकर दैनिक जागरण की खबर को चस्पा किया हुआ दिखा। इसके बावजूद यहां से यह प्रतिबंधित मांझा बिकना बंद नहीं हुआ है। बृहस्पतिवार को छापेमारी में दिल्ली पुलिस ने एक दुकानदार को चाइनीज मांझा बेचते पकड़ा। बीते दिनों चाइनीज मांझे से गला कटने से मोटरसाइकिल चालक कारोबारी की मृत्यु हो गई थी। इसको लेकर पुलिस की सख्ती बढ़ गई है।

अधिकांश दुकानदारों में सतर्कता भी देखी जा रही है। बाजार संगठन की ओर से दुकानदारों के साथ खरीदारों को भी इसके प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके चलते तस्वीर थोड़ी बदली हुई है। अधिकतर दुकानों पर साधारण डोर बिकती नजर आई। जहां पहले मांझे की बड़ी-बड़ी चरखरी बाहर लटकी रहती थी, उसकी जगह साधारण डोर ने ले ली है। यहां राजस्थान और उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों से पतंग और मांझे का कारोबार करने आते हैं, लेकिन चोरी छिपे अब भी चाइनीज मांझों का बिकना जारी है।

हथकरघा लघु पतंग उद्योग समिति के अध्यक्ष सचिन गुप्ता ने कहा कि यह कई वर्ष पुराना बाजार है। कुछ दुकानदारों के लालच से पूरे बाजार की छवि खराब हो रही है। दुकानदार बबलू ने कहा कि जागरूकता के लिए दुकानों में पोस्टर लगा दिए गए हैं। पुलिस की धरपकड़ तेज पुलिस की ओर से भी लाल कुआं बाजार में पतंग की दुकानों का निरीक्षण किया जा रहा है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जांच करने में एक व्यक्ति की दुकान में यह मांझा पाया गया है। उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू हो गई है। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर सख्ती से निपटा जा रहा है।

# दिल्ली में शिक्षक ने छात्र को जमकर पीटा, तोड़ डाला उसका हाथ

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



देश की राजधानी दिल्ली के स्कूल टीचर की हैरान करने वाली करतूत सामने आई है। एक स्कूल टीचर ने विद्यार्थी की इस कदर पिटाई की कि उसका हाथ ही तोड़ डाला। पूरा मामला 28 जुलाई का है। दिल्ली पुलिस ने विद्यार्थी की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है, लेकिन अब तक शिक्षक के खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। यहां पर बता दें कि यह पूरी घटना एक सरकारी स्कूल की है। विहार इलाके में शिक्षक की पिटाई से विद्यार्थी का हाथ टूट गया। विद्यार्थी की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है, लेकिन अब तक गिरफ्तारी नहीं की है। बताया जा रहा है कि पीड़ित विद्यार्थी का परिवार मधु विहार थाना क्षेत्र में रहता है। 10वीं में पढ़ता है पीड़ित छात्र पीड़ित छात्र पूर्वी दिल्ली स्थित राजकीय सर्वोदय विद्यालय में दसवीं कक्षा में पढ़ाई करता है। छात्र के अनुसार तबीयत खराब होने की वजह से वह गणित का टेस्ट नहीं दे पाया था। यह टेस्ट 27 जुलाई को स्कूल में हुआ था। टेस्ट नहीं दे पाने की वजह से उसके शून्य नंबर आ घायल हालत में छात्र को भेजा घर शिक्षक छात्र के परीक्षा में शामिल नहीं होने से नाराज था। वहीं, इससे नाराज होकर गणित के शिक्षक ने डंडे से छात्र की बुरी तरह से पिटाई कर दी। इस पिटाई से छात्र के बाएं हाथ की हड्डी टूट गई। हद तो तब हो गई जब घायल हालत में गी छात्र को स्कूल से घर भेज दिया। हैरत की बात यह है कि शिक्षक को यह पता था कि छात्र का पिटाई से हाथ टूट गया है, लेकिन उसने मानवता का परिचय तक नहीं दिया। कायदे से शिक्षक को पीड़ित छात्र के इलाज के लिए कोशिश करनी चाहिए थी, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। आरोपित शिक्षक घर चल गया वहीं, पीड़ित छात्र हाथ टूटने के बाद घर पहुंचा और पूरी घटना के बारे में परिवार को बताया।

# सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर अब 20 अगस्त को होगी सुनवाई

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर अब 20 अगस्त को सुनवाई होगी। शुक्रवार को दोपहर 2:00 बजे कोर्ट ने उनकी सुनवाई की तिथि को आगे बढ़ा दिया है। इससे पहले राउज एवेन्यू कोर्ट ने सत्येंद्र जैन के खिलाफ प्रोडक्शन वारंट जारी किया है। पहले जारी किए गए प्रोडक्शन वारंट के जवाब में तिहाड़ जेल प्रशासन ने जैन के अस्पताल में भर्ती होने का हवाला देते हुए कोर्ट में पेश नहीं किया था। दिल्ली हाई कोर्ट ने सत्र अदालत को निर्देश दिया कि सत्येंद्र जैन को अंतरिम जमानत देने के मामले में एलएनजेपी अस्पताल की मेडिकल रिपोर्ट पर विचार न किया जाए। दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन को मनी लांड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार किया था। सत्येंद्र जैन न्यायिक हिरासत में हैं और फिलहाल अस्पताल में भर्ती हैं। ईडी ने अस्पताल बदलने को लेकर हाई कोर्ट ) में आवेदन किया था। न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने ईडी की याचिका पर सत्येंद्र जैन से जवाब मांगा है। ईडी ने याचिका में कहा है कि सत्येंद्र जैन की जांच एलएनजेपी के बजाय एम्स, आरएमएल या सफदरजंग जैसे अस्पतालों में की जाए। क्योंकि गिरफ्तार होने से पहले सत्येंद्र जैन स्वास्थ्य मंत्री थे ऐसे में मेडिकल रिपोर्ट में पक्षपात किया जा सकता है। इस पर कोर्ट ने सत्येंद्र जैन को नोटिस जारी किया है। साथ ही अंतरिम जमानत अर्जी की सुनवाई कर रहे सत्र अदालत के विशेष न्यायाधीश को एलएनजेपी की मेडिकल रिपोर्ट पर सुनवाई की अगली तारीख तक विचार नहीं करने का निर्देश भी दिया है। जांच एजेंसी की ओर से पेश अतिरिक्त सालिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि इस बात की प्रबल संभावना है कि सत्येंद्र जैन एलएनजेपी की रिपोर्ट को प्रभावित कर सकते हैं। ऐसे में स्वतंत्र मूल्यांकन की जरूरत है। सत्येंद्र जैन को 30 मई को गिरफ्तार किया गया था। मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को सीबीआइ कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सोमवार को सुनवाई के दौरान दिल्ली की विशेष सीबीआइ कोर्ट ने अस्पताल में भर्ती सत्येंद्र जैन को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। बता दें कि फिलहाल सत्येंद्र जैन दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती हैं। तबीयत खराब होने पर वह कई दिनों से अस्पताल में भर्ती हैं। इससे पहले सोमवार को सुनवाई के दौरान सीबीआइ कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय से सत्येंद्र जैन को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये पेश करने के लिए कहा था, क्योंकि वह अस्पताल भर्ती हैं।

### केजरीवाल मतभेद हो सकते हैं, लेकिन हमारे बीच कोई अनबन नहीं

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना के साथ मुलाकात के बाद कहा कि दिल्ली के लिए यह महत्वपूर्ण है कि उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री एक साथ मिलकर काम करें। उपराज्यपाल के साथ अपनी साप्ताहिक बैठक के बाद केजरीवाल ने कहा, बैठक बेहद अच्छे माहौल में हुई। दिल्ली के लिए यह महत्वपूर्ण है कि उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री एक साथ मिलकर काम करें। विभिन्न मामलों पर मतभेद हो सकते हैं, लेकिन हमारे बीच कोई अनबन नहीं है। दिल्ली के उपराज्यपाल ने पिछले हफ्ते केजरीवाल की विदेश यात्रा के प्रस्ताव को वापस कर दिया था और उन्हें अगले महीने सिंगापुर में विश्व शहरों के शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेने की सलाह दी थी। उपराज्यपाल ने कहा था कि यह महापौरों का सम्मेलन है और इसमें शामिल होना मुख्यमंत्री के लिए उपयुक्त नहीं होगा। केजरीवाल पिछले शुक्रवार को साप्ताहिक बैठक में शामिल नहीं हुए थे।

# कार्यकाल पूरा होने के बाद भी संवैधानिक सिद्धांतों का पालन राष्ट्रपति का दायित्व : कोविंद

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रपति के रूप में कार्यकाल पूरा होने के बाद भी उनका राष्ट्रीय कर्तव्य है कि वे सभी संवैधानिक सिद्धांतों का पालन करने के साथ ही समाज के सभी वर्गों और धर्मों के साथ समान व्यवहार करें।

कोविंद यहां विज्ञान भवन में आयोजित एक समारोह को संबोधित कर रहे थे, जहां हिंदू, इस्लाम, ईसाई, बौद्ध और जैन धर्म के धर्मगुरुओं ने उनका अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के लिए समाज के सभी वर्ग और सभी धर्म समान हैं।

कोविंद ने कहा, एक राष्ट्रपति किसी विशेष वर्ग का पक्ष नहीं ले सकता और राष्ट्रपति पद समाज के सभी वर्गों का संरक्षक होता है। यहां तक कि पूर्व राष्ट्रपतियों को भी इन सभी जिम्मेदारियों को निभाना चाहिए और उन्हें संवैधानिक सिद्धांतों का पालन करने की जरूरत है, जो उनका राष्ट्रीय कर्तव्य है।

कोविंद का कार्यकाल सोमवार को पूरा होने के बाद झारखंड की पूर्व राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू ने इसी दिन देश के 15वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने बी आर आंबेडकर की प्रशंसा करते हुए कहा, हमारे लोकतंत्र को एक मजबूत नींव देने के अलावा, उन्होंने महिला सशक्तिकरण, औद्योगिक विकास और समाज के अन्य कमजोर वर्गों के लिए भी काम किया।

- हिंदू, इस्लाम, ईसाई, बौद्ध और जैन धर्म के धर्मगुरुओं ने उनका अभिनंदन किया
- पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने बी आर आंबेडकर की प्रशंसा करते हुए कहा, हमारे लोकतंत्र को एक मजबूत नींव देने के अलावा

# दुर्गेश पाठक ने औपचारिक रूप से किया विधायक कार्यालय का उद्घाटन



नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

आप विधायक दुर्गेश पाठक ने शुक्रवार को राजेंद्र नगर विधानसभा में औपचारिक रूप से विधायक कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यालय इंद्रपुरी में देव प्रकाश शास्त्री मार्ग पर ढहऊऑफिस के पास बनाया गया है। दुर्गेश पाठक ने कहा कि यह कार्यालय लोक कल्याण को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इस कार्यालय से राजेंद्र नगर की जनता से जुड़े सभी काम किए जाएंगे। स्थानीय लोग अपनी समस्याएं साझा करने के लिए कभी भी कार्यालय आ सकते हैं। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राजेंद्र नगर से विधायक दुर्गेश पाठक ने कहा कि राजेंद्र नगर में लोक कल्याण संबंधी काम लगातार किए जा रहे हैं। हमेशा से मेरा यही लक्ष्य रहा है कि लोगों को किसी भी समस्या के लिए परेशान ना होना पड़े। उनकी हर समस्या पर आम आदमी पार्टी पूरी जिम्मेदारी से काम करने की कोशिश कर रही है। अबतक ऐसा होता था कि एक विधायक होने के नाते मैं स्वयं लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनता था। उसके बाद उनके हल पर काम किया जाता था। ऐसे में कई बार कामों में व्यस्त होने के कारण मैं स्थानीय लोगों से नहीं मिल पाता था। इसका समाधान था लेकिन उसपर काम चल रहा था। उन्होंने कहा कि मैं चाहता था कि लोगों को कभी भी मुझसे मिलना हो या आम आदमी पार्टी तक अपनी बात पहुंचानी हो, उसके लिए उन्हें अलग-अलग लोगों से या अलग-अलग स्थानों पर ना जाना पड़े। हर काम एक जगह से हो जाए इसके लिए इंद्रपुरी में विधायक कार्यालय का उद्घाटन किया।

**लक्षण** कोरोना का प्रकोप अभी खत्म भी नहीं हुआ और मंकीपॉक्स बीमारी ने विश्व के लिए नया संकट खड़ा कर दिया

# वक्त के साथ बदल रहे हैं मंकीपाक्स के लक्षण

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



कोरोना का प्रकोप अभी पूरी तरह से खत्म भी नहीं हुआ और मंकीपॉक्स बीमारी ने विश्व के लिए नया संकट खड़ा कर दिया है। भारत समेत दुनिया के कई देशों में मंकीपॉक्स के रोजाना नए मामले मिल रहे हैं। इस बीच, बीमारी के लक्षणों को लेकर एक नई बात सामने आई है। हाल ही में लंदन के ब्रिटिश जर्नल में प्रकाशित एक शोध में दावा किया गया कि पिछली बार अफ्रीका और नाईजीरिया में फैली इस बीमारी के लक्षणों में काफी बदलाव देखे गए हैं। हालांकि मलाशय में दर्द और लिंग में सूजन पहले की तरह ही है। साथ ही शोधकताओं को इस बात की चिंता है कि बिना लक्षण वाले मंकीपॉक्स के मरीज अन्य लोगों के लिए खतरा बन सकते हैं। मंकीपॉक्स संक्रिमत 197 पुरुषों में समलैंगिक बाइसेक्सुअल के अलावा पुरुषों के साथ यौन संबंध रखने वाले पुरुष भी शामिल थे। कुछ लक्षण दिखे समान

शोध के अनुसार मलाशय में दर्द और लिंग में सूजन के लक्षण बिमारी के पहले प्रकोपों की तरह ही वर्तमान समय में भी देखने को मिल रहा है। शोधकताओं ने डॉक्टरों से इन लक्षणों वाले रोगियों का मंकीपॉक्स परीक्षण करने की सिफारिश की है। अभी और बीते सालों में हुए मंकीपॉक्स में फर्क पर हुए इस शोध में पता चला कि संक्रमित मरीज के शरीर पर पड़ने वाले जख्मों में भी काफी बदलाव देखे गए हैं। अभी के मरीजों में उनके प्राइवेट पार्ट के आसपास घाव निकल रहे हैं। जबकि पहले यह सिर, हाथ, चेहरे और गले तक सीमित थे।

अभी मरीज के शरीर पर औसतन 6 जख्म होते हैं। वहीं, पहले इनकी संख्या 370 के करीब थी। मौजूदा वक्त में बीमारी की कई स्टेज में यह जख्म मरीज के शरीर पर रहते हैं। लेकिन बिमारी के एक फेज से दूसरे में यह नहीं बढ़ते हैं। जबकि अफ्रीका में साल 2017 में यह जख्म बिमारी के एक फेज से दूसरे तक बढ़ते रहते थे।

शोध में शामिल 26.5 फीसदी लोग किसी मंकीपॉक्स संक्रमित के सीधे संपर्क में आए थे, जिससे इस बात की संभावना बढ़ती है कि यह वायरस बिना लक्षण वाले मरीज या कुछ लक्षण वाले मरीजों से भी दूसरे व्यक्ति में फैल सकता है। कमजोर वर्ग होंगे प्रभावित

शोधकताओं ने इस बात को लेकर चिंता जाहिर करते हुए बताया कि मंकीपॉक्स के लगातार वृद्धि से समाज की कमजोर वर्ग की आबादी प्रभावित हो सकती है। रोग प्रतिरोधक क्षमता की कमी वाले लोग और बच्चे भी इसका शिकार होंगे। मनुष्यों में मंकीपॉक्स पहली बार 1970 में कांगो पाया गया था। अफ्रीका में एंडेमिक घोषित हो चुकी यह बीमारी लगभग 50 साल बाद देश के बाहरी हिस्सों में देखने को मिली। अमेरिका, इंग्लैंड, यूरोप और भारत जैसे गैर-स्थानिक देशों में इस बीमारी के अचानक फैलाव से सभी हैरान हैं। बिना लक्षण के मरीज हो सकते हैं घातक शोधकताओं ने कहा कि अस्पताल में मंकीपॉक्स के ऐसे मरीज भर्ती होते हैं जो बिना लक्षण के होते हैं। ऐसे मरीज नोसोकोमियल ट्रांसमिशन (इलाज के दौरान संक्रमित होने का खतरा) को बढ़ावा देते हैं। इसके लिए मंकीपॉक्स के असामान्य लक्षणों को लेकर जागरूकता बेहद जरूरी है। संक्रमित मरीज की पहचान में असफलता स्वास्थ्य पेशेवरों के साथ संपर्क में आने वालों के लिए खतरा बन सकता है।

### सड़क परिवहन विभाग में भ्रष्टाचार की जांच के आदेश दिए

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने भ्रष्टाचार रोधी शाखा (एसीबी) को निर्देश दिया है कि बुराड़ी परिवहन प्राधिकरण में दलालों और परिवहन विभाग के अधिकारियों के बीच साठगांठ तथा भ्रष्टाचार की समयबद्ध तरीके से जांच की जाए, जिसके कारण ऑटो रिक्शा चालक प्रभावित हो रहे हैं। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय राजधानी की कई ऑटो रिक्शा चालक यूनियन की ओर से आपराधिक रिट याचिका दायर की गई थी, जिस पर दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के मद्देनजर यह निर्देश दिया गया है। याचिका में सड़क परिवहन कार्यालय में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार और ऑटो रिक्शा चालकों के उत्पीड़न का आरोप लगाया गया था। उपराज्यपाल ने एक महीने में जांच पूरी कर विस्तृत रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है। सूत्रों ने कहा कि सतर्कता निदेशालय ने मामले की पड़ताल की थी और पाया कि याचिकाकताओं ने आरटीओ में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार तथा ऑटो रिक्शा चालकों को प्रभावित करने वाले कृत्यों के बारे में गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा, आरोप है कि मोटर लाइसेंस अधिकारी और सड़क परिवहन कार्यालय (आरटीओ) की साठगांठ से परमिट दिए जा रहे थे।


**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (व.स), गौतमबुद्धनगर।**

उत्तराधिकार वाद संख्या–282/2021

सतीश कुमार पुत्र स्व. श्री बतन निवासी ग्राम डुगरपुर रीलखा परगना दनकौर तहसील सदर जनपद गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश।

प्रार्थी/वादी

बनाम

1. कृष्ण कुमार पुत्र स्व. श्री बतन
2. अमित कुमार पुत्र स्व. श्री राजपाल
3. महर सिंह पुत्र स्व. श्री जयकरण
4. यशपाल पुत्र स्व. श्री जयकरण
5. ईश्वर पुत्र स्व. श्री जयकरण

निवासीगण ग्राम डूगरपुर रीलखा परगना दनकौर तह. सदर जनपद गौतमबुद्धनगर।

6. श्रीमती दया पत्नी श्री राजेन्द्र निवासी डी–191 सेक्टर–191 सेक्टर–49 नोएडा जनपद गौतमबुद्धनगर।
7. श्रीमती सुरेश पत्नी महेश गढ़ी मैदू दिल्ली
8. श्रीमती मुकेश पत्नी श्री सतवीर निवासी ग्राम दुमसरा जिला पलवल हरियाण।

विपक्षीगण

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश उत्तराधिकार प्रार्थना पत्र मृतक महीपाल सिंह निवासी डूगरपुर रीलखा परगना दनकौर तहसील जनपद गौतमबुद्धनगर के द्वारा अपनी मृत्यु उपरान्त बैंक पंजाब नेशनल बैंक शाखा दनकौर जनपद गौतमबुद्धनगर बचत बैंक खाता संख्या 644100010008077 अंकन 14,00000/रु की बावत यह उत्तराधिकार वाद माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है जिसमें सुनवाई हेतु दिनांक 29.07.2022 नियत है जिसको कोई एतराज है तो उक्त दिनांक बावक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमें के हालात के करार वाकिफ किया गया हो और कुछ उमराई अहम मुतालिका मुकदमा का जबाब दे सके हाजिर हो और जबाब देही दावा करें और आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने दस्तावेज पेश करे जिस पर आप अपनी जबादेही के दस्तखत करना चाहते हो अन्यथा वाद तिथि वादी के अलावा किसी को नहीं सुना जायेगा।

मुन्सरिम
सिविल जज (सी.डि)
गौतमबुद्धनगर।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जूनियर डिवीजन), गौतमबुद्धनगर।**

इजराय संख्या–4/2021

M/S. S&D International
Through its prop Sh. Sharad Rustagi
R/o 5394/c First Floor Kishore Lal, New Market, Sadar Bazaar Delhi-11006
..... Decree Holder/plaintiff

VERSUS

Matkrt Movers Exports India Pvt. Ltd.
Through Its Director, Sd# J-1 NSEZ Phase-2 Noida Distt- Gautam Budh Nagar UP 201305
Judgment Debtor/Defendant

हरगाह वादी/डिक्रीदार ने आपके नाम इजराय निस्तारण हेतु माननीय न्यायालय में दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है बतारीख के जो 17.08.2022 ई. वक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमें हालात से कराकर वाफिक किया हो और कुल उमूरात अहम मुतल्लिका मुकदमा का जबाब दे सके जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो ऐसे सवालात का जबाब दे सकें हाजिर और जबाबदेही दावा की करें और उसी रोज अपनी जुमला गवाहों की जिनकी शाहदात पर निजी तमाम दस्तावेज की जिन पर अपनी जबाबदेही की ताईद में इस्तमाल करना चाहते हो पेश करें अगर बरोज मजूकर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूअ और फैसला होगा।

बस्बत मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 25.07.2022 ई. जारी किया।

आदेशानुसार
सिविल जज (जूनियर डिवीजन) गौतमबुद्धनगर।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी.डि), गौतमबुद्धनगर।**

उत्तराधिकार वाद संख्या–356/2022

महुआ मुखर्जी पत्नी स्व. एस.के. मुखर्जी निवासी आई–1005 अजनारा होम्स, सेक्टर–63 ग्रेटर नोएडा वेस्ट, जिला गौतमबुद्धनगर (उ.प्र.)।

. वादनी

बनाम

1. रूही मुखर्जी पत्नी कौशतव मुखर्जी पुत्री स्व. एस.के. मुखर्जी निवासी अर्थकॉन संस्कृति सी–01–912, जी.एच.–10 सेक्टर–1 ग्रेटर नोएडा वेस्ट जिला गौतमबुद्धनगर (उ.प्र.)।
2. पल्लवी मुखर्जी पत्नी श्री राकेश रंजन पुत्री स्व. एस.के. मुखर्जी निवासी चैन.–202 गली नं.–06 जिला कोर्ट गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश।
3. हिमानी मुखर्जी पत्नी श्री विक्रम सिंह रावत पुत्री स्व. एस.के. मुखर्जी निवासी अजनारा होम्स, आई–1005 जी.एस.–03, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, जिला गौतमबुद्धनगर (उ.प्र.)।
4. नेहा मुखर्जी पुत्री स्व. एस.के. मुखर्जी निवासी अजनारा होम्स आई–1005 जी एस–03, ग्रेटर नोएडा वेस्ट जिला गौतमबुद्धनगर (उ.प्र.)
5. वरूण मुखर्जी पुत्र स्व. एस.के. मुखर्जी निवासी चै.नं.–202 गली नं.–06 जिला कोर्ट गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश।

प्रतिवादीगण

दरखवास्त प्रार्थीगण ने विपक्षी ने विरूद्ध उपरोक्त उत्तराधिकार वाद मृतक स्व. एस.के. मुखर्जी PPF खाता संख्या–PPF105 व PPF No.-11208405547 है, लेबर पृष्ठ संख्या–2 है, अकाउंट खोलने का दिनांक 23.01.2003 है जिसका मूल्यांकन लगभग 2,30,000/. रूपये जो कि स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया सेक्टर–55 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर की बाबत उत्तराधिकार का नाम दर्ज किया जाना है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 02.08.2022 को वक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकिफ किया गया हो और कुल उमूरात अहम मुतालिका मुकदमें का जवाब दे सके हाजिर और जबाबदेही दावा करें और उसी रोज अपनी जुमला गावहों की जिनकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजों की जिन पर अपनी जबाबदेही की ताईद में इस्तमाल करना चाहते हो पेश करें अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूअ और फैसला होगा।

बवक्त मेरे दस्तखत और अदालत में आज बतारीख 28.07.2022 जारी किया गया।

आदेशानुसार
मुंसरिम
सिविल जज (सी.डि)
गौतमबुद्धनगर।

**उत्तर रेलवे**

ई–निविदा सूचना

पत्र सं: 196–एस/71/2019–20/निविदा सूचना/टीएस दिनांक :27.07.2022

E-procurement निविदा सुचना संख्या 196–एस/71/2019–20/निविदा सूचना/टीएसओ-III/TWS

निम्नलिखित रेल पथ सामान को बनाने एवं संभरण हेतु प्रमुख मुख्य अभियन्ता, उत्तर रेलवे, प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली द्वारा E-procurement System निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| Tender No. 2112690202224NR | Due on 25.08.2022 |
|---|---|
| मद का विवरण | निर्माण और आपूर्ति: ZU-I-60 मोटी वेब ग्रेड 880 क्लास ए जीभ रेल और यूआईसी 60 किग्रा/मी ग्रेड–880, क्लास ए/क्लास बी प्राइम क्वालिटी स्टॉक रेल के साथ 10125 मिमी घुमावदार स्विच लोचदार फास्टनरों और स्प्रिंग संचालित सेटिंग डिवाइस (आरडीएसओ) के साथ–टी–6216 नवीनतम परिवर्तनों के साथ पढ़ा गया), पीएससी स्लीपरों पर पंखे के आकार के लेआउट के लिए 12 बीजी 60 किग्रा मतदान में। के लिए सभी फिटिंग्स के साथ पूर्ण (चेक रेल के साथ) (अर्थात सब असेंबली नंबर टी–6155 के अनुसार स्विच भाग के लिए सभी फिटिंग्स) मानक फिश प्लेट्स, फिश बोल्ट्स और नट्स, ईआर क्लिप्स, इंसुलेटिंग लाइनर्स को छोड़कर आरडीएसओ के मानक ड्राइंग नंबर टी–6154 (नवीनतम बदलाव के साथ पढ़ें) के अनुसार) |
| Tender Value | Rs. 456,53,71,844.02 |
| Tender Document Cost | Rs. Nil |
| Earnest Money | Rs. 50 lakh |
| Completion Period | 24 Months |
| Time of Submission of Tender | Up 25.08.2022 at 14.30 IST |
| Date & Time of Opening of Tender | On 25.08.2022 at 14.30 IST |
| Validity of Offer | 180 days |

टिपण्णी: उपरोक्त सभी ई प्रापण निविदाओं का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित **www.ireps.gov.in** and **www.nr.indianrailways.gov.in**. पर उपलब्ध है।

1906/22

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

राष्ट्रीय दैनिक
प्रात: किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, शनिवार, 30 जुलाई, 2022

## संक्षिप्त खबरें

### लैंगिक आधार पर चयनात्मक सर्जरी रोकने पर विचार के लिए दिल्ली सरकार को मिला समय

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने जीवन के लिए खतरनाक स्थितियों को छोड़कर इंटरसेक्स शिशुओं की चिकित्सीय रूप से अनावश्यक लिंग आधारित चयनात्मक (सेक्स-सलेक्टिव) सर्जरी करने पर पाबंदी लगाने की, दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग (डीसीपीसीआर) की सिफारिश पर उचित फैसला करने के लिए दिल्ली सरकार को आठ हफ्ते का समय दिया है। इंटरसेक्स शिशु ऐसी शरीरिक संरचना के साथ पैदा होते हैं, जो महिला या पुरुष की विशिष्ट परिभाषाओं में फिट नहीं होते हैं मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस तरह की प्रक्रिया पर प्रतिबंध लगाने की मांग वाली एक गैर सरकारी संगठन की याचिका का निपटारा कर दिया और कहा कि अगर याचिकाकर्ता सरकार के फैसले से असंतुष्ट है तो वह नई याचिका दायर करने के लिए स्वतंत्र है। पीठ में न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद भी हैं। पीठ ने यह भी दर्ज किया कि डीसीपीसीआर ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि, सावधानीपूर्वक विचार-विमर्श के बाद यह विचार किया गया कि दिल्ली सरकार को जीवन के लिए खतरनाक स्थितियों को छोड़कर इंटरसेक्स शिशुओं और बच्चों की चिकित्सकीय रूप से अनावश्यक लिंग आधारित चयनात्मक सर्जरी पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा करनी चाहिए। दिल्ली सरकार के अधिवक्ता ने डीसीपीसीआर द्वारा की गई सिफारिशों पर उचित निर्णय लेने के लिए समय मांगा। गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) सृष्टि मदुरै एजुकेशनल रिसर्च फाउंडेशन ने पिछले साल यह कहते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया था।

### इंद्रा झा ने दिलशाद कालोनी में चलाया पौधरोपण अभियान

नई दिल्ली। दिलशाद कॉलोनी वार्ड के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में पौधा रोपण का कार्यक्रम निगम के उद्यान विभाग के माध्यम से किया गया। जिनमे दिलशाद कॉलोनी वार्ड के चिकित्सा विभाग के डॉक्टर सीमा और उनके अधीनस्थ डॉक्टरों व कर्मचारियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। पूर्व निगम पार्षद इंद्रा झा कहती हैं यह देखकर बहुत अच्छा लगा कि पर्यावरण की सुरक्षा व प्रकृति हवाओँ के लिए जन जन में यह संदेश फैल चुका है कि हमारे लिए रोग मुक्त रहने का मुफ्त साधनों में शुद्ध हवा ही जीवन दायनी है। इसके लिए पौधा रोपण व संरक्षण महत्त्वपूर्ण इकाई है। इंद्रा झा कहती है हमने अपने वार्ड में उद्यान विभाग व अन्य विभागों से ताल मेल बनाकर 2,000 पौधों का रोपण कार्यक्रम तय किया हुआ है। मैं विशेष कर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता व समाज सेवी विजय शंकर झा को साधुवाद देती हूँ जिहोंने ऐसे कार्यक्रमों को अमलीजामा पहनाने के लिए विशेष सहयोग दिया। इस पौधा रोपण में मेरे साथ विजय शंकर झा और स्थानीय बहनों, भाइयो का साथ रहा। मेरा हमेशा उधेश्य रहा है-स्वच्छ वार्ड, स्वस्थ वार्ड, शिक्षित वार्ड और श्रेष्ठ वार्ड।

### शिरोमणी अकाली दल द्वारा समुची दिल्ली में लगाए जायेंगे होर्डिंग

नई दिल्ली। शिरोमणी अकाली दल दिल्ली इकाई द्वारा समुची दिल्ली में बन्दी सिखों की रिहाई की मांग के लिए पोस्टर होर्डिंग लगाए जायेंगे जिसकी शुरुआत पश्चिमी दिल्ली के संतगढ़ गुरुद्वारा साहिब से स्त्री अकाली दल की अध्यक्षा एवं दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी की एग्जैक्टिव बोर्ड सदस्य बीबी रणजीत कौर द्वारा की गई है। इसके साथ ही दिल्ली की संगत के सहयोग से बंदी सिखों की रिहाई की मांग के लिए मुहिम चलाई जाएगी इसकी जानकारी शिरोमणी अकाली दली दिल्ली इकाई के अध्यक्ष जत्थेदार अवतार सिंह हित द्वारा दी गई। जत्थेदार अवतार सिंह हित ने कहा कि शिरोमणी अकाली दल बंदी सिखों की रिहाई की मांग पिछले लम्बे अरसे से करता आ रहा है पर सरकारों द्वारा सिखों की मांगों को हमेशा नजरअंदाज कर दिया जाता है। कांग्रेस से तो हमें कोई उम्मीद ही नहीं थी क्योंकि उसने हमेशा ही सिखों के साथ सौतेला व्यवहार किया पर मोदी सरकार के आने पर उम्मीद की किरण दिखाई दी थी पर अब लगने लगा है कि मोदी सरकार भी सिखों की मांगों पर ज्यादार ध्यान नहीं दे रही और दूसरी और दिल्ली की केजरीवाल तो है ही सिख विरोधी इसलिए अब शिरोमणी अकाली दल ने यह फैसला लिया है कि दिल्ली की संगत को जागरुक कर उनके सहयोग से बंदी सिखों की रिहाई की मुहिम को तेज किया जायेगा और सरकारों तक अपनी आवाज बुलंद की जायेगी।

# सौ करोड़ की ठगी में पकड़ा गया बीएसएफ का पूर्व कूक

## 46 मामलों में कोर्ट ने उसे भगोड़ा घोषित कर रखा है

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने राजस्थान में मल्टी लेवल मार्केटिंग के नाम पर 100 करोड़ रुपये से ज्यादा की ठगी करने वाले जालसाज को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान ओमी राम उर्फ राम मारवाड़ी के रूप में हुई है। उसके खिलाफ 50 से ज्यादा मामले विभिन्न थानों में दर्ज है। इनमें से 46 मामलों में अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर रखा था। वर्ष 2020 में वह दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार हुआ था लेकिन उसने अपना असली नाम नहीं बताया था। अपराध शाखा के डीसीपी विचित्र वीर ने शुक्रवार को बताया कि अपराध शाखा की टीम को सूचना मिली थी कि राजस्थान का रहने वाला ओमी राम ठगी के 59 मामलों में शामिल है। 46 मामलों में कोर्ट ने उसे भगोड़ा घोषित कर रखा है। कई मामलों में उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी है। इन मामलों में वह लगातार फरार चल रहा है। राजस्थान पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर इनाम भी घोषित किया हुआ है। पुलिस को पता चला कि वह नॉर्मल कॉल इस्तेमाल नहीं करता और सोशल मीडिया ऐप के जरिए ही अपने परिवार एवं दोस्तों से बात करता है। पुलिस टीम लगभग छह महीने से उसके बारे में छानबीन कर रही थी।

हाल ही में पुलिस को पता चला कि वह रोहिणी सेक्टर 11 में मौजूद है, लेकिन पुलिस के पास उसकी तस्वीर नहीं थी। पुलिस को यह भी पता चला कि वह नजफगढ़ में रेप के मामले में गिरफ्तार किया गया था। वहां से पुलिस ने उसकी फोटो हासिल की। इसके बाद एसीपी अनिल शर्मा की देखरेख में इंस्पेक्टर सतीश मलिक और एसआई जितेंद्र माथुर की टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसकी गिरफ्तारी की जानकारी राजस्थान पुलिस को दे दी गई है। आरोपित ने पुलिस को बताया कि वह पहले बीएसएफ में कुक की नौकरी करता था। 2007 में उसने जयपुर में सिक्योरिटी एजेंसी खोली थी। उसने 60 कर्मचारियों को रखा और बाद में यह सिक्योरिटी एजेंसी किसी को बेच दी। इसके बाद उसने मल्टी लेवल मार्केटिंग कंपनी मिताशी मार्केटिंग एंड कंसलटेंसी प्राइवेट लिमिटेड के साथ एजेंट के तौर पर काम किया। यहां उसने लगभग डेढ़ करोड़ रुपये कमाए।

2008 में उसने अपनी नई कंपनी मिताशी ट्रेड लिंक एंड प्राइवेट लिमिटेड नाम से खोल ली। इसमें वह एमडी था। उसके अलावा विजेंद्र सिंह चेयरमैन, डीसी यादव एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, मदन मोहन मीणा डायरेक्टर के पद पर कार्यरत था। यह कंपनी नए सदस्यों को लाने पर कमीशन देती थी। नए मेंबर को 4000 रुपये जमा कराने होते थे। जॉइनिंग पर उसे 400 रुपये का एक सफारी सूट दिया जाता था। प्रत्येक व्यक्ति को आगे कम से कम 10 लोगों को जोड़ना था। एक वर्ष तक प्रत्येक महीने दो लाख रुपये टारगेट पूरा करने वाले एजेंट को बाइक तोहफे में दी जाती थी।

इस तरीके से हजारों लोगों ने उसकी कंपनी में 100 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि जमा कराई थी। इसे लेकर वह फरार हो गया था। 2011 में उसके खिलाफ कई मामले दर्ज हुए थे। इसलिए वह राजस्थान से भागकर इंदौर चला गया और वहां पर उसने एक को ऑपरेटिव सोसाइटी का लाइसेंस लिया। वहां पर वह राम मारवाड़ी के नाम से रहता था।

उसने कई जगह पर अलग-अलग कारोबार किए जिनमें उसे घाटा हुआ। 2014 में वह दिल्ली आ गया था और यहां पर प्रॉपर्टी का कारोबार करने लगा। 2018 में उसने कैशबैक बाजार नाम से नजफगढ़ में ग्रॉसरी स्टोर खोला था, लेकिन वह नहीं चला. 2020 में उसे नजफगढ़ पुलिस ने रेप के मामले में गिरफ्तार किया था। उस समय उसने अपना नाम राम मारवाड़ी बताया था। 2021 में उसने अपना कार्ट नाम से ई-कॉमर्स प्लेटफार्म शुरू किया था। वह फिलहाल इंदौर में किराए के मकान में रहता था। गिरफ्तार आरोपित ओमाराम उर्फ राम मारवाड़ी राजस्थान के जोधपुर का रहने वाला है। वह पहले बीएसएफ में कुक की नौकरी करता था।

# धूमधाम से मनाया गया सावन सिंह महाराज का 164वां प्रकाश दिवस

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



हजूर बाबा सावन सिंह जी महाराज का 164वां प्रकाश दिवस 27 जुलाई, 2022 को कृपाल बाग, दिल्ली में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए।

इस अवसर पर प्रसारित विडियो सत्संग में सावन कृपाल रूहानी मिशन के वर्तमान सत्गुरु संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने कहा कि, हजूर बाबा सावन सिंह जी महाराज मानव शरीर में स्वयं प्रभु का ही रूप थे और वे इस नश्वर संसार में पिता-परमेश्वर से बिछुड़ी हुई रूहों को वापिस प्रभु से जोड़ने के लिए आए थे। उन्होंने अपने जीवन में सावन के नाम को सार्थक करते हुए लाखों लोगों पर दयामेहर की बरखा की और उन्हें प्रभु की ज्योति व श्रुति के साथ जोड़कर उनकी रूह को पिता-परमेश्वर से एकमेक कर दिया। वो हमें समझाया करते थे कि हम नम्रता, प्रेम और आदरभाव से अपनी जिंदगी गुजारें और एक ऐसी जिंदगी जियें जोकि प्यार और मोहब्बत की बुनियाद पर आधारित हो।

हजूर बाबा सावन सिंह जी महाराज के पास देश-विदेश से विभिन्न धर्मों, संस्कृतियों और जाति आदि के लोग आया करते थे। वो चाहते थे कि जिस मकसद से हम यहाँ इस धरती पर भेजे गए हैं, जोकि अपने आपको जानना और पिता-परमेश्वर को पाना है, वो पूरा हो। उनकी शिक्षाएं आज भी हमारे सामने हैं और आज भी विश्वभर में लाखों-करोड़ों लोग उनके बताए हुए रास्ते पर चल रहे हैं। हम उनको याद करें और उनके बताए हुए रास्ते को अपनी जिंदगी में ढालें, तभी सही मायने से हम उनके प्रकाश दिवस को मना सकेंगे।

उपस्थित कई श्रद्धालुओं ने भी हजूर बाबा सावन सिंह जी महाराज के साथ बीते अपने रूहानी अनुभवों को व्यक्त किया।

बाबा सावन सिंह जी महाराज का जन्म 27 जुलाई, 1858 में ग्राम महिमा सिंह वाला, जिला लुधियाना में हुआ। हजूर बाबा सावन सिंह जी महाराज ने अपने उपदेशों द्वारा समझाया कि प्रत्येक जीव पिता परमेश्वर का अंश होने के नाते उसे पा सकता है, जोकि हमारे मनुष्य जीवन का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने अपने जीवनकाल में ये भविष्यवाणी की थी कि आने वाले समय में रूहानियत पश्चिम के देशों में बड़ी तेजी से फैलेगी।

उनके पश्चात परम संत कृपाल सिंह जी महाराज और दयाल पुरुष संत दर्शन सिंह जी महाराज ने देश-विदेश की यात्राएं करके उनके रूहानियत के इस कार्य को दुनिया के कोने-कोने में फैलाया और आज भी उसी रूहानी कार्य को सावन कृपाल रूहानी मिशन के वर्तमान सत्गुरु परम संत राजिन्दर सिंह जी महाराज विश्वभर में अनेक यात्राएं कर लाखों लोगों को ध्यान-अभ्यास की विधि सिखा रहे हैं, जिससे कि हम अपने मनुष्य जीवन का परम ध्येय जोकि अपने आपको जानना और पिता-परमेश्वर को पाना है, को इसी जीवन में पूरा कर सकें।

# दिल्ली के कुछ हिस्सों में हुई हल्की बारिश

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को हल्की बारिश हुई। मध्य, पूर्वी और उत्तर-पूर्वी दिल्ली सहित कुछ इलाकों में दोपहर को बारिश हुई। मौसम विज्ञान विभाग ने पहले शहर में गरज के साथ छींटे पड़ने का पूर्वानुमान लगाया था।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के क्षेत्रीय विभाग ने दोपहर एक बजकर 35 मिनट पर ट्वीट किया था, उत्तरी दिल्ली, उत्तर-पूर्वी दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली (बुराड़ी, रोहिणी, बादली, मॉडल टाउन, करावल नगर, आजादपुर, पीतमपुरा, दिल्ली विश्वविद्यालय) और राजस्थान के नदबई में अगले दो घंटे में गरज के साथ छींटे पड़ने के साथ ही हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, शहर में बृहस्पतिवार को सुबह साढ़े आठ बजे से शुक्रवार को सुबह साढ़े आठ बजे तक 20 मिमी बारिश हुई। अधिकतम तापमान के 31.2 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार, आज न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम 25.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, सुबह साढ़े आठ बजे हवा में आर्द्रता का स्तर 92 प्रतिशत दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान विभाग ने पहले कहा था कि मानसून ट्रफ (कम दबाव के क्षेत्र) के धीरे-धीरे उत्तर की ओर बढ़ते रहने की संभावना है और इस कारण बुधवार से उत्तर भारत में बारिश की गतिविधियां बढ़ सकती हैं।

## एएसआई राहुल खोकर को असाधारण कार्य पुरस्कार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस में एसआई राठौड़ गांव के राहुल खोकर को असाधारण कार्य पुरस्कार मिलेगा। आतंकी समेत कई कुख्यात बदमाशों को पकड़ने वाली टीम में शामिल रहे राहुल के अदम्य साहस को देखते हुए वह सम्मान दिया जाएगा। इसके लिए दिल्ली पुलिस कमिश्नर की तरफ से सूची जारी की गई है। राठौड़ के राहुल खोखर पुत्र सोहनवीर खोकर वर्ष 2014 में दिल्ली पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद पर नियुक्त हुए थे दिल्ली की स्पेशल सेल में तैनात राहुल ने अपनी टीम के साथ पिछले साल यमुना घाट से पाकिस्तानी आतंकवादी मोहम्मद अशरफ को गिरफ्तार किया था। इसके अलावा काला जटड़ी व लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के पांच शार्प शूटरों को राजस्थान से गिरफ्तार किया था। आरोपियों ने मोहन गार्डन उत्तम नगर के रियल स्टेट व्यवसाई से एक करोड़ की रंगदारी मांगी थी। उन्होंने व्यवसायियों के दोनों पैरों में गोली मार दी थी। इन दोनों उत्कृष्ट कार्यो के लिए दिल्ली पुलिस की ओर से राहुल को कर को असाधारण कार्य पुरस्कार दिया जाएगा जिसमें उनको मेडल व 50 हजार रुपए की राशि दी जाएगी।

# अगस्त से होंगे 5 बड़े बदलाव

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




कुछ दिनों में अगस्त महीना शुरू होने वाला है। एक अगस्त से कई ऐसे बदलाव हो सकते हैं, जिनका सीधा असर आपकी जेब और लाइफ पर पड़ेगा। परेशानी से बचने के लिए जरूरी है कि आप पहले से ही इन नियमों की पूरी जानकारी रखें। आइए जानते हैं एक अगस्त से होने वाले 5 बदलावों के बारे में। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की केवाईसी के लिए 31 जुलाई तक का समय दिया गया है। ऐसा न करने पर किसानों को पीएम किसान की 12वीं किस्त का पैसा नहीं मिल सकेगा।

इसलिए समय रहते किसान अपने नजदीकी कामन सर्विस सेंटर जाकर अपनी ई-केवाईसी करवा सकते हैं। क्योंकि 1 अगस्त से किसान केवाईसी नहीं कर सकेंगे। इसके अलावा किसान खुद आनलाइन पीएम किसान की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर से ई-केवाईसी कर सकते हैं।

31 जुलाई के बाद आईटीआर फाइल करने पर टैक्सपेयर्स को लेट फीस देनी पड़ सकती है। बता दें कि अगर किसी अकेले टैक्सपेयर की सालाना आय 5 लाख रुपये से अधिक है, तो उसे पांच हजार रुपये लेट फीस भरनी पड़ सकती है। वहीं, यदि टैक्सपेयर की सालाना इनकम 5 लाख रुपये से कम है, तो उसे लेट फीस के तौर पर 1,000 रुपये भरने पड़ेंगे।

इडइ लागू कर रहा पाजिटिव पे सिस्टम बैंक आफ बड़ौदा 1 अगस्त से अपने चेक भुगतान के नियम में बदलाव कर रहा है। जानकारी के मुताबिक, बैंक आफ बड़ौदा 1 अगस्त से 5 लाख या उससे ज्यादा की राशि वाले चेक के भुगतान के लिए पाजिटिव पे सिस्टम अनिवार्य कर रहा है। बैंक ने इस बदलाव के पीछे चेक पेमेंट को सुरक्षित बनाने और बैंक फ्राड के केस रोकने का हवाला दिया है। गैस सिलेंडर हो सकता है महंगा

बता दें कि हर माह की पहली तारीख को एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों की समीक्षा की जाती है। ऐसे में माना जा रहा है कि प्राकृतिक गैस की बढ़ती कीमतों की वजह से घरेलू और कामर्शयिल गैस सलिंडर के दामों में कुछ बढ़ोतरी हो सकती है।

दिल्लीवाले ले पाएंगे वायु प्रदूषण के असली कारणों की जानकारी प्रदूषण से बदहाल देश की राजधानी दिल्ली में इससे बचाव के कई उपाय किए जा रहे हैं। दिल्ली सरकार लगातार कोशिशों में थी कि वह रियल टाइम सोर्स डिविजन और पूर्वानुमान प्रणाली जनता के समक्ष प्रस्तुत कर सके। इसके जरिये क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर प्रदूषण के कारणों का पता लगाकर उसका निवारण किया जा सकेगा।

प्राप्त जानकारियों के अनुसार दिल्ली सरकार अपने इस प्रयास की सफलता के काफी करीब आ गई है। सरकार ने सूचना दी है कि इस साल 1 अगस्त से प्रदूषण का रियल टाइम डाटा लिया जा सकेगा।

## स्कूली शिक्षा का उद्देश्य छात्रों को अच्छा मनुष्य, देशभक्त, रोजगार योग्य बनाना: केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि उनकी स्कूली शिक्षा का उद्देश्य छात्रों को अच्छा मनुष्य, देशभक्त और रोजगार हासिल करने योग्य बनाना है। हैप्पीनेस पाठ्यक्रम के चार साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में केजरीवाल ने कहा कि जब वह सत्ता में आए थे, तब स्कूलों की स्थिति खराब थी और बोर्ड की परीक्षा के परिणाम भी अच्छे नहीं आते थे। उन्होंने कहा, लेकिन अब हम अच्छा कर रहे हैं। हमने विभिन्न पाठ्यक्रम जारी किए हैं और शैक्षणिक दबाव को कम किया है। हैप्पीनेस कक्षाओं से बच्चों का तनाव कम हुआ और इसलिए दिल्ली में छात्रों की आत्महत्या का कोई मामला भी नहीं सामने आया। मुख्यमंत्री ने बताया कि वे छात्रों को ऐसा बनाना चाहते हैं, जो नफरत नहीं बल्कि देश में प्रेम के संदेश का प्रचार करें। केजरीवाल ने कहा कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पत्नी ने भी दिल्ली सरकार की हैप्पीनेस कक्षाओं में हिस्सा लिया था और वह उससे काफी प्रभावित भी हुई थीं।

# दिल्ली मेट्रो यात्रियों को डीएमआरसी ने दी खुशखबरी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली मेट्रो में सफर के दौरान मोबाइल फोन पर बात करने के दौरान कॉल ड्रॉप की समस्या से परेशान हैं तो इससे छुटकारा दिलाने के लिए दिल्ली मेट्रो रेल निगम तेजी से काम कर रहा है। दिल्ली मेट्रो के अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन के साथ अन्य स्टेशनों पर भी अब कॉल ड्रॉप की समस्या नहीं हो, इसके लिए नेटवर्क सही करने को लेकर उत्पद पूरी प्लान बनाया है, जिस पर तेजी से काम किया जा रहा है। इसको लेकर दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने हाल ही में जानकारी साझा की है, जिन दिल्ली मेट्रो के 29 मेट्रो स्टेशनों पर कॉल ड्रॉप की समस्या पर तेजी से काम किया जा रहा है। दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने ऐसा प्लान तैयार किया है, जिसके बाद मेट्रो ट्रेन में सफर के दौरान यात्रियों को मोबाइल फोन कनेक्टविटी से जुड़ी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। दिक्कत वाली जगहों पर केबल लाइनों को बिछाने काम तेज संबंधित अधिकारियों के अनुसार, डीएमआरसी और टीसीआईएल की तकनीकी टीम ने स्टेशनों और सुरंगों समेत उन जगहों पर केबल बिछाने और उपकरणों को स्थापित करना जारी है। उनके इलाकों और मेट्रो स्टेशनों पर अधिक फोकस किया जा रहा है, जहां पर सबसे ज्यादा कॉल ड्रॉप अथवा मोबाइल कनेक्टिविटी की दिक्कत होती है। काम कुछ महीने में पूरा होने की उम्मीद है। दरअसल, दिल्ली मेट्रो के कई अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशनों पर खराब मोबाइल कनेक्टिविटी की वजह से लोगों को कॉल ड्रॉप का सामना करना पड़ता था। यात्रियों की समस्या के मद्देनजर उत्पद ने तीन कॉरिडोर के 29 अंडरग्राउंड स्टेशन पर मोबाइल फोन कनेक्टिविटी में सुधार और कॉल ड्रॉप की दिक्कत दूरने करने की दिशा में काम करना शुरू कर दिया है। पिछले काफी समय से अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशनों पर नेटवर्क सुधार के लिए लगातार काम कर रहा है। इसी दिशा में अब एक बार फिर से 29 अंडरग्राउंड स्टेशन पर नेटवर्क सुधार के लिए काम किया जा रहा है। इसमं ताजा अपडेट यह है कि जल्द ही इस समस्या पर पूरी तरह से काबू पा लिया जाएगा। 29 अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशनों पर भी दूर होगी दिक्कत डीएमआरसी से मिली जानकारी के अनुसार, जिन 29 मेट्रो स्टेशनों पर कॉल ड्रॉप और मोबाइल कनेक्टिविटी संबंधी समस्या को दूर करने के लिए काम किया जा रहा है, उनमें से 20 स्टेशन येलो लाइन पर हैं। इसके अलावा, 6 मेट्रो स्टेशन वायलेट लाइन पर हैं, जबकि तीन ब्लू लाइन (द्वारका) पर हैं।

## स्कूलों में कमरों के निर्माण में अनियमितता की जांच करेंगे मुख्य सचिव

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में केजरीवाल सरकार की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। नई आबकारी नीति की जांच का मामला अभी थमा नहीं है और लोकायुक्त ने एक और जांच के आदेश दे दिए हैं। दरअसल स्कूलों के कमरे निर्माण में अनियमितता की शिकायत पर लोकायुक्त ने दिल्ली के मुख्य सचिव को जांच के निर्देश दिए हैं। इसमें लोकायुक्त ने कहा, शिकायत को लेकर दिल्ली सरकार के संबंधित विभागों का पक्ष उपलब्ध कराएं, जरूरत हो तो जांच कर पूरी रिपोर्ट दें। स्कूलों के कमरों के निर्माण को लेकर उत्तरी पूर्वी दिल्ली से भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने लोकायुक्त से शिकायत की थी।

# ऊर्जा के क्षेत्र में मजबूत हो रहा है भारत- अनिल बांका

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

मयूर विहार स्थित एएसएन पब्लिक स्कूल में ऊर्जा मंत्रालय ने पूर्वी जिला प्रशासन के साथ मिलकर बिजली महोत्सव मनाया। इसमें मुख्य रूप से पूर्वी जिलाधिकारी अनिल बांका और ऊर्जा विभाग के नोडल अधिकारी रिजवान उर रहमान उपस्थित रहे। स्कूल के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में मंत्रालय की ओर से आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मनाए जा रहे उज्ज्वल भारत उज्ज्वल भविष्य-ऊर्जा 2047 महोत्सव से जुड़े लघु वीडियो दिखाए गए। जिलाधिकारी अनिल बांका ने कहा कि मौजूदा वक्त में चार लाख मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रही है। पिछले कुछ वर्षों में बिजली वितरण के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया गया है। भारत ऊर्जा के क्षेत्र में मजबूत हो रहा है। नोडल अधिकारी रिजवान उर रहमान ने कहा कि ऊर्जा मंत्रालय ने उन स्थानों तक बिजली पहुंचाई है। ऊर्जा के क्षेत्र में किया जा रहा बेहतर काम उन्होंने कहा कि इसकी कल्पना कभी लोगों ने की नहीं थी। ऊर्जा मंत्रालय बिजली क्षेत्र के किए गए विकास कार्य को बड़े स्तर पर पर नागरिकों तक पहुंचा रहा है। एडीएम पुनीत पटेल और एसडीएम प्रीत विहार राजेंद्र कुमार ने लोगों को अपने घरों में सोलर पैनल लगाने के लिए प्रेरित किया।

**कार्यक्रम** 700 से अधिक छात्रों को डिग्री दी गई

# अरबिंदो कॉलेज में संपन्न हुआ दीक्षान्त समारोह

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध श्री अरबिंदो कॉलेज ने शुक्रवार को सेमिनार हॉल में भव्य दीक्षान्त समारोह का आयोजन किया जिसमें 700 से अधिक विज्ञान, वाणिज्य व मानविकी के छात्रों को मुख्यअतिथि दिल्ली टीचर्स यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर धनजंय जोशी ने डिग्री प्रदान की। बता दें कि कॉलेज से विभिन्न विषयों विज्ञान, वाणिज्य तथा मानविकी आदि में सफलता पूर्वक स्नातक कर चुके विद्यार्थियों को (डिग्री) स्नातक उपाधि प्रदान किए जाने वाले इस दीक्षान्त समारोह को आयोजित करने की श्री अरबिंदो कॉलेज की अपनी विशिष्ट परंपरा रही है किन्तु कोविड समस्या के चलते विगत दो वर्षों से इस कार्यक्रम का आयोजन स्थगित करना पड़ा था। कॉलेज के मीडिया संयोजक डॉ. हंसराज सुमन ने बताया है कि श्री अरबिंदो कॉलेज अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण कर इसी वर्ष अपना गोल्डन जुबली भी मना रहा है। साथ ही देश की आजादी के अमृत महोत्सव की पृष्ठ भूमि में कॉलेज वर्ष भर से अनेक अकादमिक सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित कर रहा है। ऐसे में आयोजित इस दीक्षान्त समारोह में पूर्व छात्रों के साथ ही अकादमिक जगत से जुड़े अनेक गणमान्य व्यक्तियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। उन्होंने बताया है कि उपाधि वितरण कार्यक्रम के इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली सरकार द्वारा हाल ही में स्थापित दिल्ली टीचर्स यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर शिक्षाविद व पर्यावरणविद प्रोफेसर धनजंय जोशी, कॉलेज की गवर्निंग बॉडी के चेयरमैन श्री देवेंद्र तोमर, प्राचार्य प्रो. विपिन अग्रवाल के अलावा दीक्षान्त समारोह की कार्यक्रम संयोजक प्रो. वंदना भल्ला, डॉ.प्रदीप कुमार सिंह, डॉ. आर.के. वर्मा, डॉ.मीता माथुर, डॉ.हंसराज सुमन, डॉ.सुमित मौर्य, डॉ. राजबीर यादव आदि शिक्षक उपस्थित रहे। मंच का संचालन डॉ. वंदना मुंजाल तथा डॉ.शिखा नारंग ने किया। दीक्षांत समारोह में उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए प्रो. धनजंय जोशी ने कहा कि आज का समय उच्च शिक्षा प्रणाली में बड़े परिवर्तन का समय है जिसमें शिक्षा प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि आज हम यदि समाज में श्री अरबिंदो, शहीद भगत सिंह व डॉ. अम्बेडकर जैसे नेतृत्वकर्त्ता रोल मॉडल व्यक्तित्व नहीं पैदा कर पा रहे हैं तो इसका कारण है कि हमारी व्यवस्था में ह्लीडरशिप क्राइसिस है। आज हम विजडम और ज्ञान परंपरा से हटकर सूचना परम्परा जीवी हो चुके हैं। हम अपने लिए अपना बेस्ट नहीं दे पा रहे हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि अमरीकी का बेस्ट ब्रेन अमेरिका के लिए बेस्ट कर रहा है, जापान का जापान के लिए सर्वोत्तम कर रहा है किन्तु भारत का सर्वोत्तम मस्तिष्क भारत देश के लिए सर्वोत्तम नहीं दे पा रहा है। इसका कारण है कि हम अपनी संस्कृति से जुडी मूल्यवत्ता पूर्ण शिक्षा पद्धति से कट गए हैं। प्रोफेसर जोशी ने आगे कहा कि आज हम सूचना और डेटा के युग में अपनी संवेदना भुलाकर स्वयं डेटा मात्र होकर रह गए हैं।

# दिल्ली के लाखों बच्चों को हैप्पीनेस क्लास का मिल रहा फायदा:केजरीवाल



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमने शिक्षा पर 90 हजार करोड़ रुपये खर्च किए। यानी दिल्ली के बजट का 25 प्रतिशत। हमे यहां के टीचर्स को ट्रेन्ड किया। शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को अच्छा इंसान बनाना है। उनको कट्टर देशभक्त बनाना है। वो शिक्षा पूरी करने के बाद अपना जीवन-यापन कर सके, वो कुछ अपना काम कर सके, इसलिए हैप्पीनेस कोर्स शुरू किया। हम चाहते हैं कि बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ अन्य जिम्मेदारियों को भी समझें। वो दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में हैप्पीनेस क्लास के मौके पर बच्चों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हैप्पीनेस क्लास से बच्चों का तेजी से विकास हुआ। दिल्ली के स्कूलों में हर सुबह एक साथ 18 लाख बच्चे हैप्पीनेस क्लास करते हैं। इससे अच्छी वाइब्रेशन उत्पन्न होती है। एंटरप्रेन्योरशिप क्लास से भी बच्चों को गजब का आत्मविश्वास मिल रहा है। हैप्पीनेस क्लास का ही नतीजा है कि यहां बच्चे सुसाइड नहीं करते हैं। बच्चे मानसिक रूप से मजबूत बन रहे हैं। उन्होंने स्टेडियम में मौजूद बच्चों को जीवन विद्या और विपश्यना के बारे में भी बताया। कहा कि हैप्पीनेस क्लास चलाते हुए चार साल का समय हो चुका है इसी वजह से हम यहां पर एकत्र हुए हैं। जब सरकार बनी थी तो रिजल्ट अच्छे नहीं आ रहे थे।

क्लासिफाइड

सार्वजनिक सूचना

सार्वजनिक जनमानस को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम मोहम्मद उस्मान पुत्र महबूब हसन मेरी मार्कशीट एवं शिक्षित प्रमाण पत्र बैग सहित कहीं गुम हो गया है अगर किसी व्यक्ति को मिलता है तो इस पते पर सूचित करें जिसकी सूचना मैंने संबंधित थाने को भी दे कर सूचित करा दिया है ग्राम फतेहपुर पोस्ट असमोली जनपद संभल मोबाइल नंबर 9870643720

## संक्षिप्त खबरें

### राज्य सरकार ने लांच किया कलाकार पंजीकरण पोर्टल : रणबीर सिंह सांगवान



गुरुग्राम। हरियाणा सरकार ने आजादी अमृत महोत्सव के तहत प्रदेश के कलाकारों के लिए नई पहल करते हुए कलाकार पंजीकरण पोर्टल लांच किया है, जिस पर कलाकार 31 जुलाई तक अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के संयुक्त निदेशक एनसीआर रणबीर सिंह सांगवान ने बताया कि इस पोर्टल के माध्यम से लोक कलाकारों को कला एवं सांस्कृतिक विभाग से जुडने का मौका मिलेगा। सरकार की ओर से कला एवं संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। इस पोर्टल की विशेषता यह है कि इस पर इच्छुक कलाकार स्वयं अपना पंजीकरण कर सकते हैं। इस पोर्टल के माध्यम से कलाकारों को आजीविका के अवसर मिलने के साथ-साथ उनकी कला एवं हुनर को नई पहचान भी मिलेगी। कलाकारों को पोर्टल पर केवल एक बार ही पंजीकरण करना होगा।

# समाज को पर्यावरण के प्रति जागरुक करें शिक्षण संस्थान : नवीन गोयल

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने शुक्रवार को रॉक फोर्ड स्कूल गांधी नगर में पौधारोपण करके अपनी मुहिम को आगे बढ़ाया। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त गुरुग्राम के तहत उन्होंने कपड़े के थैले भी वितरित किए। नवीन गोयल ने कहा कि किसी भी विषय पर समाज में जागरुकता लाने के लिए शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान होता है।

वहां बच्चों को दी जाने वाले शिक्षा के साथ सामाजिक मुद्दों पर उन्हें जानकारी देकर समाज तक पहुंचाई जा सकती है। इस दिशा में सभी शिक्षण संस्थान कार्य करें। उन्होंने गुरुग्राम समेत पूरे हरियाणा के स्कूल, कालेज प्रबंधन से यह आह्वान किया है कि वे पर्यावरण में सुधार के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करने की ना केवल प्रेरणा दें, बल्कि पौधारोपण करें भी। यह जरूरी नहीं कि हम अपने ही कैंपस को हरा-भरा बनाएं, बल्कि बच्चों को बाहर ले जाकर भी खाली स्थानों पर पौधे लगा सकते हैं। उन्होंने रॉक फोर्ड स्कूल के चेयरमैन मुकेश डागर व मैनेजमेंट को शुभकामनाएं दी कि उन्होंने पूरा विद्यालय कैंपस हाईजीन किया हुआ है। यह पर्यावरण के प्रति सजगता के लिए बेहतरीन कार्य है। नवीन गोयल की ओर से इस कार्यक्रम में पौधारोपण करने के साथ कपड़े के थैले भी वितरित किए गए। उन्होंने अधिक से अधिक पौधे लगाकर प्रकृति की रक्षा करने के लिए प्रेरित किया। जिला बार एसोसिएशन के

**कार्यक्रम**

- कार्यक्रम में पौधारोपण करने के साथ कपड़े के थैले भी वितरित किए गए

प्रधान विनोद कटारिया ने किया कि पर्यावरण में सुधार के लिए गुरुग्राम में जागरुकता लाने में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा प्रमुख नवीन गोयल कामयाब हो रहे हैं। पौधारोपण अब एक जन आंदोलन बनता जा रहा है। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने आसपास पार्कों आदि स्थलों पर पौधे लगाएं, ताकि पर्यावरण को सुधार जा सके। इस अवसर पर महासचिव राहुल भारद्वाज, बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव हेमंत भारद्वाज, ओमबीर शर्मा, गांधी नगर से पूर्व पार्षद राम सिंह, जयपाल मास्टर, डीडी शर्मा, नवीन शर्मा, उत्तराखंड प्रकोष्ठ प्रधान केशव प्रसाद शर्मा, पूर्वांचल समाज से डॉ. जे पी कुशवाहा, अवधेश गंगवार व यूपी एकता मंच से अमित, प्रकाश, मुकेश कुमार, समाजसेविका हरजीत कौर, स्कूल की प्रिंसिपल रेणु चौहान व अन्य जन उपस्थित रहे।

# अधिक समय तक स्मार्टफोन या कंप्यूटर पर काम करना आंखों के लिए खतरनाक : डा. नीरज संदूजा

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

बदलती जीवनशैली व आधुनिकता के चलते लोगों की आंखों में सूखेपन (ड्राईनेस) की अधिक समस्या देखने को मिल रही है। इसका मुख्य कारण अधिक समय तक स्मार्टफोन या कंप्यूटर पर काम करना। शुरूआत में ही आंखों का सूखापन घरेलू उपायों से ठीक हो जाते हैं लेकिन बार-बार यह समस्या होने पर नजरअंदाज करना आंखों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है।

ऐसे में तुरंत रोगी को चिकित्सक के पास जाकर आंखों का उपचार कराना चाहिए। सैक्टर 52 के गांव वजीराबाद स्थित वियान रेटिना सेंटर के मुख्य सलाहकार एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ, फोर्टिस मैमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट में बतौर वरिष्ठ सलाहकार के रुप में कार्यरत डा. नीरज संदूजा ने कहा कि पहले समय में ड्राईनेस की समस्या बहुत कम लोगों में देखने को मिलती थी, लेकिन जिस प्रकार से लोगों ने अब स्मार्टफोन या कंप्यूटर आदि का प्रयोग करना शुरू कर दिया है तो ड्राईनेस के रोगियों की



- आँखों को ड्राईनेस से बचाने के लिये कम्प्यूटर या स्मार्ट फोन के अधिक प्रयोग तथा टीवी आदि से बचना चाहिएः डा. नीरज संदूजा

संख्या में वृद्धि देखने को मिली है। डा. संदूजा ने कहा कि अधिक समय तक कंप्यूटर या मोबाईल का प्रयोग करना, लंबे समय तक कॉन्टैक्ट लेंस का प्रयोग, एसी में अधिक देर तक बैठना, प्रदूषण के कारण, दर्द निवारक, उच्च रक्तचाप एवं तनाव दूर करने वाली दवाओं का सेवन, विटामिन ए की कमी, वृद्धावस्था में कई बार आँसूओं का कम बनना, मुंहासें के इलाज के लिए प्रयोग की जाने वाली आइसोट्रेटीनियोन दवाएं भी इसका मुख्य कारण हैं। उन्होंने कहा कि आंखों में सूखेपन के साथ जलन एवं खुजली होने लगती है, किरकिरापन का आभास होता है, धुंधलापन छाया रहता है, रोशनी का सहन नहीं होना, आँखों का सिकुड़ कर छोटा हो जाना, आँखों में थकान व सूजन इसके लक्षण हैं।

नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. नीरज संदूजा ने कहा कि आँखों को ड्राईनेस से बचाने के लिये कम्प्यूटर या स्मार्ट फोन के अधिक प्रयोग तथा टीवी आदि से बचना चाहिए साथ ही आंखों में पंखे आदि की सीधी हवा न लगने दें, प्रदूषण एवं धूप में आँखों पर चश्मा लगाए। यदि कम्प्यूटर में अधिक देर तक काम करना भी पड़े तो कुछ समय के अन्तराल में आँखों को झपकाएं, करीब 20 मिनट कंप्यूटर या मोबाइल पर काम करने के बाद 5 मिनट का गैप देकर दूर तक देंखे और फिर काम करें, ठंडे पानी से धोएं। ताजा फल, सब्जियों आदि का प्रयोग करें। धूम्रपान, एल्कोहल का सेवन या अत्यधिक तनाव से बचे।

# उज्जवल भारत-उज्जवल भविष्य 2047 के तहत मनाया बिजली महोत्सव

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

गुरुग्राम में बेहतर बिजली आपूर्ति की जा रही है और यहां निर्बाध बिजली देने में बिजली निगम का इंफ्रास्ट्रक्चर मौजूद है। उक्त जानकारी सोहना रोड स्थित जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी के सभागार में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत दक्षिण हरियाणा बिजली निगम द्वारा आयोजित उज्जवल भारत उज्जवल भविष्य पावर 2047 कार्यक्रम में दी गई।

बिजली निगम के एसई पीके चौहान ने बताया कि गुरुग्राम जिला में पर्याप्त मात्रा में बिजली क्षेत्र में ढांचागत सुविधाएं उपलब्ध हैं। गुरुग्राम में 11 केवी के 1079 फीडर तथा 33 केवी के 25 फीडर हैं। यहां बिजली आपूर्ति के लिए 33 केवी के 5 सब स्टेशन हैं, 66 केवी के 18 सब स्टेशन हैं। वहीं जिला में 220 केवी के 13 सब स्टेशन तथा 400 केवी के 3 सब स्टेशन चल रहे हैं। गुरुग्राम में प्रतिदिन मांग के अनुरूप 1950



मेगावॉट बिजली आपूर्ति की जा रही है। गुरुग्राम में स्थापित इन्फ्रास्ट्रक्चर 3300 मेगावॉट तक बिजली आपूर्ति करने में सक्षम है।

गुरुग्राम बिजली उपभोक्ताओं की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यहां बिजली के बिलों को सभी भरते हैं और लगभग 500 करोड़ का रेवेन्यू जमा होता हैं। नगर परिषद तावडू की चेयरमैन मनीता गर्ग ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को 5725 कनेक्शन दिए हैं। 5 गांव की और शहर की पुरानी तारें बदली गई और बड़े ट्रांसफार्मर भी लगाए गए हैं। अन्य नई परियोजना भी बनाई गई है ताकि नीची ढीली तारों को भी बदला जा सके। महोत्सव में नाटकों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से स्कूली विद्यार्थियों ने भारत सरकार एवं हरियाणा सरकार द्वारा बिजली क्षेत्र में किए गए प्रगति कार्यों और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया। प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिवराज सिंह, डॉ धीरेंद्र सिंह परिहार, प्रेम सिंगल, रणवीर सिंह, संगीता सुनेजा, बृजेश यादव, शिवराज सिंह, कुलदीप नेहरा आदि मौजूद रहे।

### बाघ का मुखौटा पहनकर दिया बाघ बचाओ का सन्देश

**गुरुग्राम।** केआईआईटी वर्ल्ड स्कूल में अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस मनाया गया। इस दौरान बाघ संरक्षण के विषय पर एक चर्चा की गयी, जिसके बाद लेख लेखन, मुखौटा बनाना और कोलाज मेकिंग गतिविधियां हुई। विद्यार्थियों ने खुद यह मुखौटे तैयार किए, जिन्हें पहनकर बच्चों ने स्किट प्रस्तुत की जिसमें बताया गया कि कैसे राष्ट्रीय पशु की घटती संख्या के लिए मनुष्य को दोषी ठहराया जाता है। विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय पशु की दुर्दशा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कई तरह के संदेश दिए। इसमें भारत के पारिस्थितिक तंत्र के प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने में बाघ की भूमिका को दशार्या गया। प्रिंसिपल नीलिमा कामराह ने कहा की बाघों की घटती संख्या के लिए मनुष्य जिम्मेदार है, उन्होंने कहा की देश में बाघों की संख्या में कमी आने के कारण अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस मनाए जाने की शुरूआत हुई है। इससे आमजनता में बाघ संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ी है। बाघों के संरक्षण में आम जनता को अपना योगदान देना चाहिए।

# 5वी अंतर प्रादेशिक संगीत प्रतियोगिता के प्रथम चरण का हुआ आयोजन

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

सतयुग दर्शन संगीत कला केन्द्र द्वारा 5वींअन्तर प्रादेशिक सांगीतिक प्रतियोगिता का आयोजन सैक्टर 4 स्थित कम्युनिटी सेंटर के ऑडिटोरियम में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया और देशभक्ति एवं मानवीय मूल्यों पर आधारित गीतों की प्रस्तुति दी। प्राचार्य दीपेंद्र कांत ने बताया कि वर्तमान समय में संगीत एक ऐसा सशक्त माध्यम है जो व्यक्ति को शारीरिक-मानसिक रोगों व व्याधियों से मुक्ति प्रदान करता है।

संगीत का मानव जीवन में अहम स्थान है। संगीत की तीनों धाराएं गायन वादन व नृत्य न केवल स्वर ताल और लय की साधना है बल्कि एक योगिक क्रिया है। प्रवक्ता ने बताया कि प्रथम चरण की इंटरस्कूल प्रतियोगिताए भिन्न-भिन्न शहरों में आयोजित होंगी। जो स्कूल प्रथम स्थान हासिल करेंगे उनके मध्य 8 अगस्त को सतयुग दर्शन वसुंधरा में प्रतियोगिता आयोजित की



जाएगी। जो विद्यार्थी बेहतर प्रदर्शन करेंगे उनको सम्मानित किया जाएगा। जिला स्तर पर प्रतियोगिता में जो विजेता रहेंगे वे सभी 8 अगस्त को फरीदाबाद वसुंधरा परिसर में होने वाले ग्रैंड फिनाले में भाग लेंगे। इस आयोजन में नगर निगम पार्षद सीमा पाहूजा मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हुई। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम आजादी के 75 वें वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे हैं और देश प्रगति की तरफ अग्रसर है ऐसे में सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र ने जो यह बीड़ा उठाया है ये संस्था बधाई की पात्र है। उन्होंने बताया कि किसी भी देश की पहचान उसकी बाउंड्री या उसके मैप से नहीं होती किसी भी देश की पहचान उसके नागरिकों से और वहां के कल्चर से होती है। समूह गान प्रतियोगिता में लॉर्ड जीसस स्कूल प्रथम, सीसीए स्कूल द्वितीय तथा सिद्धेश्वर स्कूल तृतीय स्थान पर रहा जबकि समूह नृत्य में सीसीए स्कूल प्रथम, आकाश पब्लिक स्कूल द्वितीय व एमपीएस वर्ल्ड स्कूल तृतीय स्थान पर रहा। आयोजन को सफल बनाने में प्राचार्य दीपेंद्र कांत, व्यवस्थापक सुनीता विरमानी, नेहा नारंग, अमन नारंग, ऋचा नारंग, ऋचा विरमानी, रिम्पी वर्मा, साँची, ललित दुआ, अंजलि दुआ, एकता नारंग, गीतिका नारंग, कमल अरोरा, सृष्टि आदि का सहयोग रहा।

### हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित हुई बैठक

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

पूरे देश में 13 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक मनाए जाने वाले हर घर तिरंगा अभियान को नगर निगम गुरूग्राम क्षेत्र में सफलतापूर्वक मनाने के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को नगर निगम गुरूग्राम के संयुक्त आयुक्त विजय यादव ने जोन-2 क्षेत्र के निगम पार्षदों के साथ एक बैठक की तथा उनसे आह्वान किया कि वे अपने-अपने वार्डों में अभियान के तहत हर घर पर तिरंगा लगाने के लिए वार्ड वासियों को प्रेरित करें। उन्होंने बैठक में सभी पार्षदों से उनके वार्ड के अनुसार तिरंगे झंडों की संख्या के बारे में भी जानकारी ली तथा कहा कि तिरंगे झंडों के वितरण के लिए वार्ड वाईज टीमें गठित कर दी गई हैं। बैठक में निगम पार्षद रविन्द्र यादव, शकुंतला यादव, रिंपल यादव, दिनेश सैनी, जोनल टैक्सेशन ऑफिसर गुलशन सलूजा, कार्यकारी अभियंता मनोज कुमार, वरिष्ठ सफाई निरीक्षक ऋषि मलिक उपस्थित थे।

### व्यापारी से पौने दस लाख की धोखाधड़ी

**पलवल/हथीन।** व्यापार के नाम पर रूपडाका निवासी एक व्यक्ति के साथ 10 लाख 75 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला आया है। पुलिस ने मामले में दो नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव रूपडाका निवासी सलीम ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह भैंसों का व्यापार करता है। उसका व्यापार कोसी से कुछ लोगों के साथ चलता है। करीब तीन साल पहले उसने कोसी निवासी यूसूफ को उसने व्यापार के लिए 10 लाख 75 हजार रुपये उधार दिए थे। उक्त आरोपी से लगातार भैंसों का व्यापार चल रहा था। उसने विश्वास में जताकर उससे ये रकम धोखाधड़ी से ले ली। जब उससे रुपये वापस मांगे गए तो उसने रुपये देने से इंकार कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। जब भी वह उसके पास रुपये मांगने जाता है तो वह और उसके परिवार वाले उसे रुपये देने से इंकार कर देते हैं और उससे कहते हैं कि अगर रुपये मांगे तो उसे जान से मार दिया जाएगा। पुलिस ने मामले में यूसूफ और कलवा के खिलाफ धोखाधड़ी करने का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कांग्रेस सेवादल की बैठक का हुआ आयोजन



गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

कांग्रेस सेवादल की बैठक का आयोजन प्रदेश उपाध्यक्ष इंद्र सिंह सैनी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कमान सराय स्थित कार्यालय में किया गया, जिसमें सेवादल के कार्यकर्ता व सदस्य शामिल हुए। इंद्र सिंह सैनी ने भाजपा सांसदों द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के साथ किए गए अभद्र व्यवहार की निंदा करते हुए कहा कि भाजपा कभी भी किसी का सम्मान नहीं करती।

देश हो या देशवासी हर किसी का भाजपा ने अपमान किया है। स्मृति ईरानी द्वारा सोनिया गांधी के साथ अभद्रता की गई, जो भाजपा की छोटी मानसिकता को दशार्ता है। भाजपा जानबूझकर कांग्रेस को निशाना बना रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देशवासियों व देश के लिए आवाज उठाई है। भाजपा द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार की पोल खोली है, जिसको लेकर भाजपा सरकार कांग्रेस की आवाज को दबाना चाहती है। उन्होंने कहा कि राजनीति में सदैव विचारों की लड़ाई होनी चाहिए और जनता की भलाई के लिए कदम उठाए जाने चाहिए, लेकिन भाजपा कांग्रेस नेताओं पर व्यक्तिगत टिप्पणी कर रही है। गांधी परिवार ने जिस प्रकार से देश के लिए बलिदान दिया है, यह पूरा देश जानता है।

सोनिया गांधी ने भी देश हित के लिए पद का त्याग कर दिया था। इंद्र सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस हमेशा देशहित की बात करती है और देशवासियों का भला चाहती है।

# चिराग योजना के विरोध में उतरा प्राथमिक शिक्षक संघ



गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ गुरुग्राम के बैनर तले शुक्रवार को प्राथमिक शिक्षकों ने मुख्यमंत्री द्वारा लागू की गई चिराग योजना का जबरदस्त विरोध किया और नायब तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रधान दुष्यंत ठाकरान व जिला महासचिव अशोक प्रजापति ने बताया कि अभी हाल ही में मुख्यमंत्री ने चिराग योजना के नाम से एक ऐसी योजना शुरू की है जिसमें प्राइवेट स्कूलों में पढने वाले बच्चे की फीस का भुगतान हरियाणा सरकार करेगी जबकि इसके विपरीत राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूलों में पढने वाले जो गरीब बच्चे हैं। उनसे फीस वसूली करेगी।

यह सरकार की दोहरी नीति है और इसका सीधा-सीधा संकेत है कि आने वाले समय में सरकार सरकारी स्कूलों को पूरी तरह बंद कर देगी और इसका सीधा प्रभाव उन गरीब बच्चों पर पड़ेगा जिनके माता पिता 2 वक्त की रोटी जुटाने में दिन रात एक करना पड़ता है। कोषाध्यक्ष बलविंदर धारीवाल ने कहा कि इस योजना में भी सरकार एक 2 साल तो गरीब बच्चों की फीस देगी उसके बाद फीस देने से मना कर देगी और उस समय गरीब परिवार के बच्चों को पढ़ाने के लिए निजी विद्यालय भी साफ साफ मना कर देंगे तब वह बच्चा ना तो प्राइवेट स्कूल में पढ़ पाएगा और न ही उन सरकारी स्कूलों में जो उस समय पूरी तरह से बंद हो जाएंगे।

सचिव विनोद ठाकरान और तरुण सुहाग ने कहा कि संघ से जुड़े सभी प्राथमिक शिक्षक इस योजना को किसी भी कीमत पर लागू नहीं होने दिया जाएगा और इसको निरस्त करवाने के लिए राज्यस्तरीय प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर अशोक कादियान, शिव शक्ति शर्मा, शिवकुमार शर्मा, नरेंद्र शर्मा, मधुबाला, स्नेहलता, सीमा चकरपुर, चांदनी ग्रोवर, धर्मेंद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# बिना अनुमति पार्किंग चलाने पर सीएम उडनदस्ता व एमसीजी ने की कार्यवाही



गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

रेपिड मैट्रो स्टेशन डीएलएफ क्षेत्र के निकट अपने मकान के सामने खुद की जमीन व सरकारी फुटपाथ पर बिना किसी अनुमति के अवैध रूप से पार्किंग चलाने वाले संचालक पर मुख्यमंत्री उडनदस्ता गुरूग्राम व एमसीजी की सयुक्त टीमों द्वारा कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री उडन दस्ता टीम को सूत्रों के माध्यम से सूचना मिली कि रेपिड मैट्रो स्टेशन डीएलएफ क्षेत्र के पास अवैध रूप से बिना अनुमति के अवैध रूप से पार्किंग चलाई जा रही है। उडनदस्ता व एमसीजी सयुक्त टीमें उक्त स्थान पर पहुंची और जांच की। संयुक्त टीमों ने जब पार्किगं से संबंधित दस्तावेज मांगे तो वहां मौजूद युवक दस्तावेज नहीं प्रस्तुत कर पाया। पकडे गये युवक की पहचान नीरज के रुप में हुई है और उसके पास से पार्किगं की 22 पर्चिया व पार्किगं से सम्बन्धित अन्य कागजात मिले। बताया जाता है कि यह पार्किंग लगभग 2 महीने से थाना डीएलएफ फेस 3 एरिया मे रेपिड मैट्रो स्टेशन डीएलएफ फेस 2 के पास बिना अनुमति के चलाई जा रही थी। जिसके द्वारा गाडी खडी करने के लिए पार्किगं शुल्क के नाम पर कार पार्किग के 100 रूपए व मोटरसाईकिल पार्किगं के 50 रूपए लिया जाता था। थाना डीएलएफ फेस 3 ने मामला दर्ज कर कार्यवाही की है।

# राहुल हत्याकांडः प्रेम-प्रसंग के चलते की गई थी हत्या, चार आरोपी गिरफ्तार

बल्लभगढ, प्रात : किरण संवाददाता

छायंसा के राहुल हत्याकांड का शुक्रवार को फरीदाबाद पुलिस ने खुलासा कर दिया है। हत्या प्रेम प्रसंग के चलते की गई थी। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से सभी को सात दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है।

छायंसा गांव में 21 जुलाई की सुबह करीब 6.15 बजे राहुल अपने घर के पास अपने दोस्तों के साथ में बैठा हुआ था। उसी समय एक सफेद रंग की गाड़ी में चार युवक आए। उनमें से तीन युवकों ने गाड़ी से उतरकर पिस्तौल से राहुल पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। आस-पड़ोस के लोगों ने हमलावरों पर ईंट-पत्थर बरसाए। बावजूद इसके हमलावर गाडी में बैठकर भाग गये। राहुल को घायल अवस्था में सर्वोदय अस्पताल लेकर गए, जहां पर



डॉक्टरों ने राहुल को मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल पर पुलिस आला अधिकारियों ने पहुंचकर निरीक्षण किया। घटना के समय राहुल के माता-पिता ग्रामीणों के साथ वैष्णोदेवी गए हुए थे। राहुल के मामा हरेन्द्र की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियो की तलाश शुरू कर दी। पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा ने मुकदमे में शामिल आरोपियों पर 5-5 हजार रुपये का इनाम रखा गया था। डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस की टीम ने सोनीपत के खरखौदा से चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियो में अजय, पदम उर्फ राधे, राहुल उर्फ ब्रहमचारी और रोहित उर्फ केडी का नाम शामिल है। आरोपी अजय हत्याकंड का मुख्य आरोपी है। अजय और रोहित उर्फ केडी ने बी फार्मा कर रखी है। आरोपी पदम बीए तथा आरोपी राहुल उर्फ ब्रह्मचारी 11

- आरोपियों को सात दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया

वीं पास है। पूछताछ में पता चला कि मुख्य आरोपी अजय की एक लड़की से दोस्ती थी। लड़की मृतक राहुल से बात करने लगी। अजय लड़की को राहुल से बात करने से मना करता था और इस कारण आरोपी ने राहुल को अपने रास्ते से हटाने के लिए दस्तों के साथ मिलकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया। आरोपी राहुल उर्फ ब्रह्मचारी पर पूर्व में अवैध नशा तस्करी तथा लडाई-झगड़े के दो मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस की पूछताछ में खुलासा हुआ कि राहुल की हत्या के बाद आरोपियों ने चार अन्य संगीन वारदातों की योजना बना रखी थी। वारदातों को अंजाम देने से पहले ही क्राइम टीम ने आरोपियों को धर-दबोचा। आरोपियो को शुक्रवार को अदालत में पेश कर सात दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

### गुरुग्राम पुलिस के 5 पुलिसकर्मी हुए सेवानिवृत्त



**गुरुग्राम।** पुलिस विभाग में वर्षों तक सेवा देने के लिए शुक्रवार को 5 पुलिसकर्मी सेवानिवृत हो गए हैं। पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस लाईन में गुरुग्राम पुलिस विभाग के इंस्पेक्टर इंद्र प्रसाद, ईएससी बलबीर सिंह, तेजराम, जगजीत सिंह व सीटी रामौतार की सेवानिवृत्ति विदाई पार्टी का आयोजन किया गया तथा सेवा निवृत्त होने वाले सभी पांचों पुलिसकर्मियों को इनके अच्छे स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना के साथ विदाई दी गई। सभी सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को उनके कार्यकाल के दौरान किए गए विभिन्न अच्छे कार्य के लिए समय-समय पर उच्चाधिकारियों द्वारा प्रशंसा पत्र के साथ सम्मानित किया गया था।

# लायंस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने दिखाई कला एवं शिल्प में प्रतिभा

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

लायंस पब्लिक स्कूल ने आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी श्रेष्ठकला का आयोजन किया। इसमें प्रतिभागियों का उत्साह और उनकी प्रतिभा का यहां बेहतरी से प्रदर्शन किया गया। छात्राओं की सुंदर कृतियों की प्रस्तुति देख सभी मंत्रमुग्ध हो गए। नवोदित कलाकारों ने कई रचनात्मक विचार प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि संयुक्त आयुक्त काकुल सहरावत द्वारा किया गया।

उन्होंने छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए विचारशील विचारों पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने व्यक्ति के व्यक्तित्व को आकार देने में कला और शिल्प के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कलाकृतियों के सम्मोहक प्रदर्शन के लिए शिक्षकों और छात्रों के प्रयासों की सराहना की। पूर्व अध्यक्ष लायन डीवी तनेजा ने भी अपनी सौम्य



- कलाकृतियों के सम्मोहक प्रदर्शन के लिए शिक्षकों व छात्रों के प्रयासों की हुई सराहना

उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाई। उन्होंने प्रसन्नता के साथ कहा कि ऐसी प्रदर्शनियां स्कूलों में नियमित रूप से आयोजित की जानी चाहिए ताकि छात्रों को कला और शिल्प के माध्यम से अपने विचार साझा करने का अवसर मिले। लायन डॉ. सुनील सिंगला, सचिव, लायन तरुण वाधवा, कोषाध्यक्ष और लॉयन निशांत गाबा, एसोसिएट ट्रस्टी भी प्रदर्शनी में उपस्थित थे। प्रबंधक राजीव कुमार ने छात्रों की सराहना की और कहा कि इस तरह की गतिविधियां छात्रों को सहयोग और समय प्रबंधन के कौशल से सशक्त बनाती हैं। प्रिंसिपल दीपिंदर कौर ने जोर देकर कहा कि इस तरह के प्लेटफार्म रचनात्मक दिमागों के लिए असीम अवसर प्रदान करते हैं। पोस्टर बनाने से लेकर कांच की पेंटिंग और पेपर मैशे से लेकर अनेक लोककलाओं के प्रदर्शन के साथ यह प्रदर्शनी ऊर्जा और जोश से भरी रही।

सम्पादकीय

## ईडी को सुप्रीम अधिकार

सर्वोच्च अदालत के फैसले से स्पष्ट है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) एक केंद्रीय जांच एजेंसी है, कोई आतंक नहीं है, अलबत्ता आतंकवाद से ज्यादा जघन्य अपराध धनशोधन की जांच को पूरी तरह अधिकृत और वैध है। आजकल देश में ईडी का हव्वा छाया है, क्योंकि बड़े राजनेता और उद्योगपति आदि इसकी गिरफ्त में हैं। उनके खिलाफ जांच की गति फिर बढ़ेगी, क्योंकि सर्वोच्च अदालत ने सम्यक रूप से ईडी और उसके अधिकार-क्षेत्र को परिभाषित कर दिया है। धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) में वित्त विधेयक के जरिए बदलाव करने के मुद्दे पर 7 न्यायाधीशों की संविधान पीठ विचार करेगी। यह मुद्दा उसे सौंपने का निर्णय भी सुप्रीम अदालत की न्यायिक पीठ ने ही किया है। संविधान पीठ के गठन और विमर्श से पहले शीर्ष अदालत ने अपना फैसला सुनाया है कि ईडी को केस दर्ज करने, छापेमारी, समन भेजने, तलाशी, गिरफ्तारी, बयान दर्ज करने और संपत्ति जब्त करने का कानूनन अधिकार है। जमानत देने की उसकी अपनी प्रक्रिया है, जो काफी सख्त और पेचीदा है। सर्वोच्च अदालत के 545 पन्नों के फैसले के साथ ही 242 याचिकाएं खारिज कर दी गई हैं, जिनमें ईडी को राष्ट्रीय आतंक करार दिया गया था। उस पर राजनीतिक दुरुपयोग के ही ज्यादातर आरोप चस्पा किए गए थे। कांग्रेसी प्रवक्ता तो उसे नकारा करार देने में जुटे थे। दरअसल हमारी व्यवस्था में यह स्वाभाविक भी है। ईडी, सीबीआई, आयकर सरीखी प्रमुख जांच एजेंसियां भारत सरकार के अधीन ही काम करती हैं, लेकिन जांच के स्तर पर स्वायत्त मानी जाती हैं। यदि इन एजेंसियों का दुरुपयोग अब किया जा रहा है, तो 2014 से पहले कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार लगातार 10 सालों तक सत्ता में थी। केंद्र में गैर-भाजपा सरकारें ज्यादातर रही हैं। उन सरकारों ने भी जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया होगा! ईडी धनशोधन के मामलों की जांच 1956 से कर रहा है। यूपीए सरकार के दौरान 2005 में पीएमएलए संशोधित किया गया था। तब चिदंबरम भारत सरकार में वित्त मंत्री थे। यदि इस कानून का दुरुपयोग ही किया जाता रहा है, तो चिदंबरम ऐसे प्रावधान कर सकते थे कि उन्हें और उनके सांसद-पुत्र को जेल न जाना पड़े। उनके खिलाफ ईडी की जांच आज भी जारी है। बहरहाल मोदी सरकार के दौरान भी इस कानून में संशोधन किए गए। यदि कानून के तहत औसतन सजा-दर 0.5 फीसदी है, तो उसके लिए कानून की प्रक्रिया जिम्मेदार है, न कि मोदी सरकार ही। कानून का औसत मामला भी 10-12 साल में निष्कर्ष तक पहुंच पाता है, जबकि ईडी आर्थिक अपराधों की जांच करता है। धनशोधन मामलों में कई परतें, कई व्यक्ति, कई स्रोत और संगठन संलिप्त होते हैं। यदि ईडी ने पाकिस्तान में बसे आतंकी सरगना हाफिज सईद, हिजबुल मुजाहिदीन के प्रमुख सैयद सलाहुद्दीन, ड्रग्स तस्कर इकबाल मिर्ची सरीखों की अवैध संपत्तियां जब्त की हैं और टेरर फंडिंग के 57 मामलों में 1249 करोड़ रुपए की संपत्तियां जब्त की हैं, तो ये ईडी के हिस्से की बड़ी सफलताएं हैं। दरअसल एक चोर यह दलील नहीं दे सकता कि अमुक भी चोर है। पहले उसकी जांच की जाए। जो केस ईडी के विचाराधीन हैं, उनकी तो जांच तय है, लेकिन दूसरे चोरों का नंबर भी आएगा। ताजातरीन मामला बंगाल सरकार के मंत्री पार्थ चटर्जी का है। ईडी ने नकदी के पहाड़, काली डायरियां और अवैध संपत्तियों के दस्तावेज बरामद किए हैं। क्या मंत्री को इसलिए छोड़ दिया जाए, क्योंकि वह विपक्षी खेमे के हैं? क्या इसी आधार पर कानून के दुरुपयोग के आरोप लगाए जाते रहेंगे? ये दलीलें बकवास हैं। बहरहाल सर्वोच्च अदालत ने ईडी के अधिकारों की वैधता की व्याख्या कर दी है। अब ईडी को लेकर जो भी दुष्प्रचार किए जाएंगे, वे बेमानी होंगे। यदि विपक्ष के पास तर्कसंगत मामले हैं, तो वह शीर्ष अदालत की चौखट खटखटा सकता है। सवाल कर सकता है कि भाजपा नेताओं के खिलाफ ईडी जांच शुरू हुई थी, लेकिन अब उन्हें छोड़ दिया गया है, वे दोषमुक्त कैसे हो सकते हैं? ईडी के विचाराधीन आज भी 992 प्रमुख मामले हैं। उन्हें जांच के बिना कैसे मुक्त किया जा सकता है? सोनिया गांधी और उनके परिवार के खिलाफ गंभीर मामला 2012 से चल रहा है, लेकिन अब भी जांच जारी है, क्या इसे ईडी की नाकामी माना जाए? ईडी पर नई सोच के साथ कुछ कहना ही सार्थक होगा। सवाल यह है कि अगर ईडी को सौंपी गई शक्तियां उससे वापस ले ली जाएं।

## अपने ही कर्म भोग रही कांग्रेस

अजीत द्विवेदी

सर्वोच्च अदालत ने नाउम्मीद किया। उम्मीद की जा रही थी कि प्रवर्तन विदेशालय, ईडी के असीमित अधिकारों को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए सर्वोच्च अदालत अपने पुराने फैसलों का ध्यान रखेगी और इसके अधिकारों को तर्कसंगत बनाने का फैसला सुनाएगी। लेकिन अदालत ने इसके हर अधिकार को न्यायसंगत ठहराया। छापा मारने, गिरफ्तार करने और संपत्ति जब्त करने के उसके अधिकार को सुप्रीम कोर्ट ने एब्सोल्यूट यानी संपूर्ण माना। उसे चुनौती नहीं दी जा सकती है। इसके साथ ही अदालत ने धन शोधन निरोधक कानून यानी पीएमएलए में गिरफ्तार व्यक्ति की जमानत की सख्त शर्तों का भी समर्थन किया। ध्यान रहे यह ऐसा कानून है, जिसमें अपनी बेगुनाही का सबूत जुटाने का जिम्मा आरोपी का होता है। बाकी मामलों में पुलिस या प्रवर्तन एजेंसी आरोपी को दोषी साबित करने के सबूत जुटाती है लेकिन इसमें आरोपी को बेगुनाही का सबूत जुटाना होता है। ऐसा कोई सबूत सामने आने पर ही जमानत का प्रावधान है।

सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की बेंच ने जमानत के इस प्रावधान को गलत माना था और इस पर सवाल उठाए थे। पांच साल पहले जस्टिस रोहिंटन नॉरीमन और जस्टिस संजय किशन कौल की बेंच ने पीएमएलए के मामले में जमानत के प्रावधान को मनमाना और असंवैधानिक करार दिया था। दोनों जजों ने कहा था कि हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि न्याय की बुनियादी धारणा किसी भी आरोपी को तब तक बेगुनाह मानने की है, जब तक कि उसका अपराध प्रमाणित नहीं होता है। यानी अपराधी साबित होने तक हर आरोपी बेगुनाह होता है। यह इकलौता मामला नहीं है, जिसमें सर्वोच्च अदालत ने ईडी से जुड़े कानूनों को लेकर इस तरह की टिप्पणी की हो। सितंबर 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय के प्रमुख को लेकर अहम फैसला सुनाया था। असल में प्रवर्तन निदेशक के एक साल के सेवा विस्तार को अदालत में चुनौती दी गई थी, जिस पर सुनवाई करते हुए जस्टिस एल नागेश्वर राव की बेंच ने कहा था कि सेवा विस्तार की अवधि खत्म होने में दो महीने बचे हैं इसलिए उनको पद पर रहने दिया जाए लेकिन सरकार आगे उनको सेवा विस्तार न दे। उन्होंने यह भी कहा था कि सेवा विस्तार देना सरकार का अधिकार है लेकिन ऐसा बहुत विशेष परिस्थितियों में ही किया जाना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश के बाद भी केंद्र सरकार ने प्रवर्तन निदेशक को सेवा विस्तार ही नहीं दिया, बल्कि सेवा विस्तार का नया कानून बना दिया, जिसके तहत किसी भी एजेंसी के अधिकारी को उसकी नौकरी समाप्त होने के बाद पांच साल तक एक-एक साल का सेवा विस्तार दिया जा सकता है। तभी उम्मीद थी कि जस्टिस नॉरीमन और जस्टिस नागेश्वर राव के दो अलग अलग फैसलों की रोशनी में जस्टिस एएम खानविलकर की बेंच ईडी के अधिकारों पर विचार करेगी और उसमें कुछ कटौती करेगी ताकि विपक्षी पार्टियों के खिलाफ उसे हथियार की तरह इस्तेमाल होने से रोका जा सके। लेकिन तीन जजों की बेंच ने ईडी के एब्सोल्यूट अधिकार को बरकरार रखा।

एक तरफ ईडी के पास बिना कोई कागज दिखाए छापा मारने, गिरफ्तार करने, संपत्ति जब्त करने और आरोपी को लंबे समय तक हिरासत में रखने का अधिकार है तो दूसरी ओर सरकार के पास अधिकार है कि वह इस एजेंसी के प्रमुख पद पर एक-एक साल का सेवा विस्तार देकर किसी खास अधिकारी को बैठाए रखे। सोचें, इससे कितना कुछ बदल जाता है। सेवा विस्तार पर काम कर रहे अधिकारी की नौकरी तलवार की धार पर होती है। उसे किसी भी समय हटाया जा सकता है। रिटायर होने के साथ ही उसकी गारंटीशुदा सेवा समाप्त हो जाती है फिर वह सेवा विस्तार देने वाले राजनीतिक प्रमुख की कृपा से नौकरी कर रहा होता है। इसलिए उससे वस्तुनिष्ठ तरीके से कानून के पालन की उम्मीद कम हो जाती है। तभी यह अनायास नहीं है कि आज ईडी देश की सर्वाधिक चर्चित एजेंसी हो गई है। देश का शायद ही कोई विपक्षी दल होगा, जिसके नेताओं के खिलाफ ईडी की कार्रवाई नहीं चल रही है। असल में सीबीआई या किसी दूसरी एजेंसी के मुकाबले ईडी का इस्तेमाल आसान और ज्यादा प्रभावी है। याद करें कैसे दो साल पहले 2020 में देश के करीब आठ राज्यों ने सीबीआई को दिया गया जनरल कन्सेंट वापस ले लिया था। इसका मतलब था कि सीबीआई अपने आप उन राज्यों में जाकर जांच नहीं कर सकती थी। सो, सीबीआई का इस्तेमाल मुश्किल हो गया था। दूसरी एजेंसी आयकर विभाग है, लेकिन उसका इस्तेमाल उतना प्रभावी नहीं है क्योंकि उसके पास सख्त कार्रवाई करने का अधिकार नहीं है।

## साल भर की विकास गतिविधियां बाढ़ जोखिम कम कर सकती है

बाढ़ जैसे खतरे अक्सर चरम मौसम की घटनाओं से उत्पन्न होते हैं, लेकिन वे मानव जनित कारणों के कारण आपदा जोखिम में तब्दील हो जाते हैं। भारत के कई हिस्सों में बाढ़ आवर्ती घटना रही है जिससे जान-माल का नुकसान हुआ है और लोगों को परेशानी हुई है। भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश के निचले तटीय क्षेत्रों में रहने वाले एक सौ तीस मिलियन लोगों के बाढ़ के कारण सदी के अंत तक विस्थापित होने का उच्च जोखिम है। बाढ़ प्रबंधन के दृष्टिकोण पर फिर से विचार करने की आवश्यकता है ताकि बाढ़ से संबंधित नीति और प्रबंधन के लिए एक एकीकृत रणनीति बनाई जा सके। बाढ़ मानसून के दौरान बादल फटने और भारी वर्षा के अपवाह के कारण होती है। वर्षों से कोई समाशोधन कार्य नहीं होने के कारण गाद और रेत का संचय के परिणामस्वरूप नदियों की जल वहन क्षमता काफी कम हो जाती है, जिसके परिणामस्वरूप बाढ़ आती है।





**प्रियंका सौरभ**
**लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं**

बाढ़ विशेष रूप से शुष्क भूमि पर अपनी सामान्य सीमा से अधिक पानी की एक बड़ी मात्रा में अतिप्रवाह है। हाल ही में, असम के 32 जिलों में 5.5 मिलियन से अधिक लोग विनाशकारी बाढ़ के कारण प्रभावित हुए हैं। बाढ़ जैसे खतरे अक्सर चरम मौसम की घटनाओं से उत्पन्न होते हैं, लेकिन वे मानव जनित कारणों के कारण आपदा जोखिम में तब्दील हो जाते हैं। भारत के कई हिस्सों में बाढ़ आवर्ती घटना रही है जिससे जान-माल का नुकसान हुआ है और लोगों को परेशानी हुई है। भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश के निचले तटीय क्षेत्रों में रहने वाले एक सौ तीस मिलियन लोगों के बाढ़ के कारण सदी के अंत तक विस्थापित होने का उच्च जोखिम है। बाढ़ प्रबंधन के दृष्टिकोण पर फिर से विचार करने की आवश्यकता है ताकि बाढ़ से संबंधित नीति और प्रबंधन के लिए एक एकीकृत रणनीति बनाई जा सके।

बाढ़ मानसून के दौरान बादल फटने और भारी वर्षा के अपवाह के कारण होती है। वर्षों से कोई समाशोधन कार्य नहीं होने के कारण गाद और रेत का संचय के परिणामस्वरूप नदियों की जल वहन क्षमता काफी कम हो जाती है, जिसके परिणामस्वरूप बाढ़ आती है। जैसे झेलम बाढ़ पहाड़ी ढलानों के वनों की कटाई के परिणामस्वरूप जलस्तर अचानक बढ़ जाता है और बाढ़ आ जाती है। ब्रह्मपुत्र जैसी नदियाँ बार-बार अपनी दिशा बदलती हैं और नदी को रोकना लगभग असंभव है। आवासीय क्षेत्रों में उचित जल निकासी व्यवस्था का अभाव या अनियंत्रित नागरिक विकास और प्रवासन ने भूमि पर अत्यधिक दबाव डाला है। पहाड़ी क्षेत्रों में, पहाड़ियों पर अनियंत्रित निर्माण, जल प्रवाह को रोकने के लिए तटबंधों की विफलता और अत्यधिक वर्षा बाढ़ की समस्या को बढ़ा देती है। खनन मिट्टी को ढीला करता है और नदी तल के उत्थान में योगदान देता है।

अत्यधिक उच्च जनसंख्या घनत्व और अक्सर गैर-लागू विकास मानकों के कारण बाढ़ बहुत बड़ी संख्या में मृत्यु का कारण बनती है। लोगों के जीवन, संपत्ति और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को बड़ी मात्रा में नुकसान पहुंचता है। हाल के एक अध्ययन के अनुसार, 2050 तक मुंबई, चेन्नई, सूरत और कोलकाता एशिया-प्रशांत क्षेत्र के शीर्ष 20 शहरों मं से 13 में शामिल हो जाएंगे, जिन्हें वार्षिक बाढ़ के कारण भारी नुकसान का सामना करना पड़ेगा। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के साथ बाढ़ भविष्य के विकास को गंभीर रूप से प्रभावित करेगी, वर्तमान विकास लाभ को उलट देगी और जीवन की गुणवत्ता को कम कर देगी। काजीरंगा में विनाशकारी बाढ़ जानवरों के जीवन को प्रभावित करती है क्योंकि बाढ़ उनके आवास को बाधित करती है।

पिछले 5 दशकों में उठाए गए विभिन्न कदमों के बावजूद, बाढ़ के कारण बढ़ती क्षति और तबाही की प्रवृत्ति सरकार और लोगों के लिए चुनौती है। भारत के कुछ हिस्सों में बाढ़ मानसून की तरह ही नियमित होती है। लेकिन मानव निर्मित कारणों ने इस वार्षिक समस्या को और बढ़ा दिया है। जिन एजेंसियों को बाढ़ को नियंत्रण में रखने के लिए मिलकर काम करना चाहिए, उन्होंने अलग-अलग तर्ज पर काम किया है। राज्य समस्या को गंभीरता से नहीं लेते क्योंकि संविधान में संघ, राज्य या समवर्ती सूची के तहत बाढ़ प्रबंधन का उल्लेख नहीं है। पहले बाढ़ मुख्य रूप से एक ग्रामीण समस्या थी। अब बाढ़ शहरी क्षेत्रों में आती है और महीनों तक चलती है पहाड़ी क्षेत्रों में वर्षा-गेज स्टेशनों का कवरेज अभी भी अपर्याप्त है। बाढ़ के समय जंगली जानवर ऊंचे स्थानों पर चले जाते हैं। कई जानवर प्रकृति द्वारा नहीं मारे जाते हैं, लेकिन मुख्य रूप से उनके मांस के लिए उनकी अवसरवादी हत्या कर दी जाती है। बाढ़ जोखिम प्रबंधन रणनीति के मुद्दे देखे तो मुख्य रूप से केंद्र की सहायता की कमी के कारण बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रमों के तहत परियोजनाओं को पूरा करने में देरी, बाढ़ पूवार्नुमान नेटवर्क देश को पर्याप्त रूप से कवर करने के लिए पर्याप्त नहीं है। इसके अलावा, अधिकांश मौजूदा बाढ़ पूवार्नुमान केंद्र चालू नहीं हैं। समन्वय की कमी और जमीनी स्तर पर अपर्याप्त प्रशिक्षण बाढ़ प्रबंधन में सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है। बाढ़ जोखिम प्रबंधन रणनीति का समग्र उद्देश्य जोखिम की रोकथाम से हटकर आपदा जोखिम को कम करना होना चाहिए। वार्षिक बाढ़ के कारण सर्वविदित हैं। अब समय आ गया है कि नदियों पर शोध से मिले सबक को अमल में लाया जाए। जलवायु परिवर्तन और अलग-अलग वर्षा और नदी प्रवाह पैटर्न को देखते हुए, तटबंधों और जलाशयों को सबसे खराब स्थिति को समायोजित करने के लिए डिजाइन किया जाना चाहिए। केंद्र को बाढ़ नियंत्रण में अधिक सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। शॉर्ट टर्म सॉल्यूशन के विपरीत लॉन्ग टर्म प्लानिंग की कुंजी है। वाटरशेड प्रबंधन से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। शहरी नियोजन के प्रभावों को कम करने के लिए अग्रिम नगर नियोजन और वार्षिक तैयारी की जानी चाहिए। बार-बार बाढ़ आने वाले क्षेत्रों में मूल्यवान संपत्ति के निर्माण/लोगों के बसने को हतोत्साहित करना भी जरूरी है। आने वाली बाढ़ की अग्रिम चेतावनी देकर लोगों को समय पर निकालने और उनकी चल संपत्ति को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने की सुविधा प्रदान करने के लिए अधिक समन्वय पर ध्यान केंद्रित करते हुए केंद्र-राज्य तंत्र को और मजबूत करने की आवश्यकता है। शहरों के पास नालों और नालों की सफाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। सभी स्तरों पर वृक्षारोपण अभियान सही दिशा में उठाया गया कदम है। आपदा जोखिम के बारे में स्वदेशी लोगों की समझ पारंपरिक ज्ञान और लोक कथाएं कई पीढ़ियों तक पहुंचती हैं। इन स्वदेशी प्रथाओं ने आपदा जोखिम के प्रबंधन में मदद करने के लिए आधुनिक तकनीकों के साथ पारंपरिक ज्ञान का उपयोग किया है।

प्राकृतिक बाढ़ प्रबंधन (नेपाल और तिब्बती पठार में मौसमी बाढ़ के जोखिम को सीमित करने के लिए सदियों पुरानी पारंपरिक भविष्यवाणी और बाढ़ की रोकथाम के तरीके देखे तो इनमें बाढ़ प्रतिरोधी फसलें लगाना और जल निकासी खाई और खाई खोदना शामिल है। पर्यावरणीय संकेतकों का उपयोग करते हुए बादलों के आकार, वर्षा के पैटर्न, जीवों की गतिविधि, हवा की गति, तारे की स्थिति और तापमान में परिवर्तन के अवलोकन से बाढ़ का अनुमान लगाने और उनके प्रभावों को कम करने के लिए तैयारी शुरू करने में मदद मिलती है। बाढ़ के बाद के पारंपरिक उपचार - जैसे दस्त, हैजा और पेचिश के इलाज के लिए हरे नारियल के दूध का उपयोग करना - उपलब्ध होने वाले किसी भी आधुनिक चिकित्सा उपचार के साथ-साथ ठीक होने में मदद करता है।

## सुखद होती भारतीय एथलेटिक्स की तस्वीर

टोक्यो ओलम्पिक में इतिहास रचने के एक साल बाद पिछले दिनों अमेरिका के ओरेगन में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी रजत पदक जीतकर इतिहास रच दिया। ओलम्पिक खेलों में 121 वर्षों के इतिहास में कोई भी भारतीय एथलीट पदक नहीं जीत सका था और नीरज ओलम्पिक में पदक जीतने वाले पहले भारतीय ट्रैक एंड फील्ड एथलीट बने थे। टोक्यो में स्वर्ण पदक पदक जीतकर नीरज ने भारतीय एथलेटिक्स के एक नए युग की शुरूआत की थी और अब वह विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी रजत पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में भारत का 19 साल का सूखा भी खत्म कर दिया। उल्लेखनीय है कि विश्व चैंपियनशिप में भारत का अब तक का यह दूसरा पदक है, 2003 में लांग जंपर अंजू बॉबी जॉर्ज ने पेरिस में भारत को पहला पदक कांस्य दिलाया था।





**योगेश कुमार गोयल**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार हैं**

विभिन्न अंतरराष्ट्रीय खेल स्पधाओं में भारतीय खिलाड़ी पिछले कुछ समय से बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। देश को गौरवान्वित करते ऐसे ही खिलाड़ियों में भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा भी शामिल हैं, जिन्होंने टोक्यो ओलम्पिक में इतिहास रचने के एक साल बाद पिछले दिनों अमेरिका के ओरेगन में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी रजत पदक जीतकर इतिहास रच दिया।

ओलम्पिक खेलों में 121 वर्षों के इतिहास में कोई भी भारतीय एथलीट पदक नहीं जीत सका था और नीरज ओलम्पिक में पदक जीतने वाले पहले भारतीय ट्रैक एंड फील्ड एथलीट बने थे। टोक्यो में स्वर्ण पदक पदक जीतकर नीरज ने भारतीय एथलेटिक्स के एक नए युग की शुरूआत की थी और अब वह विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी रजत पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में भारत का 19 साल का सूखा भी खत्म कर दिया। उल्लेखनीय है कि विश्व चैंपियनशिप में भारत का अब तक का यह दूसरा पदक है, 2003 में लांग जंपर अंजू बॉबी जॉर्ज ने पेरिस में भारत को पहला पदक कांस्य दिलाया था। ओरेगन विश्व चैंपियनशिप 2022 में नीरज चोपड़ा ने क्वालिफिकेशन में 88.39 मीटर के साथ फाइनल में जगह बनाई और पदक राउंड में 88.13 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो करके रजत पदक जीता जबकि 90.54 मीटर की दूरी के साथ एंडरसन पीटर्स स्वर्ण पदक जीतकर विश्व चैंपियन बने, जिन्होंने फाइनल में तीन बार 90 मीटर के मार्क को पार किया। नीरज हालांकि थोड़े से अंतर से स्वर्ण पदक जीतने से चूक गए लेकिन भारत के लिए उनको मिली चांदी भी सोने से कम नहीं है। 18 साल की उम्र में नीरज वर्ष 2016 में आईएएएफ अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर किसी भी इवेंट और किसी भी उम्र के स्तर पर विश्व चैंपियन बनने वाले पहले भारतीय ट्रैक एंड फील्ड एथलीट बने थे और वह बेमिसाल उपलब्धि हासिल करने के बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। पोलैंड में आयोजित उस जूनियर चैंपियनशिप में नीरज ने 86.48 मीटर के विजयी थ्रो के साथ विश्व रिकॉर्ड भी बनाया था। उनसे पहले 84.69 मीटर थ्रो के साथ यह रिकॉर्ड लातविया के जिगिस्मंड्स सिरमाइस के नाम दर्ज था। वैसे 24 दिसम्बर 1997 को हरियाणा के पानीपत जिले के खांद्रा गांव में एक छोटे किसान के घर जन्मे नीरज टोक्यो ओलम्पिक में इतिहास रचने से पहले भी कई बड़ी-बड़ी चैम्पियनशिप जीत चुके हैं। भारतीय सेना के सूबेदार नीरज एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों, एशियन चैंपियनशिप, साउथ एशियन गेम्स तथा विश्व जूनियर चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक अपने नाम कर चुके हैं। 2016 में पोलैंड में जूनियर चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के बाद ही नीरज को सेना में जूनियर कमीशंड ऑफिसर के तौर पर नियुक्ति दी गई थी। मार्च 2021 में उन्होंने इंडियन ग्रैंड प्रिक्स-3 में 88.07 मीटर जैवलिन थ्रो के साथ अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया था। जून 2021 में पुर्तगाल के लिस्बन शहर में हुए मीटिंग सिडडे डी लिस्बोआ टूनामेंट में नीरज ने स्वर्ण पदक जीता था। 2016 में उन्होंने साउथ एशियन गेम्स में 82.23 मीटर दूर, 2017 में एशियन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में 85.23 मीटर दूर और 2018 में इंडोनेशिया के जकार्ता में हुए एशियाई खेलों में 88.06 मीटर दूर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीते। एशियाई खेलों के इतिहास में अब तक भालाफेंक में भारत को केवल दो ही पदक मिले हैं और नीरज पहले ऐसे भारतीय एथलीट हैं, जिन्होंने एशियन खेलों में स्वर्ण पदक जीता। उनसे पहले वर्ष 1982 में गुरतेज सिंह को कांस्य पदक मिला था। नीरज का अभी तक का सर्वश्रेष्ठ प्रयास 30 जून 2022 को स्वीडन में स्टॉकहोम डायमंड लीग 2022 में रहा है, जहां उन्होंने 89.94 मीटर के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड को स्थापित करने के साथ ही एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाया।

वैसे नीरज की एथलेटिक्स में आने की कहानी भी दिलचस्प है। उन्होंने या उनके परिवार के किसी सदस्य ने सपने में भी नहीं सोचा था कि नीरज एथलेटिक्स में किस्मत आजमाएंगे। बचपन में नीरज काफी मोटे और थुलथुले थे, 13 वर्ष की आयु में उनका वजन करीब 80 किलोग्राम था और तब परिवारवालों के दबाव में उन्होंने एथलेटिक्स के जरिये अपना वजन कम करने का निश्चय किया। परिजनों ने उन्हें प्रतिदिन दौड़ लगाने को प्रोत्साहित किया ताकि वजन कम हो सके लेकिन नीरज को दौड़ने में कोई दिलचस्पी नहीं थी। एक दिन उनके चाचा उन्हें गांव से करीब 15 किलोमीटर दूर पानीपत के शिवाजी स्टेडियम ले गए। वहां नीरज ने कुछ खिलाड़ियों को भाला फेंक का अभ्यास करते देखा तो उन्हें इस खेल से ऐसा लगाव हुआ कि वे अपनी कड़ी मेहनत के बलबूते देश के लिए पूरी दुनिया में इतिहास रचने में सफल हो गए। अपनी थ्रोइंग स्किल्स को बेहतर बनाने के लिए उन्होंने जर्मनी के बायो-मैकेनिक्स विशेषज्ञ क्लाउस बार्तोनित्ज से प्रशिक्षण लिया, जिससे उनके प्रदर्शन में निरंतरता आई।

देश के एक अनुभवी भालाफेंक खिलाड़ी जयवीर चौधरी ने नीरज की प्रतिभा को पहचाना, जिसके बाद बेहतर सुविधाओं की तलाश में वह 2011 में पंचकूला के देवीलाल स्टेडियम पहुंच गए, जहां उनका सामना राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों से हुआ और वहां मिलने वाली बेहतर सुविधाओं का लाभ उठाकर वह बहुत कम समय में वर्ष 2012 के अंत में अंडर-16 राष्ट्रीय चैम्पियन बन गए। उसके बाद और आगे बढ़ने के लिए उन्हें बेहतर उपकरणों और अच्छी खुराक के लिए वित्तीय सहायता की जरूरत थी। ऐसे में उनके संयुक्त किसान परिवार ने उनकी हरसंभव मदद की, जिसकी बदौलत वह वर्ष 2015 में राष्ट्रीय शिविर में शामिल हो गए और अगले ही साल 2016 में जूनियर विश्व चैम्पियनशिप में विश्व रिकॉर्ड के साथ ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतकर सुर्खियों में आए। उनकी लगन तथा कड़े परिश्रम का ही नतीजा टोक्यो ओलम्पिक में ऐतिहासिक जीत के बाद विश्व चैंपियनशिप में जीत के रूप में भी दुनिया के सामने है। नीरज की बेमिसाल उपलब्धियों की ही बदौलत उन पर न केवल लगातार इनामों की बरसात हो रही है बल्कि ओलम्पिक में सोना जीतने के बाद वह खेलों के साथ-साथ विज्ञापन की दुनिया में भी स्टार बनकर उभरे हैं।

## महात्मा गांधी का सामाजिक प्रयोग

गिरीश्वर मिश्र

आजकल विभिन्न राजनीतिक दलों के लोक लुभावन पैंतरों और दिखावटी सामाजिक संवेदनशीलता के बीच स्वार्थ का खेल आम आदमी को किस तरह दुखी कर रहा है यह जगजाहिर है। परंतु आज से एक सदी पहले पराधीन भारत में लोक संग्रह का विलक्षण प्रयोग हुआ था। इंग्लैण्ड, दक्षिण अफ्रीका और भारत में जीवन का अधिकांश हिस्सा बिताने के बाद उम्र के सातवें दशक में पहुंच रहे अनुभवी-परिपक्व गांधीजी ने आगे के समय के लिए वर्धा को अपनी कर्मभूमि बनाया था। नागपुर से 75 किलोमीटर की दूरी पर स्थित वर्धा अब रेल मार्गों और कई राष्ट्रीय राजमार्गों से जुड़ चुका है। तब महात्मा गांधी ने धूल-मिट्टी-सने और खेती-किसानी के परिवेश वाले इस पिछड़े ग्रामीण इलाके को चुना और गाँव के साधारण किसान की तरह श्रम-प्रधान जीवन का वरण किया। इसके पीछे उनकी यह सोच और दृढ़ विश्वास था कि भारत का भविष्य देश के गाँवों के सशक्त होने में निहित है। उनकी दृष्टि में स्वतंत्रता का प्रयोजन सिर्फ राजनैतिक सत्ता-परिवर्तन तक सीमित न होकर पूरे भारतीय समाज की सर्वोन्मुखी उन्नति या सर्वोदय था। गांधीजी ने यह संदेश भी दिया कि सामाजिक जीवन को समग्रता में देखने की आवश्यकता है और शिक्षा, स्वास्थ्य, राजनैतिक चेतना, आजीविका और सामाजिक जीवन सभी एक-दूसरे से अभिन्न रूप से गुंथे हुए हैं, इस काम में समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलना होगा और इसकी पद्धति विकेन्द्रित होगी। राजनीतिक जीवन का उनका सघन अनुभव सामाजिक परिवर्तन की दिशा में आगे बढ़ने के लिए धकेल रहा था। वह राजनीति के प्रयोजन को व्यावहारिक स्तर पर पुनर्परिभाषित कर रहे थे। सन 1930 में दांडी सत्याग्रह के दौरान गांधीजी को लगा कि स्वतंत्रता आंदोलन का केंद्र भौगोलिक दृष्टि से भारतवर्ष के मध्य में होना चाहिए। इसका समाधान तब मिला जब सेठ जमनालाल बजाज के आग्रह पर गांधीजी 1934 में वर्धा पहुँचे। आरंभ में जमनालाल जी द्वारा दिए गए एक बड़े भूखंड पर अखिल भारतीय ग्रामोद्योग संघ की शुरूआत की ताकि गावों की हस्त-कलाएं और हुनर, खेती से जुड़े कुटीर उद्योग, सफाई और अस्पृश्यता-निवारण आदि सामाजिक- आर्थिक कार्यों को अमलीजामा पहनाया जा सके। यह स्थान ह्यमगनवाड़ीह्ण के रूप में विख्यात हुआ। ग्रामीणों को खादी, चरखा चलाने, हिसाब-किताब करने, दुग्ध उत्पादन, तेल निकालने और अन्य आर्थिक कार्यों के लिए प्रशिक्षण दिया जाने लगा। निश्चय ही यह सब स्वावलंबन के सहारे स्वदेशी और सर्वोदय के आंदोलन को जमीनी स्तर पर आगे बढ़ाने के लिए शुरू किया गया एक क्रांतिकारी सामाजिक प्रयोग था। इस तरह वर्धा राष्ट्र-निर्माण के लिए रचनात्मक कार्यक्रमों की प्रयोगशाला बन गया। मगनबाड़ी में दो साल बड़े काम के रहे पर गांधीजी गाँव में रहने वाले एक सीधे-साधे किसान की जिंदगी जीना चाहते थे। कस्बे के किनारे मगनबाड़ी से दस किलोमीटर दूर एक निर्जन से इलाके में ह्यसेगाँवह्ण नामक स्थान पर आश्रम स्थापित करने का निश्चय हुआ। जमनालाल जी द्वारा दी गई जमीन पर आश्रम का निर्माण हुआ। सन 1936 में 67 वर्ष की आयु वाले गांधीजी सेगाँव पहुंचे और वहीं स्थायी रूप से रहने लगे। उन्होंने इसका नाम बदल कर 1940 में ह्यसेवा ग्रामह्ण (सेवा करने के लिए स्थान) रख दिया। वहीं कस्तूरबा और अपने कई अनुयायियों के साथ कुछ कुटियों में वे रहे। सार्वजनिक रसोई में दलित अस्पृश्य लोगों को लगाया गया ताकि लोगों के मन से अस्पृश्यता की घृणा की बाधा पार हो। महादेव देसाई, प्यारे लाल और राजकुमारी अमृत कौर ने सचिव का दायित्व संभाला। गांधीजी की कुटी की छत बांस, चटाई और खपड़े दीवारें मिट्टी से पुतीं थीं। खिड़कियां और दरवाजे भी बांस के थे। खजूर के पत्तों से चटाई बनी थी। बांस की आलमारी थी। गांधीजी ने सत्य, अहिंसा (दूसरों से प्रेम), ब्रह्मचर्य, अस्तेय (चोरी न करना), अपरिग्रह (जरूरत से ज्यादा सामान न रखना), शारीरिक श्रम, अस्वाद (स्वाद पर नियंत्रण), अभय, सर्वधर्म-समभाव, स्वदेशी और अस्पृश्यता-निवारण को आश्रम-व्रत नियत किया था। आश्रम का लक्ष्य गया रखा था- बिना घृणा के मातृभूमि की सेवा, दूसरों को दुःख दिए बिना अध्यात्म का विकास, साधन और साध्य की पवित्रता और आत्म-निर्भरता।

## संक्षिप्त खबरें

### ग्राहक बन दुकानदार से ठगा दस हजार का माल साफ

अमरोहा।ग्राहक बनकर एक ठग दुकानदार से दस हजार रुपए का राशन लेकर फरार हो गया। उसका फोटो दुकानदार की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया कोतवाली के कोट चौकी क्षेत्र के कोट चौराहे पर नितेश खंडेलवाल की न्यू नितेश सुपर स्टोर के नाम से दुकान है गुरुवार की शाम लगभग साढ़े पांच बजे एक व्यक्ति दुकान पर आया और लगभग दस हजार रुपये का घरेलू राशन उसने पैक करवा लिया उसके बाद उसने कहा कि वह रुपए अपने घर भूल आया है आप अपने नौकर को मेरे साथ भेज दो उसे मै घर से रुपये दे दूंगा नितेश ने अपने नौकर को उसके साथ वाइक पर रुपये लेने भेज दिया कैलसा बाईपास पर उस ठग ने नौकर को सिटी हॉस्पिटल के पास उतार दिया और कहा तुम यही खड़े रहो मैं दो मिनट में रुपए लेकर आता हूं और समान बाइक पर रखकर अपने साथ ले गया आधा घंटे तक जब वह नहीं आया तो नौकर ने दुकान पर आकर नितेश को बात बताई तो नितेश को अपने ठगे जाने का एहसास हुआ और उसने अपनी दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे से उस ठग की फुटेज निकाली गई।

### मुख्य मार्ग पर पसरी गंदगी से ग्रामीणों का सफर दुश्वार

रहरा। विकासखंड गंगेश्वरी क्षेत्र के गांव मुबारिजपुर के मुख्य मार्ग पर छह महीनों से गंदगी पसरी हुई है। ग्रामीणों का निकलना दूभर है।ग्रामीणों का आरोप है कि इस बावत कई बार जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि समस्या के बीच स्कूली बच्चों को भी रास्ते से निकलने में परेशानी हो रही है। गांव में फैली गंदगी से मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ रहा है। संक्रामक रोगों के प्रसार का खतरा बना है। ग्रामीणों ने रास्ते पर सफाई कराने की मांग की है। सोमपाल सिंह, विजेंद्र, नरेश, सूरजपाल, नेमवीर, खूबचंद, मनवीर सिंह आदि ग्रामीणों ने जल्द समस्या का समाधान नहीं होने पर शिकायत जिलाधिकारी व मुख्यमंत्री पोर्टल स्तर पर करने की चेतावनी दी है।

### कालेज की छात्राओं को जागरूक किया

बिजनौर। मुख्यमंत्री उ0प्र0 द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वाभिमांन के लिये चलाए जा रहे अभियान मिषन षक्ति के अन्तर्गत थाने पर गठित पुलिस टीम द्वारा अपने थाना क्षेत्र में बालिकाओं व छात्राओं को मिषन षक्ति अभियान के संबंध में जागरूक किया गया तथा हेल्पलाईन नंबर 102, 108, 112, 181, 1076, 1098, 1090 की जानकारी दी गई। इस दौरान सडकों पर तथा स्कूल कालेजों के आसपास बिना मतलब घूम रहें मनचलों पर षिकंजा कसा गया।

### राजगढ़ रेंज में मनाया विश्व बाघ दिवस

नांगल सोती। प्रीतमगढ़ उर्फ मिजार्पुर राजगढ़ रेंज संसार ज्ञान पाठशाला मे विश्व बाघ दिवस मनाया गया इस अवसर पर यहां एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें वन अधिकारियों द्वारा स्कूली बच्चों को जीव जंतु के विषय में जानकारी दी गई वही कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा चित्रकला रंगोली का आयोजन किया गया जिसमें स्कूली बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया विश्व बाघ दिवस कार्यक्रम का आयोजन वन क्षेत्राधिकारी राजेंद्र नेगी के निर्देशन में हुआ जिसमें उप वन क्षेत्राधिकारी विनोद सिंह सजवान, वन दरोगा करन गौतम, वनरक्षक ओमकार सिंह, वनरक्षक कु रश्मि चैधरी सहित समस्त स्कूल स्टाफ मौके पर मौजूद रहा।

# रोटरी क्लब ने किया हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन

अमरोहा, प्रात : किरण संवाददाता



देर रात जोया रोड स्थित एक वेंकट हॉल में रोटरी क्लब अमरोहा द्वारा हरियाली तीज का कार्यक्रम आयोजित किया गया।रोटरी क्लब अध्यक्ष डॉ0 जी0 पी0 सिंह ने बताया कि तीज महोत्सव कार्यक्रम में क्लब की महिलाओं ने खूब बढ़ चढ़ कर हिस्सा किया।रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये तथा सुन्दर आकर्षक गेम और प्रतियोगिताएं हुई, जिनमे, वन मिनट गेम, सुन्दर पैर प्रतियोगिता, माँ बेटी डांस, घेवर प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता आदि सहित सरप्राइज गेम का भी खूब आनंद क्लब से सदस्यों ने लिया। तीज क्वीन की भी प्रतियोगिता हुई, जिसमे नैना रोटरी तीज क्वीन चुनी गई। रनर रही वारुणी और शोभा तोमर। घेवर में मीनाक्षी माहेश्वरी प्रथम और द्वितीय पूजा सरन। सुन्दर पैर प्रतियोगिता में पूजा छाबड़ा प्रथम, मेघा माहेश्वरी द्वितीय। लंबे झुमके और मांग टीका में प्रथम लाडी कौर और सोनी माहेश्वरी द्वितीय। निर्यायक मण्डल में मंजू गोयल और सोनिया मदान रहीं।सचिव डॉ0 सरल राघव ने बताया कि रोटरी क्लब में नए सदस्यों का स्वागत किया गया। नए सदस्यों तथा प्रतियोगियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम संयोजिकाओ में प्रीति मालीवाल,शशि चतुर्वेदी, पूजा माहेश्वरी, निशा अग्रवाल और मेघा माहेश्वरी थी।कार्यक्रम में अमित मोहन गोयल, रवि माहेश्वरी,अजय चतुर्वेदी,संजय मालीवाल,कुंवर विनीत अग्रवाल, विशाल गोयल ,डॉ0 अनुराग गोयल,मीना सिंह, वीनू राघव, रूबी गोयल, पूजा गोयल, सतनाम कौर, पायल चांदना, शिखा बिंदल, अर्चना अग्रवाल, शिल्पा बंसल, मुकेश अग्रवाल, चरणजीत सिंह, जितेंद्र सिंह, निमित कुमार, आशीष गोयल,नितिन तोमर, मनीष माहेश्वरी, विकास मदान, मनु कमल, योगेंद्र आर्य, अर्पित खंडेलवाल, हितेंद्र यादव, तरुण कुमार, जोगेंद्र सिंह, अमित चहल, गौरव गोयल, रुचिन रस्तोगी,आदि रोटेरियन उपस्थित थे।

# कुँवर सत्यवीरा इंजीनियरिंग कॉलेज मे ए.के.टी.यू. सम सेमेस्टर (द्वितीय फेज) परीक्षा 20221-22 प्रारम्भ

बिजनौर, प्रात : किरण संवाददाता




जिले के प्रतिष्ठित तकनीकी कॉलेज कुँवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट में अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय की सम सेमेस्टर की परीक्षाएँ शांति-पूर्वक प्रारम्भ हुई। कॉलेज के परीक्षा नियंत्रक श्री मनोज कुशवाहा ने बताया कि कुँवर सत्यवीरा कॉलेज जिले का सबसे बड़ा परीक्षा केंद्र बनाया गया है जिसमे बी॰ आई॰ टी॰ मुजफ्फरनगर, आर॰ वी॰ आई॰ टी बिजनौर, एन॰ आई॰ आई॰ टी॰ नजीबाबाद, विवेक कॉलेज बिजनौर, दिशा इंस्टीट्यूट धामपुर, वी॰ के॰ आई॰ टी॰ बिजनौर और, कृष्णा इंस्टीट्यूट बिजनौर, कृष्णा कॉलेज ऑफ फामेर्सी बिजनोर आदि सहित 20 कॉलेज के लगभग 1662 छात्र-छात्राएँ परीक्षा दे रहे है। परीक्षा दो पालियों में सम्पन्न कराई जा रही हैं जिसमे बी॰ टेक॰, बी॰ फार्मा, एम॰ बी॰ ए॰, एम॰ सी॰ ए॰ व एम॰ फार्मा, एम टेक आदि कोर्सेस के छात्र-छात्राएँ परीक्षा दे रहे हैं।

ये परीक्षाएँ दिनांक 22 अगस्त 2022 तक चलेंगी। तथा विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा को सुचारु रूप से संचालित कराने के लिए श्री धनश्याम सिंह (फिरोज गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज रायबरेली) व संदीप चैहान (के.एल.एस.आई. टी बिजनोर) को ओबजेर्वर नियुक्त किया गया है ग्रुप निदेशक उमेश गुप्ता ने परीक्षा मे शामिल होने वाले सभी छात्र छात्राओ को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभ कामनाए दी। संस्था निदेशकध्केंद्र अधीक्षक प्रो. (डा.) स्वतन्त्र पोरवाल ने परीक्षा मे शामिल हुए सभी छात्र छात्राओ के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाए दी, और बताया कि हमारी प्राथमिकता है कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की समस्या न हो तथा संस्था व स्टाफ सदस्य ए के टी यू नियमो का पालन कराते हुए दोष रहित परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए कटिबद्ध है परीक्षा सम्पन्न कराने मे डॉ लोकेश अग्रवाल, अंकित राजन अग्रवाल, डा॰ शुएब अली खान, डॉ प्रशांत सक्सेना, अजय उपाध्याय, गौरव गुप्ता, राजीव कुमार ,फुरकान अहमद ,सुनील भारद्वाज, विवेक कुमार, एन॰ पी॰ एस॰ भण्डारी, सुभाष चंद आदि का विशेष सहयोग रहा।

# हर घर तिरंगा यात्रा को सफल बनाने के निर्देश



गंगेश्वरी, प्रात : किरण संवाददाता

ब्लॉक परिसर में हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्राम प्रधान ,ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सेवक ,राशन डीलर व बीडीसी सदस्य के साथ आंगनवाड़ी सदस्यों ने एक सामूहिक बैठक का आयोजन किया। जिसमें सभी से आगामी 11 अगस्त से 17 अगस्त तक सभी सरकारी प्रतिष्ठानों व सामूहिक व निजी जगह पर आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हर घर झंडा कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया गया था। जिसके सापेक्ष गंगेश्वरी ब्लॉक के फरौटा में ग्राम प्रधान अनिल गुर्जर पँचायत सचिव खुर्शीद आलम के मार्गदर्शन में मीटिंग का आयोजन हुआ। अनिल गुर्जर प्रधान फरौटा ने बैठक को सम्बोधित करते हुए सभी से हर घर झंडा कार्यक्रम को राष्ट्रीयता , उच्च अधिकारियों के आदेश के साथ साथ अपनी नैतिक जिम्मेदारी मानते हुए मनाए जाने का संकल्प लें व सभी ग्राम वासी प्रतियोगिता के रूप में लेते हुए कार्यक्रम को सफल बनायें। बैठक में ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक , आशा, आंगनवाड़ी कार्यकत्री ,राशन डीलर, पंचायत सहायक सहित ग्राम वासियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया सभी ने ग्राम पंचायत प्रधान अनिल गुर्जर व पँचायत सचिव खुर्शीद आलम को हर घर झंडा कार्यक्रम को सफल बनाने का आश्वासन दिया।

# सभी निजी सेप्टिक टैंक सफाई कर्मियों को सम्मानित किया गया

## प्रथम पुरस्कार टीकम सिंह, द्वितीय शीशपाल सिंह एवं तृतीय सतेन्द्र सिंह को दिया गया

बिजनौर, प्रात : किरण संवाददाता




बिजनौर को नगर पालिका परिशद बिजनौर के द्वारा 20000 लीटर मल कीचड़ प्रतिदिन प्रबंधन वाली क्षमता के सह उपचार प्लांट की कमीषन का ऐलान करते हुए प्लांट को सुचारू एवं नियमित रूप से चलाने हेतु निजी सभी सेप्टिक टैंक सफाई कर्मियों का सम्मान किया गया।उक्त योजना नगर पालिका परिशद, बिजनौर के अधिषासी अधिकारी विकास कुमार एवं इंजी. हर्श यादव प्रतिनिधि सेंटर फॉर साइन्स एवं इन्वायरॉन्मेंट, नयी दिल्ली की तकनीकी सहायता दवारा चलाई जा रही है, जिसमें निजी सेप्टिक टैंक सफाई कर्मियों को अधिक से अधिक घरों से मल कीचड़ निकालेने एवं उसको सह उपचार प्लांट तक पहुंचाने का प्रोत्साहन मिलता है। इस योजना में जो सेप्टिक टैंक सफाई कर्मि प्रति माह सबसे ज्यादा मल कीचड़ को सह उपचार प्लांट पर पहुंचाते हैं एवं उसका सुरक्षित प्रबंधन निष्चित करते हैं उन सभी को पालिका नकद इनाम से सम्मानित करती है। इसी के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार 3100 द्वितीय पुरस्कार 2100 एवं तष्तीय पुरस्कार 1100 प्रतिमाह दिया जाता है इस संबंध में प्रथम व द्वितीय (मई एवं जून) महीने की प्रोत्साहन धनराषि षमषाद अंसारी (चेयरपर्सन पति) की ओर से दी गई। इसी संदर्व में प्रथम पुरस्कार टीकम सिंह ,द्वितीय षीषपाल सिंह एवं तष्तीय सतेन्द्र सिंह को दिया गया।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक



रहरा, प्रात : किरण संवाददाता

एंटी रोमियो टीम ने बाजार समेत सार्वजनिक स्थानों पर चेकिंग अभियान और गोष्टी कर महिलाओं को सुरक्षा संबंधित टोल फ्री नंबर की जानकारी दी इसके अलावा मनचले तत्व को चेतावनी दी शनिवार वह मिशन शक्ति अभियान के तहत एसपी विनीत जयसवाल के आदेश अनुसार एंटी रोमियो टीम ने रहरा में गोष्टी कर महिलाओं को सुरक्षा नंबरों की जानकारी दी बालिकाओं और महिलाओं को सुरक्षा संबंधित सलाह देकर उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया बालिकाओं को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे विमेन पावर लाइन 1090 महिला हेल्पलाइन 181 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पुलिस आपातकालीन सेवा 112 चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 स्वास्थ्य सेवा 102 एंबुलेंस सेवा 108 और पुलिस अधिकारियों के सीयूजी नंबर के बारे में जानकारी दी मुख्य बाजारों मंदिर में भीड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया इस दौरान पूजा शर्मा मनीषा ज्योति चौहान वह पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# 'अंतरा' इंजेक्शन अपनाने पर मिलेंगी सौ रुपए की प्रोत्साहन राशि

अमरोहा, प्रात : किरण संवाददाता



खुद के साथ बच्चे के बेहतर स्वास्थ्य के लिए दो बच्चों के जन्म में कम से कम तीन साल का अंतर रखने का संकल्प लेने वाली महिलाएं त्रैमासिक गर्भ निरोधक इंजेक्शन अंतरा को खास तरजीह दे रहीं हैं सरकारी अस्पताल में अंतरा इंजेक्शन लगवाने पर अब महिलाओं को प्रति डोज 100 रुपये की प्रोत्साहन राशि भी मिलेगी।अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि तिमाही गर्भनिरोधक इंजेक्शन अंतरा छोटा परिवार-सुखी परिवार की सोच को साकार करने में कारगर साबित हो रहा है। परिवार नियोजन के अस्थाई साधनों में तिमाही इंजेक्शन अंतरा को लाभार्थियों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। जनपद में वर्ष 2021- 22 में 4913 महिलाओं ने अंतरा इंजेक्शन को अपनाया है। इस साल अप्रैल से अब तक 1131 महिलाओं ने अंतरा इंजेक्शन अपनाया है। अंतरा इंजेक्शन महिलाओं को तीन माह तक अनचाहे गर्भ से सुरक्षा देगा, जबकि छाया टेबलेट का प्रयोग नियमित करना होगा। अन्तरा अपनाने से पहले अस्पताल का स्टाफ लाभार्थियों को उचित सलाह भी देगा। इसके साथ ही लाभार्थी का कार्ड भी बनाया जाएगा। कार्ड मे इंजेक्शन की अगली तारीख लिखी जाएगी। अंतरा इंजेक्शन लगवाने के लिए अस्पताल आने वाली महिलाओं को अपने साथ आधार कार्ड और पासबुक लेकर आना होगा। इंजेक्शन लगाने के सप्ताह भर बाद लाभार्थी के खाते में 100 रुपए पहुंच जाएंगे । अंतरा की लाभार्थी को सुविधा दिलवाने वाली आशा कार्यकर्ता को भी 100 रुपये प्रति डोज दिया जाएगा।

# जागरूकता अभियान चलाया व मजनुओं पर कसा शिकंजा



**नगीना।** मुख्यमंत्री उ0प्र0 द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वाभिमांन के लिये चलाए जा रहे अभियान मिषन षक्ति के अन्तर्गत थाने पर गठित पुलिस टीम द्वारा अपने थाना क्षेत्र में बालिकाओं व छात्राओं को मिषन षक्ति अभियान के संबंध में जागरूक किया गया तथा हेल्पलाईन नंबर 102, 108, 112, 181, 1076, 1098, 1090 की जानकारी दी गई। इस दौरान सडकों पर तथा स्कूल कालेजों के आसपास बिना मतलब घूम रहें मनचलों पर षिकंजा कसा गया।

# बिजनौर कृषि के उत्पाद का हब बनेगा: जिलाधिकारी

## गुड निर्यातक कम्पनियों व गुड निमार्ता किसानों के बीच हुआ रू0 150 करोड का एमओयू

बिजनौर, प्रात : किरण संवाददाता



जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने किसानों व गुड निमार्ताओं से कहा कि हम आपके साथ मजबूती से खडे है आप अपना रास्ता स्वयं खोजें तथा संगठित होकर अपने कृषि उत्पाद बेचें। उन्होंने कहा कि जिला बिजनौर कृषि के उत्पाद का हब बनेगा यहां के सभी कृषि उत्पाद सहित जिसमें गुड भी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मार्किट में छा जायें यह प्रयास है। उन्होंने कहा कि बिजनौर को कृषि हब बनाना उददेश्य है। इस अवसर पर मण्डावर की 02 गुड निर्यातक कम्पनियों व 40 से अधिक गुड निमार्ता किसानों के बीच रू0 150 करोड का एमओयू (मैमोरेडम ऑफ अण्डरस्टेडिंग) भी हुआ। कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के गुड निमार्ता किसानों व गुड व शक्कर निर्यातकों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कहा कि जैविक खेती को बढावा दिया जाये। उन्होंने कहा कि आने वाला कल जैविक खेती का है। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पाद क्रेता व विक्रेता को एक मंच पर लाना है। उन्होंने कहा कि किसान खेती के साथ-साथ अपना व्यापार व उधोग लगाने की ओर बढें। उन्होंने कहा कि आज बिजनौर के प्रगतिशील किसान अपने उत्पादों को एमेजोन आदि अन्य पोर्टल पर बिक्री कर रहे है। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कहा कि बिजनौर का गुड व कृषि उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में ख्याति पायें यह प्रयास है उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादों का निर्यात बढे। उन्होंने कहा कि किसानों को सम्पन्न बनाना व उनकी आय दोगुनी करना सरकार व प्रशासन का उद्देश्य है। इस अवसर पर मण्डावर की 02 गुड निर्यातक कम्पनी हिन्दुस्तान ऐग्रो लिमिटेड व हेल्थ मिस्त ऑयल एण्ड फूड प्राईवेट लिमिटेड व 40 से अधिक गुड निमार्ता किसानों के बीच रू0 150 करोड का एमओयू हुआ। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक गिरीश चन्द्र, जिला कृषि अधिकारी अवधेश कुमार मिश्रा, जिला गन्ना अधिकारी सहित जिले के प्रगतिशील किसान व गुड व शक्कर निमार्ता आदि मौजूद रहे।

# गेट टू गेदर कार्यक्रम का आयोजन, सभी धर्मों के लोग रहे मौजूद

अमरोहा, प्रात : किरण संवाददाता




अगस्त माह में निकलने वाले मोहर्रम के जुलूस के लिए तैयारियां की जा रही है। इसे लेकर दानिशमन्दान के अजाखाना वजीरून निसा में गेट टू गेदर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शहर के सभी धर्मों के लोगों ने हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने गंगा जमुनी तहजीब का हवाला देते हुए कहा कि आज तक यहां कोई सांप्रदायिक झगड़ा नहीं हुआ। यहां के लोग अमन चैन के साथ अपनी जिंदगी व्यतीत करते है।

उन्होंने कहा कि किसी भी धर्म का त्यौहार या शोक होता है तो सभी मिलजुल कर एक दूसरे की खुशी और गम में शरीक होते हैं। माहे मोहर्रम में अजादारी के जुलूसों में सभी शरीक रहते हैं। इस दौरान प्रशासन की ओर से आश्वासन दिया गया कि जुलूस के दौरान किसी तरह की कोई कौताही नहीं होने दी जाएगी।

सुरक्षा व्यवस्था के पूरे इंतजाम रहेंगे।प्रदेश सरकार मे मंत्री दानिश आजाद ने कहा कि अमरोहा के बारे मे जैसा सुना था, वही यहां देखने को मिला। एक ही मंच पर सभी धर्मों के लोग मौजूद हों तो वह शहर व नगर वाकई अमन की नगरी कहलाएगा। मुझे इस गेट टू गेदर प्रोग्राम में शरीक होकर बेहद फक्र महसूस हो रहा है।

उम्मीद है ये भाई चारा हमेशा बना रहेगा।वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी ने कहा कि अंजुमन ने यहां पर सभी धर्मों के लोगों को इकट्ठा कर इस बात का सबूत दिया है कि अमरोहा के लोगों में एक दूसरे के लिए बहुत प्रेम है। इस मौके पर कार्यक्रम में इमामे जुमा जमाअत डॉ. सियादत नकवी, उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी, शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी, हुसैनी टाइगर के अध्यक्ष शमील शम्सी, अन्जुमन तहाफूज ए अजादारी के कार्यवाहक सदर हसन शुजा नकवी, नगर पालिका चेयरपर्सन शशि जैन, अंजुमन के कार्यवाहक जनरल सेक्रेटरी ज़िया एजाज, अंजुमन रजाकराने हुसैनी के सेक्रेटरी खुर्शीद हैदर जैदी के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

### दरगाह शाह विलायत में चादरपोशी

**अमरोहा।** योगी सरकार में अल्पसंख्यक व वक्फ मामलों के राज्यमंत्री दानिश आजाद गुरुवार रात अमरोहा पहुंचे। यहां दरगाह शाह विलायत में चादरपोशी की। शहर की जामा मस्जिद पहुंचकर लोगों से मुलाकात भी की।मोहर्रम से पहले अंजुमन तहफ्फुजे अजादारी की ओर से गुरुवार रात नगर के मोहल्ला दानिशमंदान स्थित अजाखाना वजीरूननिसां में गेट-टू-गेदर का आयोजन किया गया। राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी व शिया वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल रहे। दोनों ने सबसे पहले बिजनौर रोड स्थित दरगाह शाह विलायत पहुंचकर हाजिरी दी। चादरपोशी संग मुल्क-कौम की तरक्की के लिए दुआ मांगी। इसके बाद आजाद सीधे शहर की जामा मस्जिद पहुंचे, यहां उलमा इकराम व अन्य लोगों से बातचीत कर समस्याओं की जानकारी की। शासन स्तर पर उनका समाधान कराने का आश्वासन भी दिया।

### भाजपा नेता की दुकान से चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज नहीं

**हसनपुर।** भाजपा नेता की दुकान के ताले तोड़कर नकदी समेत स्पेयर पार्ट्स का सामान चोरी करने के मामले में अभी मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। पुलिस जांच जारी होने की बात कह रही है।नगर के झकड़ी अड्डे के पास भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी अरुण कुमार की स्पेयर पार्ट्स की दुकान है। अरुण बुधवार शाम दुकान बंद कर घर चले गए थे। पिता अशोक कुमार व भाई भूपेंद्र सिंह दुकान की छत पर बने कमरे में सोए थे। रात में किसी वक्त चोरों ने दुकान के ताले काटकर 12 हजार रुपये की नकदी व स्पेयर पार्ट्स का सामान चोरी कर लिया। गुरुवार सुबह चोरी की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मामले में जांच की। अरुण के मुताबिक चोरी किए गए सामान की कीमत करीब दो लाख रुपये है। उधर, अरुण का कहना है कि पुलिस ने तहरीर देने के बाद भी मामले में 24 घंटे बाद तक भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। वहीं प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार त्यागी ने मामले में जांच जारी होने का दावा किया। बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# महाकाल भक्त मंडल ने राम दरबार भेंट कर मंत्री कपिल देव अग्रवाल का किया स्वागत



नजीबाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

उत्तर प्रदेश सरकार में कौशल विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल का नजीबाबाद आगमन पर महाकाल भक्त मंडल, अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, भाजपा नेताओं, विभिन्न संगठनों, एवं स्थानीय लोगों द्वारा फूल माला से जोरदार स्वागत किया गया। महाकाल भक्त मंडल के सेवक पंडित चेतन शर्मा संस्थापक सौरभ कुमार, अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, आदित्य अग्रवाल के नेतृत्व में रोहित अग्रवाल, रजत महिंद्रा, प्रदीप, सागर, ऋषभ, देवेंद्र प्रजापति, आयुष्मान चंद्रा, हर्ष शर्मा, पुलकित बिश्नोई, हिमांशु माहेश्वरी, राजा माहेश्वरी, शानू, दीपक, अर्पित, अंकित शर्मा आदि द्वारा मंत्री कपिल देव अग्रवाल को राम दरबार भेट किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महासम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल एडवोकेट, जिलाध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, जिला संयोजक आदित्य अग्रवाल, जिला सचिव रोहित अग्रवाल, संजय अग्रवाल आदि ने मंत्री को अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। उधर भाजपा नेता व स्थानीय लोगों द्वारा माननीय मंत्री जी का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने नगर नजीबाबाद के स्थानीय लोगों द्वारा एवं विशेषकर अभिनव अग्रवाल एडवोकेट द्वारा दिए गए स्नेह का आभार जताया।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला राष्ट्रपति को अपशब्द बोले जाने बात पर मोक्षिका शर्मा ने जताया आक्रोश



संभल/चंदौसी। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला महामंत्री एवं समाज सेविका मोक्षिका शर्मा ने कांग्रेस के एक सांसद द्वारा देश के महिला राष्ट्रपति को अपशब्द बोले जाने बात पर आक्रोशित होते हुए कहा हमारे यहां नारी को पूजा जाता है और हमारी भारतीय जनता पार्टी इन्हीं संस्कारों पर चली आ रही है कांग्रेस के नेता अधीर रंजन ने अपने बयान से देश के सर्वोच्च पद का अपमान किया है यह उनकी व उनकी पार्टी की मानसिकता का प्रकटीकरण है भाजपा नेत्री ने कहा कि उनका यह बयान आदिवासी विरोधी है महिला विरोधी हैं। राष्ट्रपति किसी भी पार्टी का नहीं अपितु सम्पूर्ण देश का होता है कांग्रेस का सवाल करते हुए में सोनिया गांधी से पूछना चाहती हूं कि आपके नेता ऐसे अपशब्दो का प्रयोग कर रहे हैं इतिहास में ऐसा निंदनीय कृत्य किसी नहीं दिया है मोक्षिका शर्मा ने कहा की सोनिया गांधी सहित कांग्रेस को सदन में देश से माफी मांगनी चाहिए इन्होंने जिस तरह से अपमान किया है यह इनकी मानसिकता दशार्ता है।

### तहसीलदार चन्दौसी मोनालिसा जौहरी ने की बी.एल.ओ के साथ बैठक

सम्भल/चन्दौसी। तहसील सभागार कक्ष में तहसीलदार चन्दौसी मोनालिसा जौहरी ने तहसील के बी.एल.ओ. के साथ बैठक की। तहसीलदार चन्दौसी मोनालिसा जौहरी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देश पर एक अगस्त से वोटर लिस्ट को आधार कार्ड से लिंक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा निर्वाचन नामावली में समलित मतदाताओं से स्वेच्छक रूप आधार नम्बर एकत्रित करने की कार्यवाही एक अगस्त से प्रारंभ की जाएगी। बूथ लेवल अधिकारी द्वारा घर घर जाकर मतदाताओं के आधार नंबर एकत्रित किये जायेंगे 07 व 21 अगस्त को रविवार के दिन विशेष कैम्प दिवस का आयोजन किया जाएगा। इसलिए सभी बूथ लेवल अधिकारी 01 अगस्त से अपने अपने कार्य मे जुट जाएं और समय से अपने कार्यो को पूर्ण करले।

### यूपी में सीएमओ व कॉलेज के प्रधानाचार्य लेंगे मरीजों की सेहत का हाल

लखनऊ। यूपी में अब सीएमओ और प्राचार्य मरीजों का हाल-चाल लेंगे। स्वास्थ्य आपका, संकल्प सरकार का अभियान का दायरा बढ़ा दिया गया है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अहम कदम बढ़ाया है। सरकार की तरफ से उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का फीड बैक अब जिलास्तर पर जुटाया जाएगा। इसके लिए स्वास्थ्य आपका संकल्प सरकार का अभियान का दायरा बढ़ाया जा रहा है। इसकी जिम्मेदारी सभी सीएमओ और मेडिकल कॉलेज के प्रधानचार्य को सौंपी गई है। उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है जहां अधिकारी मरीजों से सीधे संवाद करेंगे। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की पहल पर 22 जून को स्वास्थ्य आपका संकल्प सरकार का अभियान शुरू किया गया। उप मुख्यमंत्री रोज पांच जिलों के अस्पतालों में इलाज करा रहे 10 मरीज व तीमारदारों से फोन पर बातचीत कर रहे हैं। इलाज संबंधी फीडबैक ले रहे हैं। अब तक 360 से अधिक मरीजों से उप मुख्यमंत्री संवाद कर चुके हैं।

### भैंस को बचाने नदी में उतरी बालिका डूबी, मौत

मीरजापुर। विंध्याचल थाना क्षेत्र अंतर्गत डेरवा स्थित दुलारो माता मंदिर के पीछे कर्णावती नदी में शुक्रवार की सुबह भैंस चराने गई बालिका डूब गई। डेरवा निवासी रंगलाल की नौ वर्षीय पुत्री अंजली बिंद शुक्रवार की सुबह कर्णावती नदी के किनारे भैंस चराने गई थी। अंजलि की मां मायके गई थी। इस कारण वह शुक्रवार को स्कूल नहीं गई थी। भैंस चरते समय नदी में चली गई। अंजलि भैंस को निकालने के लिए जैसे नदी में उतरी, तेज बहाव के कारण पानी में बह गई। जब तक लोग अंजलि को नदी से बाहर निकाल पाते, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। लगभग आधे घंटे तलाश के बाद अंजलि का शव नदी से बाहर निकाला गया। शव मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी रविकांत मिश्र ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अंजलि दो बहन व एक भाई में सबसे बड़ी थी। वह कम्पोजिट विद्यालय डेरवा में कक्षा तीन की छात्रा थी।

## सिख गुरुओं ने हमें राष्ट्र व धर्म की रक्षा के लिए प्रेरित किया: राज्यपाल

# सिख गुरुओं का इतिहास भारत की गौरवशाली विजय गाथा का स्मरण कराता है: सीएम योगी

संभल, प्रात : किरण संवाददाता



**कार्यक्रम**

- सिख गुरुओं ने सभी को स्वाभिमान व मानवता की रक्षा के लिए लड़ना सिखाया: जत्थेदार हरप्रीत सिंह

राजभवन में महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल के सानिध्य में हिन्द की चादर व मानवता के रक्षक श्री गुरु तेग बहादुर जी के 401 वे प्रकाश पर्व को समर्पित गुरमत समागम के आयोजन के अवसर पर सभी को बधाई देते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने श्रद्धाभाव को व्यक्त करते हुए राष्ट्र व धर्म के लिए किए गए सिख गुरुओं के बलिदान एवम् बलिदान की परम्परा , सिख समाज के धर्म के प्रति समर्पण और समाज के प्रति सेवा भाव को नमन किया।

योगी ने कहा कि सिख गुरुओं का इतिहास त्याग और बलिदान हमें धर्म, संस्कृति, परम्परा तथा राष्ट्र की अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने सिख पंथ को समाज के लिए महान प्रेरणा बताया। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी ने जिस विशुद्ध भक्ति धारा को प्रवाहित किया था, जब भी देश, समाज और धर्म को जरूरत पड़ी तो इसे शक्ति पुंज बनने में देर नहीं लगी। लेकिन सिख परंपरा को इतिहास में उचित स्थान नहीं मिल पाया। उन्होंने कहा कि आज हम मंगल ग्रह तक पहुंच रहे हैं इंटरनेट ऑफ थिंग्स की बात हो रही है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ दुनिया काफी आगे बढ़ रही है लेकिन हमें इतिहास को भी याद रखना होगा क्योंकि इतिहास को विस्मृत कर समाज कभी आगे नहीं बढ़ सकता। सिख गुरुओं का इतिहास भारत की गौरवशाली विजय गाथा का स्मरण करता है। श्री गुरु तेग बहादुर जी ने कश्मीरी पंडितो व राष्ट्र एवं धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया।गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिब जादों ने देश व धर्म की रक्षा के लिए स्वयं का बलिदान कर दिया। साहिब जादों का बलिदान कभी विस्मृत नहीं किया जा सकता।सिख गुरुओं के बलिदान की परम्परा ने हमें अपने स्वाभिमान के लिए लड़ना सिखाया।

योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने साहिब जादों की स्मृति में वीर बाल दिवस की घोषणा करके वर्तमान पीढ़ी को देश व धर्म के लिए किस भाव के साथ सेवा कार्य करना है, उसकी एक नई प्रेरणा प्रदान की है। इस अवसर पर सीएम व राज्यपाल ने उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी के मोबाइल एप का लोकार्पण किया एवम् सभी को पवित्रता की प्रतीक गुरुमुखी लिपि सीखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस आयोजन के लिए महामहिम राज्यपाल एवं उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी का आभार व्यक्त किया। गुरमत समागम कार्यक्रम में अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा कि सिख गुरुओं ने हमें धर्म के प्रति आस्था, संस्कार,करुणा, सेवाभाव व मानवता के सभी गुणों से प्रकाशित किया एवम् राष्ट्र - धर्म की रक्षा के लिए प्रेरित किया। सिख धर्म के सर्वोच्च धार्मिक तख्त श्री अकाल तख्त साहिब अमृतसर के जत्थेदार, पंथ व दुनिया के सिखों के मुखिया सिंह साहिब ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने अपने संबोधन में गुरुओं की गौरवशाली गाथा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सिख गुरुओं के बलिदान ने हमें स्वाभिमान के लिए लड़ना सिखाया। उन्होंने कहा कि जरूरत सोच को बदलने की है। सिख गुरुओं ने सोच को बदलकर ही मुगलों की क्रूरता से मानव मूल्यों की रक्षा की।उन्होंने सिख युवाओं से अपील की कि अपने धर्म के इतिहास को जानने हेतु युवा सोशल मीडिया का सहारा ना लें क्योंकि सोशल मीडिया पर उपलब्ध अधिकतर सामग्री भ्रमित करने वाली होती है। उन्होंने सिखों को श्री गुरु ग्रंथ साहिब से मन से जुड़ने का संदेश दिया।उन्होंने कहा कि जिस गुरु सिख के मन में गुरु के दर्शन की उत्सुकता होती है गुरु को भी अपने उस गुरु सिख से मिलने की दुगनी उत्सुकता होती है।

केंद्रीय सिंह सभा गुरुद्वारा आलमबाग के अध्यक्ष स.निर्मल सिंह के संचालन में सम्पन्न इस कार्यक्रम में राज्यमंत्री बलदेव सिंह ओलख, विधान परिषद सदस्य हरि सिंह ढिल्लो, उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी के उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह छाबड़ा, दिल्ली गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मनजिंदर सिंह सिरसा सहित लखनऊ व विभिन्न जनपदों से सिख प्रतिनिधि जिनमें भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष स. गुरमेज सिंह पेजी, जिला गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी बिजनौर के अध्यक्ष स.सतवंत सिंह सलूजा, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष स.,मलकीत सिंह, जिला गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के महासचिव स.हरभजन सिंह अमन सहित अनेक सिख प्रतिनिधि शामिल रहे।

### युवक का मिला शव हत्या की आशंका

**सम्भल/धनारी।** घटना स्थल से कुछ दूरी पर मिली बाईक गर्दन पर रस्सी के निशान कानों से वह रहा था खून थाना धनारी क्षेत्र के गांव खलीलपुर में लगने बाली साप्ताहिक बाजार परिसर में बबराला निवासी एक युवक का शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई । युवक की पहचान जेब में मिले आधार कार्ड से बबराला निवासी के रूप में हुई । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया । गले में रस्सी के निशान की बजह से हत्या की आशंका जताई जा रही है । शुक्रवार की सुबह थाना धनारी क्षेत्र के गांव खलीलपुर में लगने बाली साप्ताहिक बाजार परिसर के किनारे एक अज्ञात बाइक खडी देखकर ग्रामीणों ने इसकी सूचना धनारी पुलिस को दी । मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक को अपने कब्जे में लिया और थाना परिसर लेकर आई। कुछ समय बाद साप्ताहिक बाजार परिसर के समीप ग्रामीणों को एक युवक का शव पडा मिला। शव मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की तलाशी ली तो जेब में मिले आधार कार्ड से युवक की पहचान शिवकुमार पुत्र रामरतन निवासी बबराला के रुप में हुई। परिजनों को फोन से सूचना दे दी गई। गले पर बने रस्सी के निशान की बजह से हत्या की आशंका जताई जा रही है।

## राशन डीलर का चयन कराने में ब्लॉक प्रशासन हुआ फेल

संभल, प्रात : किरण संवाददाता

- लाटरी पद्धति से होगा राशन डीलर का चयन
- *सम्भल* तहसील क्षेत्र के लहरा कमंगर गांव का मामला

संभल ग्रामीणों से हार माने प्रशासन ने राशन डीलर के चयन का तरीका बदल दिया है अब ग्राम सभा की खुली बैठक में राशन डीलर का चयन नहीं करा कर लॉटरी पद्धति से किया जाएगा उसके लिए करीब दर्जनभर ग्रामीणों ने अपने आवेदन किए हैं गौरतलब हो कि तहसील क्षेत्र के पबांसा ब्लॉक अंतर्गत लहरा कमंगर ग्राम सभा में राशन डीलर की एक दुकान रिक्त चल रही है कई बार ग्राम सभा की बैठक बुलाने के बाद 26 मई को संपन्न हुई।

ग्राम सभा की बैठक में महामाया स्वयं सहायता समूह की सदस्य रजनी पत्नी देवेंद्र को 55 मतों से राशन डीलर चुन लिया था इसी बीच रजनी पत्नी देवेंद्र से चुनाव हारी स्वयं सहायता समूह की रूबी की शिकायत पर खंड विकास अधिकारी ने रजनी के चुनाव को निरस्त करने की सिफारिश उप जिलाधिकारी से की थी इस पर 11 जून को पुनह ग्राम सभा की बैठक राशन डीलर के चैन के लिए बुलाई गई 11 जून को सचिव नवनीत मिश्रा द्वारा बैठक स्थगित किए जाने पर ग्रामीण चले गए और और बैठक नहीं हो सकी ग्रामीणों के भड़कने पर प्रशासन के हाथ पैर फूल गए खंड विकास अधिकारी रिजवान हुसैन ने ग्राम सभा की बैठक में राशन डीलर का चयन कराने से हाथ खड़े करते हुए उपजिलाधिकारी को अपनी रिपोर्ट भेज कर अपने स्तर से चयन कराने का अनुरोध किया इस बार प्रशासन ने राशन डीलर का चयन लाटरी पद्धति से कराने का निर्णय लिया है राशन डीलर चयन के लिए 29 जून तक करीब दर्जन भर लोगों ने अपने आवेदन किए हैं।

## ग्रामीणों का आरोप शुगर मिल के जल प्रदूषण से बढ़ रहे हेपेटाइटिस सी के मरीज हो रही मौत

सम्भल/असमोली, प्रात : किरण संवाददाता



- बीमारी की शिकायत हमने आला अधिकारी तक दी हुई है लेकिन अभी तक किसी भी तरह का कोई समाधान नहीं हुआ

उत्तर प्रदेश के जनपद संभल के असमोली विधानसभा क्षेत्र में हेपेटाइटिस सी वायरल संक्रमण से लगातार हो रही मौतों से गांव वालों में दहशत का माहौल बना हुआ है। गांव वालों का आरोप है। असमोली विधानसभा क्षेत्र के गांव रामनगर में हेपेटाइटिस सी वायरल संक्रमण से एक एक घर करहा रहा है गांव में लगातार वायरल संक्रमण से मौतों का सिलसिला जारी है।

गांव वालों का आरोप है कि इस पूरे संक्रमण का कारण जल प्रदूषण है जो हमारे गांव व आसपास के गांव में फैला हुआ है जिसका असर हमारे बच्चों बड़े बुजुर्गों पर पड़ रहा है जिसकी वजह से हेपेटाइटिस सी जैसी भयानक बीमारी का रूप ले चुकी है हेपेटाइटिस सी इतनी भयानक बीमारी है कि जिससे हमारे गांव में लगातार 30/35 मौतें हो चुकी हैं इस बीमारी की शिकायत हमने आला अधिकारी तक दी हुई है लेकिन अभी तक किसी भी तरह का कोई समाधान नहीं हुआ है गांव के पास में ही एक फैक्ट्री है जिसकी वजह से जल प्रदूषण हो रहा है पहली बार रामनगर गांव के प्रधान ने यह बात कबूलते हुए कहा है कि यह बीमारी सिर्फ जल प्रदूषण से हो रही है जिससे गाव में वायरल संक्रमण से एक-एक परिवार में कई-कई लोगों की जान जा चुकी हैं। हालांकि इस बीमारी से बचाव के लिए आर्थिक रूप से मजबूत लोग दिल्ली व अन्य शहरों के निजी अस्पतालों में उपचार करा रहे हैं, लेकिन कमजोर लोग सरकारी दवाइयों पर ही निर्भर हैं।

ग्रामीणों का दावा है कि गाव में पीने के लिए स्वच्छ पानी भी नहीं मिल रहा है। जिसके कारण रामनगर गांव में हेपेटाइटिस सी का प्रभाव बढ़ रहा है। यह बीमारी लोगों के लीवर को संक्रमित कर रही है। डीएम सम्भल का कहना है कि गांव में स्वच्छ पानी के टैंकर भेजे जा रहे हैं। असमोली ब्लॉक क्षेत्र के रामनगर गांव की करीब चार हजार आबादी है। ग्रामीणों के मुताबिक गांव में पिछले दो वर्ष के दौरान बीमारी से करीब 40 लोगों की जान जा चुकी हैं। लोगों का दावा है कि सभी हेपेटाइटिस सी से पीड़ित थे। इस गांव में कई परिवार ऐसे भी हैं जिनके परिवार से दो या तीन सदस्यों की मौत हो गई और अभी तीन से चार लोग हेपेटाइटिस से पीड़ित भी हैं।

## जिले में झोलाछाप डॉक्टरों की 'बाढ़'

संभल, प्रात : किरण संवाददाता

- कई घटनाओं के बाद भी नहीं चेता स्वास्थ्य विभाग

जनपद संभल में झोलाछाप डॉक्टरों की बाढ़ सी आ गई है स्वास्थ्य विभाग इन पर लगाम लगाने में नाकाम साबित हो रहा है झोलाछाप खुले आम लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों ने नर्सिंग होम हेल्थ केयर सेंटर के अलावा अन्य कई नामों से अपने अपने क्लीनिक खोल रखे हैं इन सेंटरों पर अप्रशिक्षित नर्सों के साथ साथ एक दो वर्ष तक किसी चिकित्सक के यहां कार्य कर चुके कंपाउंडर को भी मरीजों की देखभाल के लिए रखा गया है।

अप्रशिक्षित नर्स और अनट्रेंड कंपाउंडर गर्भवती महिला का प्रसव कराते खुलेआम देखें जा सकते हैं जिसमें कई बार नवजात शिशुओं और गर्भवती महिलाओं की असमय मृत्यु तक हो चुकी हैं संभल के चौधरी सराय स्थित एक चाइल्ड केयर सेंटर पर एक नवजात शिशु और संभल बहजोई मार्ग पर मुजफ्फरपुर के नर्सिंग होम में एक जच्चा बच्चा की ऑपरेशन के दौरान दर्दनाक मौत हो चुकी है मृत्यु होने के बाद स्वास्थ विभाग द्वारा अस्पताल को सील कर मुकदमा पंजीकृत कराया था सलारपुर कला में दर्जनों क्लीनिक संचालित हैं जब *जालब में आरिफ* के द्वारा कई वर्षों से क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है जब की आरिफ के क्लीनिक का फोटो करने पर पत्रकार को जान से मारने की धमकी भी दी जा चुकी है।

क्षेत्रों मे भी ऐसे ही नर्सिंग होम में चलाए जा रहे हैं कथित क्लीनिक सेंटर पर एक महिला की मौत ताजा उदाहरण है परंतु इन दर्दनाक घटनाओं के बाद भी स्वास्थ्य विभाग ने कोई सबक नहीं लिया है स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की लापरवाही का नतीजा है कि झोलाछाप चिकित्सकों ने नर्सिंग होम व क्लीनिक के अलावा खून आदि की जांच के लिए भी बाकायदा लेवो का संचालन भी किया जा रहा है अभी कुछ दिन पूर्व संभल चंदौसी मार्ग पर बिछौली गांव में ग्रामीणों की शिकायत के बाद एक जांच केंद्र टीम द्वारा सील कर संचालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## नैमिषारण्य तीर्थ पर कल्कि उत्सव आयोजित



संभल, प्रात : किरण संवाददाता

नैमिषारण्य तीर्थ पर श्री कल्कि सप्ताह के अंतर्गत आज दूसरे दिन कल्कि उत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें वक्ताओं ने अयोध्या, मथुरा, काशी के समान संभल को पुण्यशाली धरा बताकर संभल जिला प्रशासन से संभल को पर्यटन स्थल घोषित कराने की मांग उठाई।

नगर के नैमिषारण्य तीर्थ पर आयोजित कल्कि उत्सव कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान कल्कि के चित्र के समक्ष महंत दीनानाथ, अनंत कुमार अग्रवाल, संतोष कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार शर्मा आदि ने दीप प्रज्वलन करके पुष्पार्चन किया। हिंदू जागृति मंच के अजय कुमार शर्मा ने कहा कि त्रेता युग में भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या थी। द्वापर युग में भगवान कृष्ण की जन्मभूमि मथुरा थी। ठीक इसी प्रकार कलयुग में भगवान कल्कि विष्णु की जन्मभूमि संभल है। इस प्रकार संभल अयोध्या मथुरा काशी के समान पुण्य दाई फलदाई एवं पूजनीय है। इसके साथ ही यहां 68 तीर्थ 19 कूप देव निर्मित हैं। संभल की मान और शान में वृद्धि कर रहे हैं। नैमिषारण्य तीर्थ के महंत दीनानाथ ने भगवान कल्कि के अवतार का समय, स्थान, नक्षत्र, स्थिति बताकर अनेक ग्रंथों का उल्लेख किया। और बताया कि सभी ग्रंथ पुराण एक आवाज में हम सबको संदेश देते हैं कि संभल में कल्कि भगवान का अवतार कलयुग के अंतिम चरण में होगा। ऐसे में संभल को पर्यटन स्थल घोषित कराने में सभी संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों, जागरूक समाजसेवियों को आगे आना होगा। बिशनलाल, महावीर सिंह, सुबोध कुमार गुप्ता, सरिता गुप्ता, सीमा आर्या, सुभाष चंद्र, शिवम राष्ट्रवादी, वैभव गुप्ता सहित अनेक वक्ताओं ने भगवान श्री कल्कि की कथाओं को सुना कर कल्कि उत्सव को सार्थकता प्रदान की। कार्यक्रम में विष्णु कुमार ने भजन सुनाया तो सामूहिक रूप से भगवान श्री कल्कि की आरती का गायन हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता नैमिषारण्य तीर्थ के महंत दीनानाथ जी ने की और संचालन अजय कुमार शर्मा ने किया।

### प्रयागराज में बम बनाने और फेंकने के आरोप में नाबालिग गिरफ्तार

**प्रयागराज।** प्रयागराज पुलिस ने नाबालिग छात्रों को शहर में बम फेंकने की कम से कम छह घटनाओं में कथित रूप से शामिल पाया है। पिछले कुछ दिनों में एक प्रतिष्ठित स्कूल के बाहर बम फेंके गए। पुलिस के मुताबिक, छात्रों ने ऑनलाइन वीडियो और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से बम बनाना सीखा। उन्होंने अपने वर्चस्व को साबित करने के लिए न केवल तीन प्रमुख कॉन्वेंट स्कूलों के गेट के बाहर बम फेंके, बल्कि इस गतिविधि का वीडियो भी सोशल मीडिया पर अपलोड किया। पुलिस के मुताबिक इन छात्रों के व्हाट्सएप ग्रुप और गैंग में तांडव, जगुआर, टाइगर, इम्मोर्टल और रंगबाज जैसे नाम हैं। तीन दिन पहले, शहर की पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से 11 छात्रों को गिरफ्तार किया था, जिनमें से 10 नाबालिग थे। उन पर आईपीसी की उचित धाराओं और विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। इनके पास से दो मोटरसाइकिल, 10 मोबाइल फोन और दो देसी बम भी बरामद किए गए।

## अंतर्राष्ट्रीय हरिहर सेना करेगी समाज व धर्म जागरण: ऋषि राज

कैला देवी, प्रात : किरण संवाददाता



नवगठित अंतर्राष्ट्रीय हरिहर सेना की बैठक में सामूहिक रूप से धर्म जागरण एवं समाज जागरण करने का संकल्प लिया गया। कैला देवी धाम पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हरिहर सेना की बैठक में श्री कल्कि महामंत्र का पांच वार गायन किया गया। तत्पश्चात प्रारंभ हुई बैठक में भाग लेते हुए श्री कल्कि सेना (निष्कलंक दल) के प्रदेश उपाध्यक्ष अनंत कुमार अग्रवाल ने कहा कि कल्कि सेना (निष्कलंक दल) के सभी कार्यकर्ता अंतर्राष्ट्रीय हरिहर सेना को पूरी ताकत देंगे और जो भी आदेश होगा उसका तन मन धन हर प्रकार से पालन करेंगे।

उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय हरिहर सेना के उज्जवल भविष्य की तथा धर्म जागरण के क्षेत्र में अनेक उपलब्धियां अर्जित करने की कल्कि भगवान से प्रार्थना की। अंतर्राष्ट्रीय हरिहर सेना के संस्थापक एवं अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषिराज गिरि ने कहा कि संगठन अपने प्रथम चरण में समाज और धर्म का जागरण करेगा। उन्होंने 1 महीने में 1 लाख सदस्य बनाने का संकल्प लिया तथा प्रत्येक माह की अमावस्या तिथि को अंतर्राष्ट्रीय हरिहर सेना के सभी सदस्यों की उपस्थिति के साथ प्रतिमाह सम्मेलन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय हरिहर सेना से जुड़े प्रत्येक सदस्य के तथा हिंदू समाज के दुख सुख में सेवा सुश्रुषा में जरूरतमंदों की जरूरत पूरी करने में तथा धर्म समाज और राष्ट्र की सेवा में जुटने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय हरिहर सेना के प्रत्येक सैनिक को शारीरिक रूप से बलिष्ठ और ताकतवर बनाने के लिए भी अखाड़े, प्रतियोगिताएं, तीर तलवार, निशानेबाजी, जूडो कराटे आदि कलाओं में दक्ष करेगी। नितिन कुमार शर्मा, राजेश कुमार गुप्ता, अनुराग अग्रवाल, उदयवीर सिंह यादव, हृदेश कुमार सिंह यादव, पवन कुमार गुप्ता आदि ने विचार व्यक्त करते हुए अंतर्राष्ट्रीय हरिहर सेना का सदस्यता अभियान चलाने के साथ संगठन को पूरी मजबूती प्रदान करने का संकल्प लिया। सर्व सहमति से तय किया गया कि आगामी 5 अगस्त को नीमसार तीर्थ पर भंडारा और धर्म सभा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें अंतरराष्ट्रीय हरिहर सेना के सभी लोग भाग लेंगे। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी जीत पाल सिंह यादव ने की तथा संचालन नैमिषारण्य तीर्थ के महंत दीनानाथ ने किया।

## जल्द अस्तित्व में आएगा रानीपुर टाइगर रिजर्व : मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार राष्ट्रीय पशु बाघ के संरक्षण को लेकर संवेदनशील है। बाघ संरक्षण के सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए चित्रकूट के रानीपुर में प्रदेश का चौथा टाइगर रिजर्व बनाने का निर्णय लिया जा चुका है। यह टाइगर रिजर्व बहुत जल्द अस्तित्व में आने जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर प्रदेश सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की तरफ से योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित अंतर सीमावर्ती सहयोग कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। बाघ संरक्षण हेतु आयोजित इस कार्यशाला में वर्चुअल माध्यम से लखनऊ से जुड़े मुख्यमंत्री ने कहा कि वेदों और प्राचीन ग्रंथों की चचाओं में भी बाघ का वर्णन मिलता है। अपने देश मे 1973 में इसे राष्ट्रीय पशु घोषित करते हुए सेव टाइगर प्रोजेक्ट शुरू किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने समय से पूर्व 2018 में ही सेव टाइगर के लक्ष्य को पा लिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य स्तर पर उत्तर प्रदेश में बाघों की संख्या 2006 में 106 थी जो 2018 में बढ़कर 173 हो गयी। बाघों की नई गणना के जब परिणाम आएंगे तो यह संख्या करीब 200 होने का अनुमान है। रानीपुर में टाइगर रिजर्व की चर्चा के साथ गोरखपुर चिड़ियाघर का उल्लेख करते हुए सीएम योगी ने कहा कि गोरखपुर के प्राणी उद्यान में सफेद बाघ आया है। इससे गोरखपुर वासियों को इसके संरक्षण का मौका मिलेगा। शुक्रवार सुबह एक ट्वीट के जरिये अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर पशु प्रेमियों व प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए सीएम योगी ने कहा कि साहस व सामर्थ्य के अप्रतिम प्रतीक राष्ट्रीय पशु बाघ के संरक्षण के प्रति अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण का हम सभी को संकल्प लेना चाहिए। कार्यशाला में प्रदेश के वन, पर्यावरण जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि जल्द ही गोरखपुर चिड़ियाघर को एक और सफेद बाघ की सौगात मिलेगी। एक सफेद बाघ (मादा बाघ गीता) को लखनऊ चिड़ियाघर से यहां पहले ही लाया जा चुका है। दूसरा सफेद बाघ चेन्नई चिड़ियाघर से लाया जाएगा। इस अवसर पर विभाग के राज्य मंत्री केपी मलिक ने कहा कि नागपंचमी के दिन गोरखपुर चिड़ियाघर में नाग देवता (कोबरा) का दर्शन करने के लिए टिकट शुल्क में 50 फीसद की रियायत दी जाएगी। कार्यशाला को वर्चुअल मोड में फिल्म अभिनेता रणदीप हुडा, सांसद रवि किशन शुक्ला ने भी संबोधित किया।

### डीएम एवं सीडीओ ने किया कृषि फार्म गवां का निरीक्षण

**सम्भल/बहजोई।** जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं मुख्य विकास अधिकारी कमलेश सचान द्वारा जनपद के प्रगतिशील किसान अजय प्रताप सिंह एवं आशुतोष प्रताप सिंह के कृषि फार्म गवां का निरीक्षण किया गया। जिसमें जिलाधिकारी द्वारा वर्मी कल्चर वर्मी वाश जोकि केंचुए द्वारा बनाया जाता है उसका निरीक्षण करते हुए जानकारी प्राप्त की। साथ ही ऑर्गेनिक विधि द्वारा की गई खेती एवं थाईलैंड से मंगाई पेंग्चांग घास को देखा एवं उसके बाद वहां उपस्थित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ वार्ता करते हुए उन्हें वर्मी कल्चर, ऑर्गेनिक खेती एवं प्राकृतिक खेती के विषय में जानकारी देते हुए। उन्हें इनको बढ़ावा देने एवं अन्य लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। और उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद की सभी गौशालाओं में वर्मी कल्चर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ताकि वर्मी कंपोस्ट के माध्यम से किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त हो सके।

## मोहित शर्मा ने ब्लड देकर निभाया इंसानियत का फर्ज

संभल, प्रात : किरण संवाददाता



जनपद संभल थाना असमोली के क्षेत्र ग्राम पंचायत सिडल माफी के मूल निवासी मोहित शर्मा ने महादेव की कृपया से आज 12बी बार अपना ब्लड (O-) निगेटिव रक्तदान किया। पश्चिम बंगाल के शिव भक्त काबडिए के एक्ससीडेंट की सूचना मिली तो अंकुर सक्सेना ने ब्लड डोनेशन ग्रुप में जानकारी दी। ग्रुप के सदस्यों ने सारे जानकारी करने के बाद ब्लड की व्यवस्था कराने को कहा। तभी सूचना थाना असमोली के क्षेत्र ग्राम पंचायत सिडल माफी निवासी मोहित शर्मा पर गई। उन्होने बिना देरी किए ही ब्लड देने को कहा। तब जाकर शिव भक्त काबडिए के घर वालों को सुकून मिला। जब इस बारे में मोहित शर्मा से बात हुई कि आप इस मरीज के घर वाले को जानते हो तो मोहित शर्मा ने मना कर दिया। ओर मोहित शर्मा ने कहा महादेव की दी हुई जिंदगी का अंश (O-) निगेटिव ब्लड एक पश्चिम बंगाल के शिव भक्त कावंड़िए के एक्ससीडेंट की सूचना मेरे छोटे भाई अंकुर सक्सेना के द्वारा प्राप्त हुई । तभी में एल एन्ड टी फाइनेंस ऑफिस से सीधा साई हॉस्पिटल मुरादाबाद पहुँच गया। अतःपश्चिम बंगाल के शिव भक्त काबडिए को आई.सी.यू.में एडमिट गम्भीर स्थिति को देखते हुए मोहित शर्मा ने तुरंत रक्तदान किया। और बोले कि हमारा ब्लड डोनेट ग्रुप लोगो की सेवा के लिए जुड़ा है। जो वाकई परेशान होते हैं। हम लगातार 15 साल से बिना भेदभाव के लोगों की जिंदगी बचाने का काम कर रहे है।

# प्रेमिका व जदयू नेत्री के प्रताड़ना से तंग आकर के पत्रकार ने की आत्महत्या

## घटना के 9 घंटे बाद इलाज के दौरान हुई मौत



**दानापुर, प्रात : किरण संवाददाता**

दानापुर खगौल थाना क्षेत्र के गरीखाना स्थित अपने निवास पर जदयू नेत्री व अपने प्रेमी के रोज रोज के मानसिक प्रताड़ना से तंग होकर खगौल के एक दैनिक अखाबार के पत्रकार विशाल कुमार सिंहा ने खुद के सिर में गोली मार ली। घटना के बाद घर में मौजूद छोटी बहन ने पड़ोसियों की मदद से उसे सगुना स्थित एक निजी अस्पताल ले गई जहां चिकित्सकों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए आइजीआईएमएस पटना रेफर कर दिया।

जहा घटना के 9 घंटे बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। पत्राकार अपने आप को गोली मारने से पहले वह अपनी बहन के मोबाइल व्हाट्सअप पर सोसाइड नोट भेजा जिसमें जेदयू नेत्री खगौल के चरघरवा मोड़ गरीखाना निवासी वंदना सिंह और उसके पुत्र व पुत्री पर आत्महत्या के लिए मजबूर करने की बात लिखी हुई है। वहीं सूचना पर पहुंची खगौल पुलिस ने पत्रकार के कमरे को सील कर आगे की कानूनी प्रक्रिया में जुट गई है। घटना शुक्रवार की सुबह 10 बजे की है। मिली जानकारी के अनुसार अुनप कुमार सिन्हा के एकलौते पुत्र विशाल कुमार सिन्हा उर्फ सीन्कू खगौल नगर से हिन्दुस्तान अखबार में खगौल से पत्रकार के तौर पर कार्यरत थे।

शक्रवार की सुबह गोली की आवाज सुन पिता अनुप सिन्हा, मां शारदा सिन्हा व छोटी बहन वैशाली सिन्हा ने कमरे में जाकर देखा तो होश उड़ गये। विशाल खून से लथपथ बिस्तर पर पड़ा हुआ था और एक पिस्टल पास में ही मौजूद था। वे पास स्थित मार्केट के लोगों को बुला आनन फानन में सगुना स्थित निजी अस्पताल ले गए।जहा पत्रकार कि को हालत नाजुक देखते हुए उसे राजाबाजार स्थित आइजीएमएस भेज दिया। मृतक पत्रकार की बहन वैशाली ने बताया विशाल ने आप को गोली मारने से पहले मेरे व्हाटसअप पर सुसाइड नोट भेजा है जिसमें लिखा हुआ है कि लोजपा नेता स्वर्गीय मनोज कुमार सिंह की पत्नी जदयू नेत्री वंदना सिंह मेरे साथ 2 अक्टूबर 2020 को शादी की उसके बाद मेरा शोषण करती रही आज जब उनका काम निकल गया है तो अपनी बेटी वंशिका सिंह एवं अपने बड़े पुत्र वैभव सिंह के कहने पर मुझे सुसाइड करने पर मजबूर कर रही हैं। वंदना सिंह गुरुवार की शाम अपना लाइसेंसी हथियार एवं गैर लाइसेंसी छोटी हथियार मेरे घर पर रखकर बोली दम है तो सुसाइड करके तो दिखाओ। मृतक की बहन ने बताया कि वंदना सिंह से भैया का संपर्क दो वर्ष पहले हुआ था।

हम सभी गरीखाना स्थित वंदना सिंह के खाली पड़े मकान में किराएदार के तौर पर रह रहे है।मेरा मृतक भाई उनका होटल व मार्केट में निजी दुकान के अलावा उनके सभी व्यापार का देखभाल कर रहा था। मुझे वंदना सिंह से भैया की शादी करने की बात कुछ दिन पहले पता चली। वह कुछ दिनों भैया के साथ गलत व धमकी भरे लहजे में बात कर रही थी। इस संबंध में खगौल थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने बताया कि बहन के व्हाट्सअप पर सुसाइड नोट मिला है। वही एफएसएल की टीम को जांच करने की सूचना दे दी गई है। मामले की जांच व छानबीन की जा रही है।इधर मे मृतक पत्रकार विशाल की इकलौती बहन वैशाली दिल्ली से अपने भाई को रक्षा बंधन पर राखी बांधने आई है लेकिन उससे पहले ही विशाल जेडीयू नेत्री के प्रताड़ना से तंग आकर खुद को गोली मार अपने आप को मौत के हवाले कर दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का सिटी में होगा भव्य स्वागत

पटना सिटी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 31 जुलाई को शहीद भगत सिंह चौक के नजदीक सब्जी बाजार में विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों द्वारा स्वागत किया जाएगा। अभिनंदन समारोह के संयोजक ललित अग्रवाल एवं मारवाड़ी सेवा समिति के अध्यक्ष संजीव देवड़ा ने बताया कि श्री नड्डा के स्वागत की तैयारी लगभग हो चुकी है। उनके स्वागत में तोरण द्वार के साथ राजस्थानी पगड़ी और साफा से स्वागत किया जाएगा। अभिनंदन समारोह के लिए श्री नारायणी भक्त मंडल, पाटलिपुत्र जन सेवा संस्थान, बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, बिहार प्रादेशिक अग्रवाल युवा सम्मेलन, रामबाग वस्त्र व्यवसायी संघ के साथ अन्य संस्थाएं सक्रिय हैं। स्वागत के लिए एक कोर कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें पुरुषोत्तम पोद्दार, शिवप्रसाद मोदी, रमन केडिया, विष्णु झुनझुनवाला, गणेश शर्मा व राजेश चौधरी को शामिल किया गया है। चौकशिकारपुर में भी श्री नड्डा का स्वागत किया जाएगा।

### पूर्व के शराब मामले का आरोपी गिरफ्तार

बाढ़। अनुमंडल अंतर्गत अथमलगोला थाना की पुलिस ने पूर्व के शराब कांड में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ने बताया की थाना अंतर्गत बुडरा गावं निवासी शिवम कुमार पूर्व के शराब कांड का वांछित आरोपी था।जिसे पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है।

### बाढ़ थाना पुलिस ने मोबाइल दुकान में हुए चोरी मामले का किया खुलासा

बाढ़। थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड इलाके में 3 दिन पहले दुकान में सेंधमारी करते हुए अज्ञात चोरों ने मोबाइल दुकान में रखे लाखों रुपए के मोबाइल पर हाथ साफ कर दिया था। घटना के बाद पीड़ित मोबाइल दुकानदार के द्वारा बाढ़ थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी। लिहाजा पुलिस ने टीम गठित करते हुए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर स्टेशन इलाके में ही छापेमारी करते हुए एलआईसी इलाके के एक मकान से 6 चोर को गिरफ्तार किया। पकड़े गए सारे चोर एनटीपीसी और पंडारक थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं।जो कि पढ़ाई के नाम पर इलाके में किराए के मकान लेकर घटना को अंजाम देने का काम कर रहा था पकड़े गए चोरों में गौतम कुमार अभिषेक कुमार चंदन कुमार विकास कुमार रौशन कुमार और निकेश कुमार है।

# खाद्य पदार्थ पर जीएसटी लगाए जाने के निर्णय पर प्रदर्शन

## गुरहट्टा में राजद ने विरोध जता किया आमसभा




**पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता**

केंद्र सरकार द्वारा खाद्य पदार्थ चावल, दाल,आटा, गेहूं सहित अन्य खाद्य पदार्थों पर जीएसटी लगाने के निर्णय के विरोध में राजद कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के राजद के नेता एवं कार्यकर्ता केंद्र सरकार के इस नीति का आम लोगों के साथ मिलकर विरोध किया। अशोक राजपथ के गुरहट्टा मोड़ पर जनता पर जीएसटी की दोहरी मार, कमाने पर जीएसटी और खाने पर भी जीएसटी, केंद्र सरकार शर्म करो, खाद्यान्न पर से जीएसटी वापस लो, मोदी सरकार गद्दी छोड़ो, जैसे स्लोगन लिखी तख्तियां हाथों में लेकर प्रधानमंत्री और वित्तमंत्री से गद्दी छोड़ने की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व राजद के पूर्व प्रदेश महासचिव बलराम चौधरी, मोहम्मद जावेद, रजनीश राय, प्रदीप मेहता, महमूद कुरैशी व अजित सिंह कुशवाहा कर रहे थे। विरोध प्रदर्शन के बाद प्रदर्शनकारियों का समूह गुरहट्टा गांधी चौक पर आमसभा में परिणत हो गया। इसे संबोधित करते वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 2017 में लागू जीएसटी से भारत का उद्योग और व्यवसाय चरमरा गया।

अनेक व्यवसाय एवं उद्योग का पूर्णतः सफाया हो गया और लाखों लोग बेरोजगार हो गये। सरकार ने पहले कमाने और अब खाने पर भी बंदिश लगाने का निर्णय ले रही ही है। विरोध प्रदर्शन में पटना महानगर के प्रवक्ता मो साबिर अली, मो.पिंकू, बबलू जयसवाल, भूषण माली, एजाजुद्दीन शानू, मो महताब, शत्रुघ्न यादव, संजय यादव, दरबारी गोप, अभिषेक सिन्हा आदि थे।

# चेहल्लुम पर लेना होगा लाइसेंस : एसडीओ

## अपराधी व शरारती तत्वों की पहचान कर कार्रवाई शुरू



**पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता**

सुलतानगंज थाना परिसर में मोहर्रम के अवसर पर शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता करते हुए एसडीसो मुकेश रंजन एवं थानाध्यक्ष शेर सिंह यादव ने की। एसडीओ ने कहा कि पूर्व की तरह इस बार भी चेहल्लुम पर प्रशासन की ओर से व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखा जाएगा। खासकर पहलाम स्थल के इर्द-गिर्द ट्रेफिक पुलिस की व्यवस्था रहेगी। प्रशासन की ओर से बिना लाइसेंस एक भी अखाड़ा नहीं निकलेगा। सभी क्षेत्रो से निकलने वाले अखाड़ा अपने थाना के स्तर से खलीफा के साथ अन्य दस सदस्यों का आधार कार्ड देकर ही लाइसेस लेना अनिवार्य होगा। लाइसेंस में निर्गत अंकित तारीख एवं समय के अनुसार ही पहलाम करना होगा। अखाड़ा निकालने के दो दिन पहले लाइसेस ले लेना जरूरी है, ताकि सही व्यक्तियों की पहचान की जा सके। वृहत आयोजन के आलोक में एवं शाति महौल बनाने के लिए प्रशासन की ओर से विशेष व्यवस्था की जायेगी। नगर निगम का चुनावी महौल बना हुआ है। प्रशासन की ओर से अपराधियों व शरारती तत्वों को चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। तीन अस्थाई थाना पत्थर की मस्जिद, तेराहे की मस्जिद एवं करबला के नजदीक होगी। सभी सीसीटीवी से लैस रहेगा। इससे आसानी से अखाड़ा की निगरानी की जायेगी।

बैठक में गणेश कुमार, बैजू लाल दास, रमेश रजक, कलीम इमाम, अनिल यादव, बसी अख्तर, जम्मू खां, अरुण सिन्हा, अंजुम आलम, मो आरिफ, दौलत इमाम, फिरोज, मो इरशाद आदि उपस्थित थे।

### भाजपा ने बिहार में चुनावी तैयारियां शुरू कर दी

**बिहटा।** भाजपा ने बिहार में चुनावी तैयारियां शुरू कर दी है।पार्टी को मजबूत बनाने के लिए बूथ स्तर के कार्यकताओं को जागृत किया जा रहा है। शुक्रवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा पटना ग्रामीण द्वारा बिहटा ग्रामीण अन्तर्गत बिन्दौल में बुथ सम्मेलन का आयोजन किया गया।आयोजित इस बूथ सम्मेलन में मंडल स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक के पदाधिकारी मौजूद रहे।जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अशुमन कुमार ने किया।वही मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी ने आगामी महत्वपूर्ण चुनावों के लिए तैयार रहने का आह्वान किया और उनसे बूथ-स्तरीय समितियों को मजबूत करने की अपील की।उन्होंने कही की अगर हर बुथ पर दस मजबुत कार्यकर्ता लगन व मेहनत से काम करते है तो आने वाले दिन मे कोई भी चुनाव में हम कमल का फुल खिलायेगे । वही हरियाणा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल राणा ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ होता है ।भाजपा कार्यकर्ताओ की पार्टी है ,आज उसी का परिणाम है कि देश का राष्ट्रपति भी पार्टी का छोटा कार्यकर्ता बनता है`वही भाजपा के निवर्तमान प्रत्याशी अतुल कुमार ने कहा कि भाजपा किसी परिवार की पार्टी नहीं है, अपितु विचारों और सिद्धांतों की पार्टी है।

# जीविका को आवंटित तालाब में मछली पालन कार्य का उद्घाटन

**बाढ़, प्रात : किरण संवाददाता**



अनुमण्डल अंतर्गत अथमलगोला की प्रखंड प्रमुख रीना देवी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी रीतिका सहाय एवं प्रखंड परियोजना प्रबंधक शाहनवाज इरफान द्वारा जय जीविका महिला ग्राम संगठन पंचायत कल्याणपुर अथमलगोला में आवंटित तालाब जो कि बिहार सरकार के जल जीवन हरियाली मिशन के अंतर्गत स्वीकृत है,जिसमें मछली पालन का संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया।मौके पर प्रखंड प्रमुख ने जीविका के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने में जीविका द्वारा किया गया यह एक सफल प्रयास है।वहीं बीडीओ ने कहा कि मछली पालन महिलाओं को आत्मनिर्भर होने के लिए अच्छा स्वरोजगार है।इससे कही न कही हमारे समाज की महिलाओं को बल मिलेगा।

जीविका की जिला पशुधन प्रबंधक पुष्पम ने बताया कि पूरे जिला में जल जीवन हरियाली के अंतर्गत जिलाधिकारी पटना के द्वारा जीविका को 40 तालाब आवंटित हुए हैं।जिसमे अथमलगोला जीविका द्वारा पहला तालाब मछली पालन हेतु उद्घाटित हो रहा है।इसके माध्यम से जीविका दीदियां और ज्यादा सशक्त होंगी।इस अवसर पर क्षेत्रीय समन्वयक अभाष रंजन, सामुदायिक समन्वयक डौली कुमारी, निर्मला कुमारी, प्रीति कुमारी, रूबी कुमारी, संजम कुमारी, गीता शर्मा, अंजली शर्मा, बबीता कुमारी, सुमन देवी एवं जय जीविका मत्स्य उत्पादक समूह की सभी दीदी उपस्थित हुई।

# अवैध शराब नहीं पीने की दिलाया शपथ




**पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता**

बिहार में शराबबंदी है और ऐसे में अवैध रूप से मिलने वाली शराब को नहीं पीने को जन जागरुकता अभियान के संयोजक सह प्राथमिक विद्यालय, नयागांव, गुलजारबाग के सहायक शिक्षक सूर्यकांत गुप्ता के द्वारा दिलाया गया। जल्ला रोड में अवस्थित स्लम बस्ती के लोगों को शराब नहीं पीने की शपथ दिलाई गई।उन्होंने बताया कि हाल ही में बिस्कोमान कॉलोनी के दो नवयुवक की अवैध रूप से मिलने वाली शराब पीने के कारण मृत्यु हो गई है। ऐसे में सही मापदंड पर नहीं बने शराब का शराब का सेवन घातक होगा। यह जानलेवा हो सकता है। आपकी जान भी जा सकती है। आपका परिवार बिखर सकता है। इस दौरान मल्लू रजक, पिंटू कुमार, राजकुमार पासवान, श्रवण पासवान, अरुण पासवान, संतन पासवान, मनोज कुमार, अवध ठाकुर आदि ने अवैध रूप से मिलने वाली शराब को नहीं पीने की शपथ ली।

# बिना अधिकार लखबिंदर ने की नियुक्ति, अध्यक्ष ने किया रद्द

**पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता**



तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। जिस पदाधिकारी को किसी को नियुक्त करने का अधिकार नहीं है, वह भी ऐसा कर रहे हैं। यही नहीं, धर्म प्रचार के नाम पर प्रचार-प्रसार को कमेटी के लेखापाल से रुपया लिया गया। जब आप उस पद पर पर हैं ही नहीं, तो फिर कैसे धर्म प्रचार के नाम पर राशि उठाया। इस संबंध में तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष अवतार सिंह हित ने कहा कि कनीय उपाध्यक्ष लखबिंदर सिंह के द्वारा जो नियुक्ति की गई, वह गलत था। उसे रद्द कर दिया गया है। साथ ही कहा कि 25 जुलाई, 21 को पदाधिकारियों के हुए मध्यावधि चुनाव के बाद जो भी पदाधिकारी या सदस्य के द्वारा जो भी राशि ली गई और खर्च की गई, उस सबका ऑडिट कराया जाएगा। जल्द ही इंटरनल ऑडिटर का लेटर जारी कर ऑडिट का काम शुरू करने को कहा जाएगा। इसमें जिन्होंने राशि लेकर खर्च का हिसाब नहीं दिया है, उस पर कार्रवाई होगी। दरअसल कमेटी के कनीय उपाध्यक्ष लखबिंदर सिंह के द्वारा कार्यालय आदेश 436/2/2020 के द्वारा जगजीत सिंह पिता अत्तर सिंह हैं, को 11 जुलाई, 22 को प्राप्त आवेदन पर विचार कर और उनकी योग्यता को देखते हुए तख्तश्री पटना साहिब में 12 जुलाई से दैनिक वेतनमान पर नियुक्त किए जाने की बात कही गई। नियुक्ति की नोटिस मिलने के बाद जगजीत को लेखा प्रबंधक के निदेशानुसार लेखा कार्यालय में अपने कर्तव्यों का पालन करने को कहा गया। इस संबंध में कार्यालय के अधीक्षक, प्रबंधक और लेखा प्रबंधक को सूचित भी किया गया था। इसकी जानकारी मिलने के बाद अध्यक्ष अवतार सिंह हित ने कहा कि कनीय उपाध्यक्ष को किसी को नौकरी में बहाल करने का अधिकार नहीं है। फिर भी उन्होंने ऐसा कर गलत किया है। इस कारण से कनीय उपाध्यक्ष लखबिंदर सिंह के द्वारा की गई बहाली को उन्होंने तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। इसके पूर्व महासचिव इंद्रजीत सिंह और कनीय उपाध्यक्ष लखबिंदर सिंह के द्वारा कार्यालय के अधीक्षक और मैनेजर के साथ मिल कर करीब दो दर्जन कर्मियों व सेवादारों को इधर से उधर करने का आदेश जारी किया था। जब इसकी जानकारी सचिव हरबंश सिंह खनूजा को मिली, उन्होंने अध्यक्ष अवतार सिंह हित से बात कर उस तबादला आदेश को अगले आदेश तक रद्द कर दिया।

**होगा इनटर्नल ऑडिटः** कमेटी के प्रधान अवतार सिंह हित ने कहा कि कमेटी के पिछले एक साल का इंटरनल ऑडिट कराया जाएगा। इस संबंध में जल्द ही इंटरनल ऑडिट करने के लिए पत्र जारी होगा और काम शुरू कराया जाएगा। जानकारी मिली है कि कुछ पदाधिकारियों और सदस्यों के द्वारा विभिन्न मदों में राशि का उठाव किया गया है। इसमें अधिकांश में हिसाब जमा नहीं किया गया है या फिर आधा अधूरा है। जिन्होंने जमा भी किया है, उसका भी ऑडिट होगा। अनावश्यक खर्च और तय सीमा से अधिक खर्च करने वालों से भी जवाब-तलब किया जाएगा। इसके बाद एक बार फिर कमेटी के कुछ पदाधिकारियों के माथे पर अभी से ही पसीना छूटना शुरू हो गया है। दरअसल पिछले साल से धर्म प्रचार कमेटी के चेयरमैन के नाम पर कनीय उपाध्यक्ष लखबिंदर सिंह राशि का उठाव कर रहे हैं, जबकि अध्यक्ष के अनुसार पदाधिकारियों के हुए मध्यावधि चुनाव के बाद उन्हें उक्त पद के लिए कहीं से भी अधिकृत नहीं किया गया है और न ही कोई पत्र जारी किया गया है। उन्होंने अपने साथ रहे सदस्यों का भी कभी सहयोग नहीं लिया और न कभी बैठक ही कर पाए हैं। यह बात धर्म प्रचार समिति के को-चेयरमैन रहे हरपाल सिंह जौहल और सदस्य कुलबंत सिंह सलूजा ने भी कही है।

# भाजपा प्रवास कार्यक्रम के तहत कई कार्यक्रम सम्पन्न

**फतुहा, प्रात : किरण संवाददाता**



भाजपा संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अधिवेशन के तहत प्रवास कार्यक्रम के अर्न्तगत चंडीगढ़ महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुनीता धवन, उतराखंड प्रदेश महिला के उपाध्यक्ष सुषमा रावत, भाजपा महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष किरण गुप्ता की अध्यक्षता में शुक्रवार को बांकीपुर गोरख में कार्यक्रम प्रभारी अनामिका अग्रवाल सह प्रभारी लक्ष्मण साहु, इंद्रावती देवी के नेतृत्व में प्रभावशील मतदाताओं से संवाद, बुथ कमिटी के साथ बैठक के बाद कार्यक्रम प्रभारी नगर महामंत्री पूनम केशरी सह प्रभारी विजय कुमार वत्स के साथ फतुहा सीएचसी कोविड के चल रहे बुस्टर की जानकारी सीएचसी प्रभारी डा. राजकुमार प्रसाद से ली है। उसके बाद फतुहा प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र डुमरी के डुमरी हाईस्कूल में कार्यक्रम प्रभारी डुमरी मुखिया रिंकी देवी के नेतृत्व में लाभुको से जनसंवाद किया और केन्द्र सरकार के नरेंद्र मोदी सरकार की योजनाओं की जानकारी दी और वृक्षारोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। मौके पर महिला मोर्चा के जिला मंत्री सुषमा गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष विजय कुमार वत्स, जिला महामंत्री अरविंद यादव, जिला प्रवक्ता रामजी प्रसाद, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पारसनाथ यादव,भाजयूमों नेता गोपाल शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष उपेंद्र यादव सहित कई मौजूद रहे।

# पीएम मोदी ने महिलाओं के लिए किए अभूतपूर्व कार्य : दीप्ति रावत

## आंगनवाड़ी सेविकाओं व स्वयंसेवियों का जमीनी स्तर पर सामाजिक-आर्थिक विकास में भूमिका महत्वपूर्ण

**पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता**



भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमती दीप्ति रावत ने कहा कि देश की आधी आबादी के विकास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कल्याणकारी योजनाओं में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। देश में इस वर्ग के लिए अनेक योजनाओं का कार्यान्वयन हो रहा है। वह शुक्रवार हाजीगंज स्थित एक सामुदायिक भवन में आयोजित संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहीं थीं। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी, आशा एवं स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं उपस्थित थीं। उन्होंने कहा कि पीएम की योजनाओं को सरजमीं पर उतारने में इन सबों की महती भूमिका रहती है। श्रीमती रावत के साथ राष्ट्रीय कार्यसमिति की सदस्य नीतू गर्ग एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता व क्षेत्रीय विधायक नंदकिशोर यादव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि महिला कल्याण की दिशा में जितने कार्य पिछले आठ वर्षों के अंदर हुए, उतना पहले कभी नहीं हुआ। पटना साहिब में अपने प्रवास के दूसरे और अंतिम दिन की शुरूआत नेताओं ने प्राचीन श्री जल्ला महावीर मंदिर और तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में मत्था टेक कर किया। तख्त साहिब में ग्रंथी ने आशीष रूप में सिरोपा प्रदान किया, वहीं जल्ला मंदिर में उन्हें अंग वस्त्र प्रदान किया गया। मंदिर में संजीव यादव, सुजीत कुशवाहा, शंकर मेहता एवं संजीव पटवा ने नेताओं की आगवानी की। वहीं तख्त साहिब में पटना महानगर के मीडिया प्रभारी प्रदीप काश, नित्यानंद सिंह, त्रिलोक सिंह, सन्नी यादव, अजय सिंह चप्पू, धनंजय त्रिपाठी, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मैनेजर हरजीत सिंह ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

पार्टी नेताओं ने वार्ड संख्या 61 के मेहंदीगंज पार्क में पौधारोपण कर पूर्व उपमहापौर रूपनारायण मेहता के आवास पर बूथ स्तरीय बैठक की। महिला नेत्रियों ने केंद्र सरकार द्वारा चलाए गए जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के घर-घर जाकर उज्जवला योजना, जन धन खाता, आयुष्मान कार्ड तथा गरीब कल्याण अन्न योजना की जानकारी ली। बाद में राजधानी के पूर्वी छोर गुरु का बाग में केंद्र व राज्य सरकार के प्रयास से निर्मित ह्यप्रकाश पुंजह्न का भ्रमण कर छोटी पहाड़ी में सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुईं। भाजपा नेता बलराम मंडल ने नेताओं का स्वागत किया। सबसे मनोहारी दृश्य भद्र घाट में गंगा आरती में शामिल हो भाजपा की राष्ट्रीय नेत्रियां भाव विभोर हो गईं। यहां पूर्व पार्षद स्मिता रानी, किरण मेहता, लल्लू शर्मा, मिथिलेश कुमार, अधिवक्ता नवीन कुमार सिन्हा, विश्वनाथ चौधरी, विनय केसरी, गुंजन कुमार, दिलीप गुप्ता, सीता शर्मा, हरेंद्र चंद्रबंशी, बद्रीनाथ गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, अनिता पांडेय, शशि बाल्डीहार, मंजू सिंह आदि मौजूद थीं।

# डॉ सामरा दान किए सामान के धोखाधड़ी के बारे में करेंगे खुलासा

## छह को तख्तश्री पटना साहिब में मीडिया से करेंगे बात

**पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता**



तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में जालंधर के करतारपुर के डॉ गुरुबिंदर सिंह सामरा ने सोने का पीढ़ी साहिब, श्री साहिब, बड़ी कलगी, पातशाह का हार, सुखासन साहिब आदि भेंट किया था, जिसकी लागत करोड़ों में है। अब यह दान किया गया सामान विवादों में आ गया है।

कमेटी के सदस्य महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन के द्वारा दान दी गई सामान की जांच कराने की मांग पर कमेटी के प्रधान अवतार सिंह हित ने तीन सदस्यों की कमेटी बनाई थी। इसमें श्री ढिल्लन के अलावा रविन्द्र सिंह और गुरुशरण सिंह शामिल थे।

इसमें दान की गई तीन सामान पीढ़ी साहिब, श्री साहिब और बड़ी कलगी साहिब की जांच कराई गई, जिसमें श्री साहिब और पीढ़ी साहिब में बताए गए सोना-चांदी उस अनुपात में नहीं निकल पाया। इसके बाद से तख्तश्री कमेटी में राजनीतिक भूचाल आ गया है। इधर दानकर्ता डॉ गुरुबिंदर सिंह सामरा ने इस संवाददाता को भेजे गए लिखित और ऑडियो में कहा है कि वह छह अगस्त को तख्तश्री पटना साहिब पहुंचेंगे और यहां उनके द्वारा दान की गई वस्तुओं के बारे में की गई साजिश और धोखाधड़ी के बारे में मीडिया के समक्ष अपनी बात रखेंगे, ताकि देश दुनिया के लोग सही स्थिति से अवगत हो सकें। यदि वह अपनी बात को सही ढंग से और पुख्ता सबूत के साथ नहीं रख पाए, तो उन्हें जो भी सजा दी जाएगी, वह उन्हें मंजूर है।

ऐसे में कोई कैसे किसी गुरुद्वारा में कुछ भी दान कर सकेगा। इधर तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष अवतार सिंह हित शनिवार को पटना साहिब पहुंच रहे हैं। उनके अचानक पटना आने की सूचना के बाद यहां की राजनीति और गरमा गई है।

साथ ही साथ दानकर्ता डॉ सामरा का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने तख्तश्री पटना साहिब के जत्थेदार के अलावा पंच प्यारों में शामिल वरीय मीत ग्रंथी भाई बलदेव सिंह, भाई गुरदयाल सिंह और सुखदेव सिंह के बारे में भी बातें कही गई हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



## संक्षिप्त खबरें



### केपीटीएल, अनुषंगियों को 1,842 करोड़ रुपये के ऑर्डर मिले

नई दिल्ली। कल्पतरु पॉवर ट्रांसमिशन लिमिटेड (केपीटीएल) और इसकी अनुषंगियों को 1,842 करोड़ रुपये के नए ऑर्डर मिले हैं। ऊर्जा एवं अवसंरचना क्षेत्र की कंपनी केपीटीएल ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। इसमें उसने बताया कि ये ऑर्डर मेट्रो रेल विद्युतीकरण, समग्र रेलवे परियोजना, भवन और कारखाने (बी एंड एफ) परियोजनाओं और भारत में पारेषण एवं वितरण (टी एंड डी) व्यवसाय के लिए हैं। इसके अलावा कंपनी को पारेषण एवं वितरण क्षेत्र की अन्य देशों की परियोजनाएं भी मिली हैं। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी मनीष मोहनोत ने कहा, इन नए ऑर्डर के साथ हम मेट्रो रेल विद्युतीकरण जैसे उच्च वृद्धि वाले अवसंरचना क्षेत्र में शुरूआत कर रहे हैं। इन नए ऑर्डर के साथ चालू वर्ष में कंपनी को कुल 8,000 करोड़ रुपये तक के ऑर्डर मिल चुके हैं।

### जायडस वेलनेस का शुद्ध लाभ पहली तिमाही में 4.75 प्रतिशत बढ़कर 137.01 करोड़ रुपये पर

नई दिल्ली। स्वास्थ्य उत्पाद बनाने वाली कंपनी जायडस वेलनेस का एकीकृत शुद्ध लाभ 30 जून को समाप्त पहली तिमाही में 4.75 प्रतिशत बढ़कर 137.01 करोड़ रुपये हो गया। अधिक खर्च और संयंत्र को बंद करने के लिए एकमुश्त खर्च से कंपनी का मुनाफा प्रभावित हुआ है। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजारों को यह सूचना दी। कंपनी ने वित्त वर्ष 2021-22 की समान अवधि में 130.8 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था। चालू वित्त वर्ष 2022-23 की समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल एकीकृत आय बढ़कर 698.71 करोड़ रुपये हो गई। एक साल पहले की अवधि में यह 599.97 करोड़ रुपये रही थी। जायडस वेलनेस का बीती तिमाही में कुल खर्च बढ़कर 558.82 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में उसका खर्च 469.17 करोड़ रुपये था। कंपनी ने कहा कि पहली तिमाही के दौरान इस्तेमाल की गई सामग्री की लागत 250.12 करोड़ रुपये रही। एक साल पहले इसी तिमाही में यह 149.59 करोड़ रुपये थी।

### अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 30 पैसे चढ़कर 79.39 पर आया

मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में तेजी और विदेशी पूंजी के नए सिरे से प्रवाह के बूते शुक्रवार को शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 30 पैसे चढ़कर 79.39 पर आ गया। कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी मुद्रा में कमजोरी से भी रुपये को बल मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 79.55 पर खुला। शुरूआती सौदों में रुपया बढ़त के साथ 79.39 पर आ गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 30 पैसे की बढ़त दशार्ता है। पिछले सत्र में, बृहस्पतिवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 79.69 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 106.03 पर आ गया। वैश्विक तेल सूचकांक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.11 प्रतिशत कम होकर 107.02 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

# 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी प्रक्रिया का चौथा दिन

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में हाई स्पीड की इंटरनेट सेवा मुहैया कराने के लिए पांचवीं पीढ़ी के स्पेक्ट्रम 5जी की नीलामी प्रक्रिया के चौथे दिन शुक्रवार को 17वें दौर की बोलियां जारी है। अबतक 16 दौर में कुल 1,49,623 करोड़ रुपये की बोलियां आ चुकी हैं।

5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी के पहले दिन मंगलवार को चार दौर में 1.45 लाख करोड़ रुपये की बोली लगाई गई थी, दूसरे दिन बुधवार को नौवें दौर की नीलामी में 1,49,454 करोड़ रुपये की बोलियां मिली थीं। इसी तरह तीसरे दिन गुरुवार तक 16 दौर की नीलामी में कुल 1,49,623 करोड़ रुपये की बोलियां सरकार को प्राप्त हुई।

देश के दिग्गज उद्योगपति मुकेश अंबानी की रिलायंस जियो, सुनील भारती मित्तल की भारती एयरटेल और गौतम अडाणी की कंपनी के साथ-साथ वोडाफोन-आइडिया भी 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी की दौड़ में शामिल हैं। इस




**नीलामी**

- 17वें दौर की बोली जारी

नीलामी में उत्तर प्रदेश ईस्ट सर्किल में 1800 मेगाहर्ट्ज बैंड के स्पेक्ट्रम में जियो और एयरटेल ने गहरी दिलचस्पी दिखाई है। इन कंपनियों ने दूसरे और तीसरे दिन टक्कर की बोलियां लगाईं। 5जी की इस नीलामी में विभिन्न निम्न श्रेणी में 600 मेगाहर्ट्ज, 700 मेगाहर्ट्ज, 800 मेगाहर्ट्ज, 900 मेगाहर्ट्ज, 1,800 मेगाहर्ट्ज, 2,100 मेगाहर्ट्ज, 2,300 मेगाहर्ट्ज, जबकि मध्यम श्रेणी में 3,300 मेगाहर्ट्ज और उच्च श्रेणी 26 गीगाहर्ट्ज.आवृत्ति बैंड में स्पेक्ट्रम के लिए नीलामी आयोजित की गई है। उल्लेखनीय है कि देश में 5जी सर्विस आने से इंटरनेट की गति 4जी के मुकाबले करीब 10 गुना ज्यादा हो जाएगी। 5जी स्पेक्ट्रम की वैधता 20 साल के लिए होगी। 5जी स्पेक्ट्रम के लिए चार प्रमुख दूरसंचार मोबाइल कंपनियों ने 21,800 करोड़ रुपये बतौर धरोहर राशि जमा कराई है।

### स्वतंत्र संगीतकारों को प्रति माह 1 लाख डॉलर तक का पुरस्कार देगा स्नैपचैट

**सैन फ्रांसिस्को।** स्नैपचैट की मूल कंपनी, लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म स्नैप ने एक नए क्रिएटर फंड की घोषणा की है जो स्वतंत्र संगीतकारों को प्रति माह 100,000 डॉलर तक का पुरस्कार देगा। कंपनी ने कहा कि नया अनुदान कार्यक्रम उभरते, स्वतंत्र कलाकारों को वीडियो बनाने, प्रेरक इंटरनेट प्रवृत्तियों और सांस्कृतिक क्षणों को परिभाषित करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए पहचानने के लिए डिजाइन किया गया है। स्नैप में म्यूजिक पार्टनरशिप के ग्लोबल हेड टेड सुह ने एक बयान में कहा, हम उन स्वतंत्र और उभरते कलाकारों का समर्थन करना चाहते हैं जो स्नैपचैट पर सृजन कर रहे हैं। सुह ने कहा, सार्थक वित्त पोषण और रचनात्मक सहायता प्रदान करके, हमारा लक्ष्य कलाकारों को संगीत में करियर बनाने और आगे बढ़ाने के लिए सशक्त महसूस करना है। स्नैप ने कहा कि अगस्त से शुरू होकर, यह शीर्ष साउंड क्रिएटर्स को 100,000 डॉलर तक का मासिक अनुदान प्रदान करेगा, जो डिस्ट्रोकिड के माध्यम से स्नैपचैट पर संगीत वितरित कर रहे हैं, और पूरे प्लेटफॉर्म पर कंटेंट के निर्माण को चला रहे हैं।


# अबतक 4 करोड़ से ज्यादा आईटीआर फाइल 31 जुलाई रिटर्न दाखिल करने की डेडलाइन

नई दिल्ली, एजेंसी

आयकर रिटर्न (आईटीआर) फाइल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई ही है। इस बीच सरकार ने साफ कर दिया है कि पिछले दो साल की तरह इस बार भी आईटीआर फाइल करने की डेडलाइन नहीं बढ़ने वाली है। इसके मद्देनजर आयकर विभाग ने करदाताओं से ट्वीट कर तय समय-सीमा तक रिटर्न दाखिल करने की अपील की है। 28 जुलाई तक 4 करोड़ से ज्यादा करदाताओं ने आईटीआर दाखिल किया है।

आयकर विभाग ने शुक्रवार को ट्वीट कर कहा कि आकलन वर्ष 2022-23 के लिए 28 जुलाई, 2022 तक 4.09 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल किए गए हैं। इसमें सिर्फ 28 जुलाई को 30 लाख से ज्यादा करदाताओं ने रिटर्न फाइल किया है। विभाग के मुताबिक 31 जुलाई आईटीआर फाइल करने की अंतिम तिथि है, जिन्होंने अपना रिटर्न अभी तक नहीं फाइल किया है, वे विलंब शुल्क से बचने के लिए जल्द से जल्द अपना रिटर्न दाखिल करें।

विभाग ने करदाताओं से अपील की है कि यदि अभी तक आपने




- विभाग के मुताबिक 31 जुलाई आईटीआर फाइल करने की अंतिम तिथि है, जिन्होंने अपना रिटर्न अभी तक नहीं फाइल किया है, वे विलंब शुल्क से बचने के लिए जल्द से जल्द अपना रिटर्न दाखिल करें।

आईटीआर दाखिल नहीं किया है, तो इनकम टैक्स की वेबसाइट जाकर अंतिम समय-सीमा का इंतजार किए बगैर रिटर्न दाखिल करें। विभाग के मुताबिक पिछले वित्त वर्ष 2020-21 में विस्तारित तारीख 31 दिसंबर, 2021 तक कुल 5.89 करोड़ आईटीआर दाखिल किए गए थे। हालांकि, मौजूदा आकलन वर्ष 2022-23 और वित्त वर्ष 2021-22 के लिए 28 जुलाई तक कुल 4 करोड़ से ज्यादा आईटीआर दाखिल हुए हैं।

दरअसल, आयकर रिटर्न की अंतिम तारीख 31 जुलाई, 2022 उन व्यक्तिगत करदाताओं के लिए है, जिन्हें अपने खातों का ऑडिट कराने की जरूरत नहीं है। अगर आप तय समय-सीमा तक आईटीआर नहीं फाइल करते हैं, तो आपको विलंब शुल्क के साथ जुमार्ना देना पड़ सकता है। इसके अलावा कई तरह की दिक्कतें भी आ सकती है।

# भारत में एप्पल का जून तिमाही में राजस्व लगभग दोगुना हुआ

न्यूयॉर्क, एजेंसी

प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी एप्पल का जून तिमाही में भारत में राजस्व लगभग दोगुना हो गया है। इससे पहले कंपनी ने बताया था कि जून 2022 में खत्म तिमाही में उसका राजस्व 83 अरब डॉलर रहा है। एप्पल ने वित्त वर्ष 2021-22 में 25 जून को खत्म तीसरी तिमाही के वित्तीय नतीजों की बृहस्पतिवार को घोषणा की। कंपनी ने कहा कि उसे 83 अरब डॉलर का राजस्व मिला है जो सालाना आधार पर दो फीसदी अधिक है।

कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी टिम कुक ने कहा कि यह राजस्व उनकी उम्मीदों से अधिक है क्योंकि आपूर्ति श्रृंखला में अवरोध तथा रूस में कारोबार पर प्रभाव जैसी कई चुनौतियां थीं। कुक ने कहा, अमेरिका, यूरोप और बाकी के एशिया प्रशांत क्षेत्र में जून तिमाही के शानदार नतीजे आए हैं। विकसित और उभरते बाजारों में जून तिमाही के अच्छे नतीजे रहे हैं जिनमें ब्राजील,



इंडोनेशिया और वियतनाम में दहाई अंकों की मजबूत वृद्धि दर्ज की और भारत में राजस्व लगभग दोगुना हो गया है। एप्पल के मुख्य वित्तीय अधिकारी और वरिष्ठ उपाध्यक्ष लुका माइस्ट्री ने कहा कि उद्यम बाजार में एप्पल के उपभोक्ता कंपनी के उत्पादों में लगातार निवेश बढ़ा रहे हैं, यह प्रतिभाओं को आकर्षित करने और अपने साथ बनाए रखने की उनकी रणनीति है। उन्होंने भारत की बहुराष्ट्रीय कंपनी विप्रो का उदाहरण दिया और उसे एक और बड़ा वैश्विक उद्यम उपभोक्ता बताया। उन्होंने कहा कि विप्रो एम1 के साथ मैकबुक एयर में निवेश कर रही है।

# कड़ी आलोचना के बीच अपने हालिया बदलावों को वापस लेगा इंस्टाग्राम

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी

कड़ी आलोचना का सामना करने के बाद, मेटा के स्वामित्व वाले इंस्टाग्राम ने प्रोडक्ट में कुछ हालिया बदलावों को वापस लेने का फैसला किया है, जिसमें एक फुल-स्क्रीन होम फीड शामिल है और अस्थायी रूप से अनुशंसित पोस्ट को कम करना है।

टेकक्रंच के अनुसार, फोटो-शेयरिंग प्लेटफॉर्म के प्रमुख एडम मोसेरी ने प्लेटफॉर्मर के साथ एक साक्षात्कार में इस खबर का खुलासा किया और कहा कि इंस्टाग्राम एक ऐसे परीक्षण को समाप्त कर देगा, जिसने यूजर्स के होम फीड को टिकटॉक जैसे फुल-स्क्रीन अनुभव में बदल दिया, जो आने वाले हफ्तों में वीडियो को प्राथमिकता देता है।

रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि यह यूजर्स द्वारा देखे जाने वाले अनुशंसित पोस्ट की संख्या को अस्थायी रूप से कम कर देगा क्योंकि यह अपने एल्गोरिदम को सुधारने और



फिर से काम करने की योजना बना रहा है। मोसेरी ने साक्षात्कार में कहा, लेकिन हमें निश्चित रूप से एक बड़ा कदम वापस लेने और फिर से संगठित होने की जरूरत है। जब हमने बहुत कुछ सीखा है, तो हम किसी प्रकार के नए विचार या पुनरावृत्ति के साथ वापस आते हैं। इसलिए हम उस पर काम करने जा रहे हैं।

मोसेरी ने नोट किया कि परिवर्तनों के बारे में यूजर्स की चिंताएं इंस्टाग्राम के अपने आंतरिक डेटा में दिखाई देती हैं, यही वजह है कि कंपनी एक कदम पीछे हटने और आगे बढ़ने का तरीका जानने की योजना बना रही है।

यह बदलाव तब आया है जब यूजर्स ने ऐप के धीरे-धीरे संक्रमण पर निराशा व्यक्त की है, जहां उपयोगकर्ता अपने दोस्तों और परिवार की तस्वीरें पोस्ट कर सकते हैं और देख सकते हैं और टिकटॉक का पीछा करने की दिशा में और भी बहुत कुछ कर सकते हैं। हाल ही में, किम कार्दशियन और काइली जेनर ने टिकटोक की तरह बनने की कोशिश के लिए इंस्टाग्राम की आलोचना की थी। बाद में, मेटा के स्वामित्व वाले प्लेटफॉर्म के प्रमुख ने हाल के परिवर्तनों की व्याख्या करते हुए एक वीडियो साझा किया।

मोसेरी ने कहा था कि ऐप तस्वीरों का समर्थन करना जारी रखेगा, लेकिन विश्वास है कि यह समय के साथ और अधिक वीडियो-केंद्रित हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि उपयोगकर्ता अपने फीड का एक नया, फुल-स्क्रीन वर्जन देखते हैं, तो यह केवल एक परीक्षण है।

# एचडीएफसी लिमिटेड का पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 3,669 करोड़ रुपये




नई दिल्ली, एजेंसी

आवास ऋण देने वाली कंपनी एचडीएफसी लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष (2022-23) की पहली तिमाही अप्रैल-जून में एकल आधार पर शुद्ध लाभ 22.2 प्रतिशत बढ़कर 3,668.92 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एचडीएफसी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी एक सूचना में कहा कि बीते वित्त वर्ष 2021-22 की अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 3,001 करोड़ रुपये था। आलोच्य तिमाही के दौरान कंपनी की कुल आय बढ़कर 13,248.73 करोड़ रुपये हो गई। एक साल पहले इसी अवधि में यह 11,663.14 करोड़ रुपये रही थी। एकीकृत आधार पर एचडीएफसी का पहली तिमाही में शुद्ध लाभ बढ़कर 5,574 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 5,311 करोड़ रुपये था।

# पेट्रोल-डीजल की कीमत में अभी तक कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद देश में शुक्रवार को तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया।

देश में करीब दो माह से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में कोई परिवर्तन नहीं होने से आम आदमी के लिए यह राहत बनी हुयी है।

सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसीएल) के अनुसार, दिल्ली में आज पेट्रोल के दाम 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर बिक रहा है। मुंबई में पेट्रोल और डीजल के दाम क्रमशः 106.31 रुपये प्रति लीटर और 94.27 रुपये प्रति लीटर पर हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड



आज 0.13 प्रतिशत गिरकर 107.00 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 0.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 96.60 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है। देश के चार बड़े महानगरों में आज पेट्रोल और डीजल के दाम इस प्रकार रहेः-

| महानगर | पेट्रोल | डीजल |
| --- | --- | --- |
| | (रुपए प्रति लीटर) | |
| दिल्ली | 96.72 | 89.62 |
| मुंबई | 106.31 | 94.27 |
| कोलकाता | 106.03 | 92.76 |
| चेन्नई | 102.63 | 94.24 |

# ईवी योजनाओं को गति देने के लिए ओला लगभग 1 हजार कर्मचारियों की कर सकती है छंटनी

नई दिल्ली, एजेंसी

भाविश अग्रवाल के स्वामित्व वाली ओला अपने इलेक्ट्रिक वाहन व्यवसाय को बढ़ाने का लक्ष्य बना रही है, राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म अब लगभग 1,000 कर्मचारियों की छंटनी करने की योजना बना रहा है।

मीडिया रिपोर्ट्स का कहना है कि इस प्रक्रिया में मोबिलिटी, हाइपरलोकल, फिनटेक और इसके यूज्ड कार ऑपरेशंस जैसे वर्टिकल को शामिल किया गया है।

हाल ही में, एक रिपोर्ट में कहा गया था कि ओला विभिन्न विभागों में 500 कर्मचारियों की छंटनी कर रही है क्योंकि इसका उद्देश्य चुनौतीपूर्ण वित्त पोषण के माहौल और लिस्टिंग योजनाओं में देरी के बीच लागत में कटौती करना है। सॉफ्टबैंक समर्थित कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों को कथित तौर पर टीम के सदस्यों की



पहचान करने का काम सौंपा गया था, जिन्हें प्रदर्शन के आधार पर छोड़ने के लिए कहा जा सकता है।

कंपनी ने हाल ही में अपने यूज्ड व्हीकल बिजनेस ओला कार्स के साथ-साथ अपने क्विक-कॉमर्स बिजनेस ओला डैश को भी बंद कर दिया था।

इसे लॉन्च के एक साल के भीतर ही बंद कर दिया गया था, क्योंकि कंपनी ने अपने इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर और कार वर्टिकल पर ध्यान केंद्रित किया था।

ओला को अन्य ईवी प्लेयर्स जैसे ओकिनावा ऑटोटेक, प्योर ईवी, सहित अन्य इलेक्ट्रिक वाहनों में दोषपूर्ण बैटरी और आग की घटनाओं पर भी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।

हाल ही में देश भर में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों में आग लगने की कई घटनाएं हुई हैं, जिससे कंपनियों को अपने वाहनों को वापस बुलाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। कंपनी ने पिछले साल ईवी क्षेत्र में धमाकेदार एंट्री की थी। इसके इलेक्ट्रिक स्कूटर्स ने प्री-लॉन्च बुकिंग खुलने के महज 24 घंटों में 1 लाख रिजर्वेशन देखे थे। हालाँकि, डिलीवरी में देरी ने ग्राहकों को थोड़ा निराश कर दिया।

### एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने पाकिस्तान के क्रेडिट आउटलुक को घटाया

**सिंगापुर।** कमोडिटी की ऊंची कीमतें, रुपये में गिरावट और सख्त वैश्विक वित्तीय स्थितियों को देखते हुए एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने पाकिस्तान के क्रेडिट आउटलुक को न्यूट्रल से घटाकर नेगेटिव कर दिया है। द न्यूज ने एक बयान में एसएंडपी का हवाला देते हुए बताया कि अगर द्विपक्षीय और बहुपक्षीय उधारदाताओं के समर्थन या प्रयोग करने योग्य विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट आती है, तो पाकिस्तान को डाउनग्रेड किया जा सकता है। कंपनी ने इक्वाडोर और अंगोला के बराबर देश की रेटिंग बी की पुष्टि की। पाकिस्तानी रुपया इस साल डॉलर की तुलना में 30 प्रतिशत गिरा है और देश पर डॉलर का कर्ज रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। द न्यूज ने बताया कि राष्ट्र इस आशंका को दूर करने का प्रयास कर रहा है कि वह इस साल श्रीलंका को एक डिफॉल्ट में बदल देगा।

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी का रुख, सेंसेक्स 673 अंक तक उछला

नई दिल्ली, एजेंसी

घरेलू शेयर बाजार में आज लगातार तीसरे दिन तेजी का रुख बना हुआ है। बाजार की तेजी का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि 2 मई यानी 88 दिन के बाद आज पहली बार सेंसेक्स ने 57 हजार अंक के दायरे को और निफ्टी ने 17 हजार अंक के दायरे को पार किया है। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही सूचकांक लगातार मजबूती के साथ कारोबार करते नजर आ रहे हैं। हालांकि बाजार में बिकवाली का दबाव भी बनता हुआ नजर आ रहा है। इसके बावजूद बाजार में लगातार तेजी बनी हुई है। आज के शुरूआती कारोबार में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, टाटा स्टील, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, बजाज फिनसर्व और जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयरों में खरीदारी के सपोर्ट से जबरदस्त तेजी बनी हुई है। दूसरी ओर डॉक्टर रेड्डीज लेबोरेटरीज, सन फार्मास्युटिकल्स, सिप्ला, डिवीज

- सेंसेक्स की तरह ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी आज 149.90 अंक की बढ़त के साथ 17,079.50 अंक के स्तर पर खुला।
- कारोबार की शुरूआत होते ही शेयर बाजार में खरीदारों और बिकवालों ने एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू कर दी।

लेबोरेट्रीज और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शेयरों में बिकवाली के दबाव की वजह से गिरावट का रुख बना हुआ है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के सेंसेक्स ने आज 400.34 अंक की मजबूती के साथ 57,258.3 अंक के स्तर पर कारोबार की शुरूआत की। शुरूआती कारोबार से ही शेयर बाजार में खरीदारी का माहौल बनने लगा, जिसके कारण सेंसेक्स में भी तेजी आने लगी। लगातार जारी खरीदारी के सपोर्ट से सुबह 10 बजे तक सेंसेक्स 673.96 अंक की मजबूती के साथ 57,531.75 अंक के स्तर पर पहुंच गया। शेयर बाजार में हालांकि इसके बाद मुनाफावसूली शुरू हो गई, जिसकी वजह से बाजार में बिकवाली का दबाव भी बनता नजर आया। इस बिकवाली के कारण सेंसेक्स की चाल भी कुछ समय के लिए धीमी पड़ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 481.65 अंक की बढ़त के साथ 57,339.44 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी आज 149.90 अंक की बढ़त के साथ 17,079.50 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही शेयर बाजार में खरीदारों और बिकवालों ने एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू कर दी। कभी बाजार पर खरीदार हावी होते, तो कभी बाजार में बिकवाली का दबाव बन जाता। लिवाली और बिकवाली के दबाव की वजह से निफ्टी की गति में भी उतार चढ़ाव दिखता रहा। इस खींचतान में लिवालों ने बाजी मारी, जिसके कारण निफ्टी भी लगातार ऊपर चढ़ता गया। लगातार हो रही लिवाली के सपोर्ट से सुबह 10 बजे तक निफ्टी 212.15 अंक की मजबूती के साथ 17,141.75 अंक के स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि इसके बाद मुनाफावसूली के चक्कर में बिकवाली का दबाव बढ़ गया, जिससे निफ्टी की गति भी प्रभावित हुई और ये सूचकांक नीचे की ओर गिरने लगा। बाजार में लगातार हो रही लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 154.20 अंक की तेजी के साथ 17,083.80 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच प्री ओपनिंग सेशन में भी घरेलू शेयर बाजार आज मजबूती के साथ कारोबार करता नजर आया।

### क्रिएटर्स को लंबे वीडियो को शॉर्ट्स में एडिट करने की अनुमति देगा यूट्यूब

**सैन फ्रांसिस्को।** यूजर एक्सपीरियंस को बढ़ाने के उद्देश्य से, गूगल के स्वामित्व वाले स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म यूट्यूब ने घोषणा की है कि यूजर्स अब अपने आईओएस और एंड्रॉइड ऐप में एक नया एडिट इन ए शॉर्ट टूल जोड़कर अपने लंबे वीडियो को शॉर्ट्स में बदल सकते हैं। इस नए अपडेट के साथ, जो अब आईओएस और एंड्रॉइड डिवाइस पर चल रहा है, उपयोगकर्ता अब अपने मौजूदा लंबे-फॉर्म यूट्यूब वीडियो से 60 सेकंड तक कनवर्ट कर सकते हैं और उन्हें शॉर्ट्स में बदल सकते हैं। यूट्यूब शॉर्ट्स को अब हर महीने 1.5 बिलियन से अधिक साइन-इन यूजर्स द्वारा देखा जा रहा है, जिन्हें प्रतिदिन 30 बिलियन से अधिक बार देखा गया है। कंपनी ने कहा कि यह अपडेट यूजर्स को उनके क्लासिक कंटेंट में नई जान डालने और अपने दर्शकों को जोड़ने का एक नया तरीका देगा। यदि उपयोगकर्ता अपने वीडियो का एक हिस्सा चुनते हैं जो 60 सेकंड से कम है, तो वे शॉर्ट्स कैमरे के साथ अतिरिक्त वीडियो शूट कर सकते हैं और साथ ही जरूरत पड़ने पर 60 सेकंड के शॉर्ट्स बनाने के लिए अपनी गैलरी से अधिक वीडियो अपलोड कर सकते हैं।

# मेटा अब यूएस में अपने न्यूज पब्लिशर्स को फंड नहीं देगी : रिपोर्ट

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी

टेक दिग्गज मेटा ने अपने समाचार भागीदारों को सूचित करना शुरू कर दिया है कि कंपनी प्रकाशकों को उनके कंटेंट के लिए अमेरिका में फेसबुक के न्यूज टैब पर चलने के लिए भुगतान करना बंद कर देगी।

एक्सियोस के अनुसार, जैसे-जैसे कंपनी फेसबुक के अनुभव में व्यापक बदलाव के साथ आगे बढ़ रही है, समाचार प्राथमिकता से कम हो गए हैं।

मीडिया पार्टनरशिप के मेटा के वीपी, कैंपबेल ब्राउन ने कर्मचारियों को बताया कि कंपनी स्रोतों का हवाला देते हुए अधिक रचनात्मक पहल का समर्थन करने के लिए अपने न्यूज प्रोडक्ट्स से संसाधनों को स्थानांतरित कर रही है।

फेसबुक ने 2019 में प्रकाशकों के साथ तीन साल के सौदों की दलाली की। उस समय, कंपनी समाचार में अपने निवेश को बढ़ा रही थी और पत्रकारों को सीधे समाचार के लिए अपने नए टैब पर सीधे प्रकाशक यातायात में मदद करने के लिए काम पर रखा था। सौदे अमेरिका में लगभग 105 मिलियन डॉलर के थे। सूत्रों का




हवाला देते हुए, रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके अलावा, कंपनी ने कंपनी के वीडियो टैब वॉच के लिए समाचार वीडियो पर लगभग 90 मिलियन डॉलर खर्च किए।

एक फेसबुक प्रवक्ता के हवाले से कहा गया, अमेरिका में फेसबुक न्यूज के लिए अतिरिक्त समाचार लिंक लाने के परीक्षण के लिए तीन साल पहले सौदों पर हस्ताक्षर करने के बाद से बहुत कुछ बदल गया है। ज्यादातर लोग समाचार के लिए फेसबुक पर नहीं आते हैं और एक व्यवसाय के रूप में इसमें अधिक निवेश करने का कोई मतलब नहीं है ऐसे क्षेत्र जो उपयोगकर्ता की प्राथमिकताओं के साथ संरेखित नहीं होते हैं।

समाचार टैब के लिए अतिरिक्त न्यूज कंटेंट पर खर्च किए गए 105 मिलियन डॉलर वृद्धिशील लिंक के लिए थे।

समाचार कंपनियां अब भी अपनी इच्छानुसार फेसबुक प्लेटफॉर्म पर कंटेंट प्रकाशित कर सकती हैं। हालांकि सैकड़ों समाचार प्रकाशक अभी भी अपने कंटेंट को समाचार टैब में शामिल करने के योग्य हैं, लेकिन लगभग 50 प्रकाशकों को उनके कंटेंट के लिए धन का नवीनीकरण नहीं किया जाएगा।

# संक्षिप्त खबरें

## अल्काराज की क्रोएशिया ओपन में शानदार शुरूआत



उमाग (क्रोएशिया), 29 जुलाई (वेब वार्ता)। शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज ने क्रोएशिया ओपन टेनिस टूनार्मेंट के पहले दौर में नोरबर्ट गोम्बोस को 6-2, 6-3 से हराकर शानदार शुरूआत की। स्पेन का यह 19 वर्षीय खिलाड़ी सोमवार को रैंकिंग में शीर्ष पांच में जगह बनाने वाला सदी का दूसरा सबसे युवा खिलाड़ी बना था। वर्ष 2000 के बाद केवल राफेल नडाल ही इससे कम उम्र में शीर्ष पांच में शामिल हुए थे। क्वार्टर फाइनल में अल्काराज का सामना फैसुंडो बैगनिस से होगा। अर्जेंटीना के इस खिलाड़ी ने फ्रांस के क्वालीफायर कोरेंटिन मौटेट को 6-3, 6-1 से हराया। इस बीच फ्रेंको अगामेनोन ने चौथी वरीयता प्राप्त सेबस्टियन बेज को 3-6, 6-1, 7-5 से हराकर उलटफेर किया जबकि इटली के उनके साथी और क्वालीफायर मार्को सेचिनाटो ने आठवीं वरीयता प्राप्त मुसेट्टी को 6-4, 6-3 से पराजित किया।

## दक्षिण अफ्रीका ने दूसरा मैच 58 रन से जीतकर श्रृंखला बराबर की



कार्डिफ, 29 जुलाई (वेब वार्ता)। दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 58 रन की आसान जीत के साथ इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर की। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद रिली रोसो की 55 गेंदों पर नाबाद 96 रन की शानदार पारी से तीन विकेट पर 207 रन बनाए। रोसो ने अपनी पारी में 10 चौके और पांच छक्के लगाए। इंग्लैंड के सामने टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने की चुनौती थी लेकिन उसकी टीम 16.4 ओवर में 149 रन बनाकर आउट हो गई। उसकी तरफ से जॉनी बेयरस्टो ने सर्वाधिक 30 रन बनाए जबकि तबरेज शम्सी दक्षिण अफ्रीका के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने अपने चार ओवर में 27 रन देकर तीन विकेट लिए। इंग्लैंड ने बुधवार को खेला गया पहला मैच 41 रन से जीता था। तीसरा और निर्णायक मैच रविवार को साउथम्पटन में खेला जाएगा। इंग्लैंड को जोस बटलर ने 14 गेंदों पर 29 रन बनाकर तेजतर्रार शुरूआत दिलाई लेकिन इसके बाद उनकी टीम ने नियमित अंतराल में विकेट गंवाए। जेसन रॉय (20), मोईन अली (28) और लियाम लिविंगस्टोन (18) भी अपनी अच्छी शुरूआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए।

## आतिशबाज़ियों के बीच शुरू हुए बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल

बर्मिंघम, एजेंसी राष्ट्रमंडल खेल 2022 की गुरुवार को यहां अलेक्जेंडर स्टेडियम में एक शानदार उद्घाटन समारोह में शुरुआत हुई। डुरान डुरान और ब्लैक सब्बाथ बैंड के गिटारवादक टोनी इओमी जैसे स्थानीय संगीतकारों ने इस आयोजन में चार चांद लगाये। राष्ट्रमंडल के 72 देशों एवं क्षेत्रों के प्रतियोगियों और 30,000 दर्शकों के बीच बर्मिंघम की औद्योगिक विरासत और इसकी बहुसांस्कृतिक परंपरा का जश्न मनाया गया। बर्मिंघम के मोटर उद्योग के वृहद इतिहास के सम्मान में पांच दशकों की 72 कारों को कार्यक्रम में इकट्ठा किया गया। जगुआर और लैंड रोवर से लेकर मिनी कूपर तक वेस्ट मिडलैंड्स में लाखों कारें बनाई गई हैं। इसके बाद प्रिंस चार्ल्स और डचेस ऑफ कॉर्नवॉल एक एस्टन मार्टिन में बैठकर 72 कारों के काफिले के साथ कार्यक्रम में आये, जो ऊपर से देखने पर यूनाइटेड किंगडम के ध्वज जैसा दिख रहा था। समारोह में महिला उत्थान कार्यकर्ता मलाला यूसुफजई भी उपस्थित दिखाई दीं। बर्मिंघम में रहने वाली 25 वर्षीय मलाला अपने मूल पाकिस्तान में लड़कियों की शिक्षा कार्यक्रमों के लिए अभियान चलाती हैं। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण एथलीट परेड में सभी 72 देशों और क्षेत्रों के 6500 से अधिक एथलीट पहली बार इस आयोजन में भीड़ के सामने आए। एथलीट परेड का नेतृत्व ऑस्ट्रेलिया द्वारा किया गया, जो 2018 में खेलों के पिछले मेजबान थे। ऑस्ट्रेलिया इस बार आयोजन में अपनी अब तक की सबसे बड़ी टीम को लाया है। जब 2010 राष्ट्रमंडल खेलों के मेजबान भारतीय दल की बारी आयी, तो उसका नेतृत्व दो बार की ओलंपिक पदक विजेता शटलर पीवी सिंधु और पुरुष हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह ने किया। मेजबान इंग्लैंड ने 400 से अधिक एथलीटों की एक विशाल टीम के साथ ह्वी विल वी विल रॉक यू !ह्व के शोर में अंततः प्रवेश किया। प्रिंस चार्ल्स ने तब महारानी के संदेश को पढ़ा जो सात अक्टूबर को कॉमनवेल्थ बैटन के साथ बकिंघम पैलेस से रवाना हुआ था। बाद में उन्होंने आधिकारिक तौर पर खेलों के 22वें संस्करण की घोषणा की, और शानदार आतिशबाजी के प्रदर्शन के साथ समारोह का अंत हुआ।

## चेस ओलिंपियाड से हटा पाकिस्तान

पाकिस्तान ने चेन्नई में गुरुवार से शुरू हो रहे 44वें चेस ओलिंपियाड से हटने का फैसला किया है। उसने जम्मू-कश्मीर से आयोजन की मशाल रिले गुजराने के विरोध में ऐसा किया है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस टूनार्मेंट का उद्घाटन करने जा रहे हैं। ऐसे में उद्घाटन समारोह से ठीक पहले पाकिस्तान के हटने के कई मायने निकाले जा रहे हैं। चेस का सबसे बड़ा टूनार्मेंट पहली बार भारत में हो रहा है। हर चार साल में होने वाले इस टूनार्मेंट में दुनिया के 190 देशों से आए करीब 2500 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इसमें हिस्सा लेने के लिए इस बार ओपन वर्ग में रिकॉर्ड 188 टीमें और महिला वर्ग में 162 टीमें भाग लेंगी। 13 दिनी इस प्रतियोगिता का चैंपियन 10 अगस्त को मिलेगा। 98 साल पहले शुरू हुए इस टूनार्मेंट में पाक के अलावा चेस के दिग्गज रूस और चीन भी हिस्सा नहीं ले रहे हैं। भारत के दिग्गज शतरंज खिलाड़ी और 5 बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद इस विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेंगे। वे टीम इंडिया के मेंटर बनाए गए हैं। भारत ए टीम को दूसरी वरीयता दी गई है, जबकि अमेरिका बतौर टॉप सीड खेल रहा है। भारतीय टीम नॉर्वे, अमेरिका, 0अजरबैजान के साथ खिताब के दावेदारों में शामिल है।

# हम कभी रूढ़िवादी नहीं रहे, टी20 में नए रवैये से कभी कभार असफलताएं भी मिलती हैं : रोहित

» टरूबा (त्रिनिदाद और टोबैगो), एजेंसी



भारतीय कप्तान रोहित शमार्९ का मानना है कि क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में अपनाए गए निर्भीक रवैए से टीम को कभी कभार असफलताएं मिलेंगी लेकिन उन्होंने इससे इनकार किया कि पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात में खेले गए टी20 विश्व कप के दौरान टीम ने रूढ़िवादी रवैया अपनाया था। रोहित ने कहा कि नए रवैये से खिलाड़ियों को अधिक स्वतंत्रता मिली है जिससे कि विश्वकप के निराशाजनक अभियान के बाद टीम को सफलताएं मिली। भारत विश्वकप में दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाया था। रोहित ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच टी20 मैचों की श्रृंखला से पूर्व कहा, ह्यह्यहम पिछले विश्वकप में अनुकूल परिणाम हासिल नहीं कर पाए थे लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हमने इतने वर्षों में खराब क्रिकेट खेली और मैं इस बात से सहमत नहीं हूं कि हम रूढ़िवादी क्रिकेट खेल रहे थे। यदि हम विश्व कप में एक या दो मैच हारते हैं इसका मतलब यह नहीं कि हमने मौकों का फायदा नहीं उठाया।ह्वह्व उन्होंने कहा, ह्यह्यअगर आप विश्वकप से पहले हमारे प्रदर्शन को देखें तो हमने लगभग 80 प्रतिशत मैच जीते। अगर हमने रूढ़िवादी तरीका अपनाया तो फिर हम इतने मैच कैसे जीत सकते थे। यह सही है कि हम विश्वकप में हार गए थे, लेकिन ऐसा होता है। इसका मतलब यह नहीं है कि हम खुलकर नहीं खेल रहे थे। रोहित ने कहा, ह्यह्यबाद में हमने कोई बदलाव नहीं किया। हम पहले की तरह ही खेल रहे थे लेकिन खिलाड़ियों को अपना नैसर्गिक खेल खेलने के लिए अधिक छूट दी गई थी। खुलकर खेलो और किसी तरह का बेवजह दबाव मत लो। यदि आप खुलकर खेलते हैं तो प्रदर्शन में वह दिखेगा।ह्वह्व रोहित ने कहा कि भारतीय टीम और उसके प्रशंसकों को इस तरह के बदलावों के साथ आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा, ह्यह्यहम अभी जिस तरह की क्रिकेट खेल रहे हैं उसमें कभी कभार असफलताएं मिलना लाजमी है लेकिन इसमें कोई परेशानी नहीं क्योंकि हम कुछ सीख रहे हैं और कुछ अलग करने की कोशिश कर रहे हैं।ह्वह्व भारतीय कप्तान ने कहा, ह्यह्यइसलिए इसमें गलतियों की थोड़ी गुंजाइश है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हमारे खिलाड़ी खराब खेल रहे हैं। इसका मतलब है कि हम कुछ नया करने की कोशिश कर रहे हैं। समय के साथ हर किसी को बदलना पड़ता है और हम बदलाव कर रहे हैं और मुझे लगता है कि बाहर बैठे लोगों को भी अपनी सोच में बदलाव लाने की जरूरत है।ह्वह्व रोहित ने कहा है कि इस साल के आखिर में आस्ट्रेलिया में होने वाले आगामी टी-20 विश्व कप के लिए टीम लगभग तय है और अब केवल कुछ स्थानों पर ही फैसला लिया जाना बाकी है। उन्होंने कहा, ह्यह्यटीम में कुछ स्थान है जिनको अभी भरना है और हम जानते हैं कि इन स्थानों को भरने के लिए हमें क्या करना होगा। अभी हम जो मैच खेल रहे हैं उनमें इन चीजों पर ध्यान दे रहे हैं।ह्वह्व रोहित ने कहा, ह्यह्यहम जो भी श्रृंखला खेल रहे हैं वह महत्वपूर्ण है। निश्चित तौर पर विश्व कप पास में है लेकिन भारत के लिए आप जो भी श्रृंखला खेलते हो वह अहम होती है। हमने इंग्लैंड में जो हासिल किया, वह अहम था और हम उसे ही आगे बढ़ाना चाहते हैं।

# भारत दौरे से पहले स्मिथ की फॉर्म को लेकर चिंतित हैं पोंटिंग

दुबई, एजेंसी अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज रिकी पोंटिंग अगले साल की शुरूआत में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया के बहुप्रतीक्षित भारत दौरे से पहले स्टीव स्मिथ की लचर फॉर्म को लेकर चिंतित हैं लेकिन उन्होंने उम्मीद जताई कि यह स्टार बल्लेबाज जल्द ही बड़े स्कोर बनाने लग जाएगा। पोंटिंग का मानना है कि स्मिथ की तकनीक में कुछ भी गड़बड़ नहीं है, लेकिन विपक्षी टीमों ने उनकी प्रवाहमय बल्लेबाजी पर अंकुश लगाने के तरीके खोज लिए हैं। पोंटिंग ने ह्यआईसीसी रिव्यूह्व में कहा, ह्यह्यइसे वर्णन करने का सबसे अच्छा तरीका यही है कि स्मिथ की फॉर्म अभी लचर है। उन्होंने निरंतर अच्छा प्रदर्शन किया है और बड़े स्कोर बनाए हैं। उन्होंने एक कैलेंडर वर्ष में चार, पांच या छह शतक लगाए हैं लेकिन पिछले दो वर्षों से वह ऐसा नहीं कर पा रहे हैं।ह्वह्व उन्होंने कहा, ह्यह्यमैंने उनके खेल को बेहद करीब से देखा है और मुझे नहीं लगता कि तकनीक के तौर पर उनमें कोई खामी है। मुझे नहीं लगता कि उनकी तकनीक में बहुत बदलाव करने की जरूरत है।ह्वह्व पोंटिंग ने कहा, ह्यह्यहो सकता है कि विरोधी टीमों ने उन पर अंकुश लगाने का तरीका ढूंढ लिया हो या फिर उन्होंने उनके खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाकर उन्हें आउट करने का तरीका ढूंढ लिया है।ह्वह्व ऑस्ट्रेलिया को अगले साल फरवरी-मार्च में चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए भारत दौरे पर आना है। यह श्रृंखला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के 202- 23 के चक्र का हिस्सा होगी। टेस्ट श्रृंखला से पहले ऑस्ट्रेलिया की सीमित ओवरों की टीम तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला खेलने के लिए भारत का दौरा करेगी। इन महत्वपूर्ण श्रृंखलाओं के लिए स्मिथ की फॉर्म ऑस्ट्रेलिया के लिए काफी अहम होगी जो कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की कवायद में लगा है। स्मिथ इंग्लैंड में 2019 में खेली गई एशेज श्रृंखला के बाद टेस्ट मैचों में केवल दो शतक ही लगा पाए हैं। उन्होंने इस महीने के शुरू में श्रीलंका के खिलाफ नाबाद 145 रन की पारी खेली थी जो पिछले साल के शुरू में भारत के खिलाफ लगाए गए शतक के बाद उनका पहला सैकड़ा था। पोंटिंग ने कहा, ह्यह्यलेकिन जितना मैं स्टीव को जानता हूं और जिस तरह से वह तैयारी करता है मुझे नहीं लगता कि उसको फॉर्म में लौटने और बड़े स्कोर बनाने में ज्यादा समय लगेगा।

# आरसीबी की भूमिका पर ध्यान देने के लिए एस श्रीराम ने आस्ट्रेलियाई कोचिंग पद छोड़ा

» सिडनी, एजेंसी



भारत के पूर्व ऑलराउंडर श्रीधरन श्रीराम ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) में अपनी भूमिका पर ध्यान केंद्रित करने के लिए ऑस्ट्रेलिया का स्पिन गेंदबाजी कोच पद छोड़ने का फैसला किया है। आस्ट्रेलिया की अगले साल के भारत दौरे पहले श्रीराम ने यह फैसला किया है। भारत की तरफ 2000 से लेकर 2004 तक आठ वनडे खेलने वाले श्रीराम 2015 से आस्ट्रेलिया के कोचिंग ढांचे का हिस्सा थे। वह भारतीय दौरे के दौरान ऑस्ट्रेलिया ए टीम का हिस्सा थे लेकिन 2016 में उन्हें तत्कालीन मुख्य कोच डेरेन लीमन की अगुवाई में स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया। श्रीराम ने बयान में कहा, ह्यह्यऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में छह साल बिताने के बाद मैं भारी मन से ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीम के सहायक कोच की अपनी वर्तमान भूमिका छोड़ रहा हूं।ह्वह्व उन्होंने कहा, ह्यह्यमुझे लगता है कि टीम को ध्यान में रखते हुए यह पद छोड़ने का उपयुक्त समय है। इससे उन्हें दो विश्व कप और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तैयारी के लिए पर्याप्त समय मिल जाएगा। यह मेरे लिए सभी प्रारूपों, विश्व कप और एशेज में काम करने का अच्छा अनुभव रहा है।ह्वह्व लेकिन क्रिकेट.कॉम.एयू ने बताया कि श्रीराम ने आईपीएल की अपनी भूमिका पर ध्यान केंद्रित करने के लिए यह पद छोड़ा। वेबसाइट के अनुसार, ह्यह्यश्रीराम ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के साथ कोचिंग पर ध्यान केंद्रित करने और चेन्नई में परिवार के साथ अधिक समय बिताने के लिए यह फैसला किया।ह्वह्व ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ श्रीराम ने नाथन लियोन, एडम जम्पा, मिशेल स्वेपसन, ग्लेन मैक्सवेल और मार्नस लाबुशेन जैसे क्रिकेटरों के साथ काम किया।

# एआईएफएफ ने फीफा के पूर्व रेफरी गुलाब चौहान के निधन पर किया शोक व्यक्त



» नई दिल्ली, एजेंसी

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने फीफा के पूर्व रेफरी और पूर्व एआईएफएफ कार्यकारी समिति के सदस्य गुलाब चौहान के निधन पर शोक व्यक्त किया है, जिनका गुरुवार को उनके अहमदाबाद आवास पर निधन हो गया। चौहान ने 1990 से 1999 के बीच फीफा रेफरी के रूप में कार्य किया, और बाद में 2016 से 2022 तक एआईएफएफ की पूर्व कार्यकारी समिति के सदस्य के रूप में भी कार्य किया। इसके अलावा, वह गुजरात राज्य फुटबॉल संघ के सचिव भी थे। एआईएफएफ के कार्यवाहक महासचिव सुनंदो धर ने अपने शोक संदेश में कहा, यह सुनकर वाकई दुख हुआ कि श्री चौहान नहीं रहे। भारतीय फुटबॉल में उनका अमूल्य योगदान हमेशा हमारे साथ रहेगा।वह फुटबॉल के एक महान प्रेमी थे और फुटबॉल के लिए उनका समर्पण अद्वितीय था। वह एक बहुत ही सक्षम रेफरी और सुंदर खेल के एक भावुक प्रशासक थे। उनके परिवार के प्रति मेरी संवेदना। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे।

# जूनियर महिला स्विमिंग सीरीज 20 अगस्त से अहमदाबाद में

» नई दिल्ली,एजेंसी



खेलो इण्डिया के तहत जूनियर स्विमिंग सीरीज का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए देश भर के महिला तैराकों को पांच जोन में बांटा गया है। जोन नम्बर 2 में राजस्थान गुजरात, महाराष्ट्र गोवा, दमन और दीव को शामिल किया गया है। जोन 2 की जूनियर महिला स्विमिंग सीरीज 20 और 21 अगस्त को अहमदाबाद में आयोजित की जायेगी। राजस्थान तैराकी संघ के अध्यक्ष अनिल व्यास ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए दो समूह बनाये गये है। समूह वन में साल 2004, 2005 और 2006 में जन्म लेने वाली एवं समूह-2 में साल 2007 2008 2009 2 जूनियर महिला स्विमिंग सीरीज 20 अगस्त से अहमदाबाद में 2010 एवं 2011 में जन्म लेने वाली महिला तैराकों को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि स्विमिंग फेडरेशन आफ इण्डिया के तहत रजिस्टर्ड तैराक ही इस प्रतियोगिता में भाग ले सकती हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले तैराक अपनी एसएफआई आईडी के साथ ऑन लाईन भारतीय तैराकी संघ के पोर्टल एसएफआई जीएमएस (यूआईडी) पर सीधी प्रविष्टी 01 अगस्त से 15 अगस्त तक भेज सकेंगे। इसके बाद रजिस्ट्रेशन बन्द कर दिये जायेगे। केवल रजिस्ट्रेशन करवाने वाली महिलाएं ही प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगी। व्यास ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम पांच स्थान पर आने वाले तैराक को 2 हजार से 6 हजार तक की इनामी राशि दी जायेगी। एक तैराक तीन इवेन्ट में भाग ले सकती हैं। हालांकि व्यक्तिगत मेडल इवेन्ट के तौर पर ही तैराक भाग ले सकेंगी। फ्री स्टाईल में 100, 200 और 400 मीटर, ब्रेस्टस्ट्रोक में 100 और 200 मीटर, बैंक में 100 और 200 मीटर, बटरफ्लाई में और 200 मीटर व्यक्तिगत मिडले में इवेंट प्रतियोगिता में कराये जायेगें। कमलेश नानावटी को इस प्रतियोगिता का कन्वीनर बनाया गया है।

# कॉमनवेल्थ गेम्स की ओपनिंग सेरेमनी

इंग्लैंड के बर्मिंघम शहर में शुक्रवार को 22वें कॉमनवेल्थ गेम्स की ओपनिंग सेरेमनी आयोजित हुई। प्रिंस चार्ल्स ने महारानी एलिजाबेथ का संदेश पढ़ा और खेलों के शुरूआत की घोषणा की। इस रंगारंग कार्यक्रम में करीब 30 हजार दर्शकों की मौजूदगी रही। अब 11 दिनों तक दुनिया के 72 देशों के 5 हजार से ज्यादा एथलीट जलवा दिखाते नजर आएंगे। खेलों के इस महाकुंभ में भारत के 213 खिलाड़ी 16 खेलों में शिरकत करेंगे। भारत 18वीं बार इस खेल में भाग ले रहा है। देश के खिलाड़ियों ने 1930, 1950, 1962 और 1986 में कॉमनवेल्थ गेम्स में हिस्सा नहीं लिया थापरेड में जैसे ही भारतीय दल को आवाज दी गई पूरा स्टेडियम शोर से गूंज उठा। दर्शकों ने भारतीय खिलाड़ियों को जोरदार तरीके से स्वागत किया। ओपनिंग सेरेमनी में बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु और हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह भारत के ध्वजवाहक रहे। नीरज चोपड़ा के चोटिल होने के कारण पीवी सिंधु ध्वजवाहक बनीं। सिंधु दो बार की ओलिंपिक मेडलिस्ट हैं। उन्होंने 2016 रियो ओलिंपिक में बैडमिंटन में सिल्वर और टोक्यो ओलिंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने परेड की शुरूआत की। वहीं, मेजबान इंग्लैंड की एंट्री के साथ सभी देशों की परेड खत्म हुई। इंग्लैंड की टीम लाल और सफेद रंग के कपड़ों में नजर आई।देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए भारतीय टीम को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने ट्वीट कर लिखा, ह्यसभी देशवासियों की ओर से राष्ट्रमंडल खेल 2022 के लिए मैं भारतीय दल को शुभकामनाएं देती हूं। मुझे पूरा भरोसा है कि हमारे खिलाड़ी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से देश को गौरवान्वित करेंगे।

# भारत Vs ऑस्ट्रेलिया कॉमनवेल्थ गेम्स



भारतीय विमेंस क्रिकेट टीम ने कॉमनवेल्थ गेम्स के अपने पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के सामने 155 रन का टारगेट रखा है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 154 रन बनाए। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने सबसे ज्यादा 52 रन बनाए। शेफाली वर्मा ने 48 रन की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया की ओर से जेस जोनासेन ने चार विकेट लिए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 2.5 ओवर में 3 विकेट खोकर 21 रन बनाए हैं। तीनों विकेट तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर ने लिए। उन्होंने पहले ही ओवर में एलिसा हीली को आउट कर दिया। रेणुका ने अपने दूसरे ओवर में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मेग लेनिंग (8) और बेथ मूनी (10) को भी पवेलियन की राह दिखा दी।नंबर-4 पर बल्लेबाजी करने उतरीं हरमनप्रीत ने अपनी पारी में 34 गेंदों का सामना किया और 8 चौके और 1 छक्का जमाया। वे 20वें ओवर की पांचवीं गेंद पर आउट हुईं। वहीं, शेफाली वर्मा ने 33 गेंदों पर 9 चौके की मदद से 48 रन बनाए। उन्होंने 9 चौके जमाए। महिला टी-20 इंटरनेशनल में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अब तक 23 मैच हो चुके हैं। भारत को सिर्फ 6 मुकाबलों में जीत मिली है। ऑस्ट्रेलिया ने 16 मैचों में जीत हासिल की है। 1 मैच बेनतीजा रहा है। पिछले टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में भी भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमें आमने-सामने हुई थीं। उस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने 85 रन से जीत हासिल की थी। ऑस्ट्रेलिया: एलिसा हीली, बेथ मूनी, मेग लेनिंग (कप्तान), ताहिला मैक्ग्रा, राचेल हेंस, एश्ली गार्डनर, ग्रेस हैरिस, जेस जोनासेन, एलाना किंग, मेगन शट, डार्सी ब्राउन। भारतः हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, यास्तिका भाटिया, जेमाइमा रोड्रिगेज, हरलीन दियोल, दीप्ति शर्मा, राधा यादव, राजेश्वरी गायकवाड, मेघना सिंह, रेणुका ठाकुर।

# शी ने ताइवान को लेकर बाइडन को दी चेतावनी, सहयोग का आह्वान किया

**वाशिंगटन, एजेंसी**

चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने फोन पर बातचीत के दौरान अपने अमेरिकी समकक्ष जो बाइडन को ताइवान को लेकर उसके मामले में हस्तक्षेप करने के खिलाफ चेतावनी दी। ताइवान स्वशासित द्वीप है जिसे चीन अपना हिस्सा मानता है। शी और बाइडन के बीच बृहस्पतिवार को फोन पर तीन घंटे हुई बातचीत की जानकारी देते हुए चीन सरकार ने बताया कि शी ने देश की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं को विभाजित किए जाने के खिलाफ भी सचेत किया।

व्यवसायियों एवं अर्थशास्त्रियों का कहना है कि चीनी औद्योगिक नीतियों और प्रौद्योगिकी निर्यात पर अमेरिकी प्रतिबंधों द्वारा लाए एक बदलाव नवाचार को धीमा करके और लागत में वृद्धि करके वैश्विक अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इस बीच, अमेरिका के एक अधिकारी ने अपनी पहचान गोपनीय रखे जाने की शर्त पर बताया कि शी और बाइडन व्यक्तिगत रूप से मुलाकात करने की संभावना तलाश रहे हैं। शी को जी20 देशों की बैठक के लिए नवंबर में इंडोनेशिया आमंत्रित किया गया है और इसी दौरान दोनों नेताओं के बीच सामने-सामने की मुलाकात होने की संभावना है।

चीन सरकार ने इस बात का कोई संकेत नहीं दिया किया कि क्या शी और बाइडन ने अमेरिकी




प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की ताइवान की संभावित यात्रा पर चर्चा की या नहीं, लेकिन शी ने ऐसी बाहरी ताकतों के हस्तक्षेप को खारिज कर दिया, जो ताइवान को अपनी दशकों पुरानी स्वतंत्रता को स्थायी बनाने की कोशिश करने के लिए प्रोत्साहित कर सकती है। बयान में कहा गया, चीन की राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करना 1.4 अरब से अधिक चीनी लोगों की दृढ़ इच्छा है। आग से खेलने वाले लोग स्वयं जलकर खाक हो जाएंगे।

शी का यह कड़ा बयान संकेत देता है कि चीनी नेताओं का संभवतः यह मानना है कि वाशिंगटन को ताइवान को लेकर पहले दी गई चीन की चेतावनियों की गंभीरता समझ नहीं आई है। इससे पहले, चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने बुधवार को पेलोसी की प्रस्तावित ताइवान यात्रा को लेकर चेतावनी दोहराई। पेलोसी अगर ताइवान की यात्रा करती हैं तो 1997 के बाद किसी शीर्ष अमेरिकी निर्वाचित प्रतिनिधि की इस द्वीपीय देश की पहली यात्रा होगी। चीन के सरकारी बयान के अनुसार, शी ने आर्थिक मंदी के जोखिम को कम करने, समिष्टि अर्थशास्त्र की नीतियों में समन्वय करने एवं कोविड-19 से निपटने जैसे क्षेत्रों में सहयोग किए जाने का आह्वान किया। उन्होंने रणनीतिक कारणों से अमेरिकी और चीनी अर्थव्यवस्थाओं को अलग के खिलाफ भी सचेत किया।

## पेरू में कोविड की चौथी लहर के कारण आपात स्थिति का विस्तार

**लीमा मुंबई, एजेंसी**

पेरू में कोरोना वायरस महामारी की चौथी लहर के कारण आपात स्थिति का विस्तार कर दिया गया है। आधिकारिक समाचार पत्र एल पेरुआनो ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि देश में कोरोना की गंभीर स्थिति को देखते हुए एक अगस्त से 28 दिनों के लिए आपात स्थित का विस्तार करने का फैसला लिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कोविड-19 महामारी से लोगों के जीवन और स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाली गंभीर परिस्थितियों के कारण राष्ट्रीय आपातकाल की स्थिति का एक अगस्त से बढ़ाया जायेगा। पेरू के आधिकारिक आंकड़ों से पता चला है कि देश में औसतन प्रति दिन 11 हजार नये मामले आ रहे है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने 80,336,753 वैक्सीन दी जा चुकी है जिसमें से 68.6 प्रतिशत को तीसरी डोज और 17.4 को चौथी डोज दी गई हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार पेरू में गुरूवार को कोरोना के 14,186 नये मामले और 41 लोगों की मौत हुई है। इसी के साथ ही देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,873,702 और मृतकों की संख्या 214,120 हो गयी है।

## पर्यावरण प्रस्ताव : भारत ने पक्ष में किया वोट, व्यक्त की कुछ चिंताएं

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के उस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया है, जो स्वच्छ, स्वस्थ और चिरस्थायी पर्यावरण को मानवाधिकार के रूप में मान्यता देता है। हलांकि, भारत ने इसके एक पैराग्राफ से खुद को अलग कर लिया और प्रस्ताव की प्रक्रिया तथा सार पर चिंताएं व्यक्त कीं। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 193 सदस्यों देशों में से 161 के मतों के साथ बृहस्पतिवार को प्रस्ताव को पारित किया। वहीं, बेलारूस, कंबोडिया, चीन, इथियोपिया, ईरान, किर्गिस्तान, रूस और सीरिया मतदान के समय मौजूद नहीं थे। भारत ने प्रस्ताव के पक्ष में मत दिया, लेकिन साथ ही इसकी प्रक्रिया और इसके सार पर चिंताएं व्यक्त कीं।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में काउंसलर आशीष शर्मा ने मत पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि प्रस्ताव स्वच्छ, स्वस्थ और चिरस्थायी पर्यावरण के अधिकार को एक मानवाधिकार के रूप में मान्यता देता है और पुष्टि करता है कि स्वच्छ, स्वस्थ और चिरस्थायी पर्यावरण को मानवाधिकार के रूप में मान्यता देने के लिए अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण कानून के सिद्धांतों के तहत बहुपक्षीय पर्यावरण समझौतों के पूर्ण क्रियान्वयन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, भारत बेहतर पर्यावरण के लिए किसी भी प्रयास का समर्थन करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। इसी संदर्भ में भारत ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया है।

शर्मा ने कहा, हालांकि, हमारी चिंताएं अब भी कायम हैं इसलिए, हम प्रस्ताव के परिचालन संबंधी पैराग्राफ-1 से खुद को अलग करने को बाध्य हैं। प्रस्ताव के परिचालन संबंधी पैराग्राफ-1 के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) एक मानवाधिकार के रूप में स्वच्छ, स्वस्थ और चिरस्थायी पर्यावरण के अधिकार को मान्यता देती है। उन्होंने अनुरोध किया कि इस बयान को बैठक में आधिकारिक रिकॉर्ड में शामिल किया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि यूएनजीए का प्रस्ताव कोई बाध्यकारी दायित्व निर्धारित नहीं करता और सदस्य देशों को केवल सम्मेलनों तथा संधियों के माध्यम से इसे पूरा करने के लिए बाध्य बनाता है। शर्मा ने कहा, स्वच्छ, स्वस्थ और चिरस्थायी शब्दों की कोई स्पष्ट समझ एवं ऐसी परिभाषा नहीं है, जिस पर सभी सहमत हों। वर्तमान में, सभी ने अपनी समझ से इनकी परिभाषाएं गढ़ रखी हैं। और इस प्रकार वर्तमान प्रस्ताव में घोषित मान्यता का उद्देश्य इससे कमजोर पड़ता है।

## संक्षिप्त खबरें

### फिलीपींस में मंकीपॉक्स का पहला मामला

मनीला। फिलीपींस में मंकीपॉक्स को पहला मामला सामने आया है। स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग प्रभारी अपर सचिव बेवेर्ली लोरेन हो ने कहा कि 31 वर्षीय व्यक्ति में मंकीपॉक्स वायरस के लक्षण पाए गए है। जो 19 जुलाई को विदेश से स्वदेश लौटा है। अधिकारियों ने मरीज की पहचान नहीं बतायी है। रोगी के संपर्क में आये 10 करीबियों को पता लगाया गया है और उनमें अभी मंकीपॉक्स के लक्षण नहीं दिखाई दिए हैं। मरीज के संपर्क में आये सभी लागों को क्वारंटीन किया गया और उनकी निगरानी की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को मंकीपॉक्स के संदिग्ध मामलों के साथ यौन संबंध बनाने से बचने की सलाह दी है, खासकर उन लोगों से जिनके शरीर पर लाल रंग के चकत्ते और घाव दिखाई दे रहे हों। इसके अलावा लोगों से लगातार हाथ धोने, मास्क पहनने तथा छींक आने पर कोहनी से ढककर छींकने की सलाह दी है।

### मॉस्को के हॉस्टल में आग लगने से आठ लोगों की मौत

मॉस्को मुंबई। रूस की राजधानी मॉस्को के एक छात्रावास में शुक्रवार को आग लगने से आठ लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य झुलस गये हैं। रूस के आपात मंत्रालय के शहर विभाग के कार्यवाहक प्रमुख ने बताया कि आग खिड़कियों पर लगी जाली के कारण लगी है। उन्होंने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया हैं। आपातकालीन सेवा के प्रवक्ता ने बताया कि पीड़ितों की मौत आग लगने के कारण बनी जहरीली कार्बन मोनोऑक्साइड के कारण हुई है।

### मलेशिया में कोरोना के 3,926 नये मामले, चार की मौत

कुआलालंपुर मुंबई। मलेशिया में कोरोना वायरस (कोविड-19) के 3,926 नए मामले सामने आने के साथ ही संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,668,139 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय की वेबसाइट पर जारी आंकड़ों के अनुसार नये मामलों में 23 बाहर से आये लोगों के और 3,903 मामले स्थानीय संक्रमण के हैं। इस दौरान चार और लोगों की मौत होने से इस बीमारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 35,946 हो गई है। मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार इस अवधि में 3,542 लोग कोविड मुक्त हुए। इसी के साथ ही देश में अब तक 4,584,907 लोग इस बीमारी से ठीक हो चुके हैं। देश में इस समय 47,286 सक्रिय मामले हैं। जिनमें से 60 को गहन देखभाल में रखा गया है और उनमें से 35 मरीजों को ऑक्सीजन लगी हुई है।

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से की मुलाकात

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। शाह ने ट्वीट किया, आदरणीय राष्ट्रपति दौपदी मुर्मू जी से मुलाकात की। शाह ने ऐसे समय मुर्मू से मुलाकात की है, जब संसद में कांग्रेस के सांसद अधीर रंजन की राष्ट्रपति पर की गयी एक विवादास्पद टिप्पणी को लेकर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस आमने-सामने है। चौधरी ने बुधवार को मीडिया से बातचीत में राष्ट्रपति के लिए राष्ट्रपत्नी शब्द का उपयोग किया था। चौधरी की टिप्पणी को लेकर उठा विवाद थम नहीं रहा है और इस मुद्दे पर सत्ता पक्ष एवं कांग्रेस सदस्यों के परस्पर आरोप-प्रत्यारोप एवं हंगामे के कारण शुक्रवार को लोकसभा की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गयी।

## सुकमा में मुठभेड़ में पांच लाख रुपये का इनामी नक्सली ढेर

**रायपुर, एजेंसी**

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में पांच लाख रुपये के इनामी नक्सली को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुकमा जिले के बिंद्रापानी गांव के करीब जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में कटेकल्याण एरिया कमेटी के सदस्य राकेश मडकम को मार गिराया। मडकम के सर पर पांच लाख रुपये का इनाम था। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) सुंदरराज पी. ने बताया कि दंतेवाड़ा और सुकमा जिले के सीमावर्ती इलाके नहनी गुडरा गांव के जंगल में नक्सली गतिविधि की सूचना पर बृहस्पतिवार को दंतेवाड़ा के जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के दल को गश्त पर भेजा गया था। इस दौरान नक्सलियों ने उन पर गोलीबारी की जिसके बाद जवानों ने जवाबी कार्रवाई की। कुछ देर बाद नक्सली वहां से भाग गए। उन्होंने बताया कि शुक्रवार सुबह जब सुरक्षा बल के जवान सुकमा जिले



के बिंद्रापानी गांव के करीब जंगल में थे तब एक बार फिर नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। आईजी ने बताया कि हमले के बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई जिसके बाद नक्सली वहां से भाग गए। बाद में, जब सुरक्षाबलों ने घटनास्थल पर छानबीन की तब वहां एक नक्सली का शव, हथियार और अन्य सामान बरामद किया गया।

उन्होंने बताया कि नक्सली की पहचान कटेकल्याण एरिया कमेटी के सदस्य राकेश मडकम के रूप में हुई है। मडकम के खिलाफ आठ मामले दर्ज हैं तथा उसके सर पर पांच लाख रुपये का इनाम है। अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है।

## पीटीआई के खिलाफ कार्रवाई करने में देरी को लेकर शहबाज नाराज

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान तहरीक ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान के खिलाफ प्रतिबंधित फंडिंग मामले में फैसले की घोषणा में देरी पर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपनी नाराजगी व्यक्त की। डॉन की शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

श्री शरीफ ने ट्वीट किया, विदेशी फंडिंग मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस मामले में नवाज शरीफ दोषी माना गया था फिर इमरान खान को क्यों अछूते हैं। आठ साल बीत जाने के बाद भी निर्णय नहीं लिया गया है। इमरान नियाजी ने आईएचसी में नौ रिट याचिकाएँ दायर कीं और एफएफ मामले में 50 स्थगन प्राप्त किए।

उन्होंने कहा कि इमरान नियाजी को राज्य के संस्थानों पर बार-बार हमलों के बावजूद लंबे समय से मुफ्त पास दिया गया है। उन्हें दी गई सजा से देश को ठेस पहुंची है।

आंतरिक मंत्री राणा सनाउल्लाह ने भी ईसीपी से निषिद्ध फंडिंग मामले में जल्द निर्णय लेने का आह्वान किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पीटीआई को भारतीय और इजरायली फर्मों सहित लगभग 350 विदेशियों और विदेशी कंपनियों से पीटीआई खातों में 75 करोड़ डॉलर की धनराशि प्राप्त हुई थी, जो इसके सदस्यों अमीर कियानी, डॉ हुमायूँ और अन्य के नाम पर खोले गए थे, जिन्होंने मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया जाना चाहिए। उन्होंने मांग की कि चुनाव आयोग को इस मामले की जल्द घोषणा करें और पार्टी के खिलाफ कार्रवाई भी करें।

### पाकिस्तान में हेपेटाइटिस 'बी' व 'सी' के मामले बढ़े

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में हेपेटाइटिस बी और सी के काफी अधिक संख्या में मामले सामने आये हैं। समाचार पत्र डान ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान में करीब 1.50 करोड लोग हेपेटाइटिस सी और अन्य 50 लाख लोग हेपेटाइटिस बी से संक्रमित हैं। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार दुनिया में हेपेटाइटिस बीमारी के कारण हर 30 सेकंड में एक व्यक्ति की मौत होती है। पूर्वी भूमध्यसागरीय क्षेत्र (ईएमआर) में हेपेटाइटिस सी के 80 प्रतिशत रोगी मिस्त्र और पाकिस्तान में हैं। उन्होंने कहा कि 2021 के अनुमान के अनुसार पाकिसतान में प्रत्येक 13 वयस्क में से एक व्यक्ति हेपेटाइटिस सी पॉजिटिव पाया गया है। लगभग 97 लाख 75 हजार लोग हेपेटाइटिस सी संक्रमित हैं और लगभग 27,000 लोगों की इस बीमारी के कारण मौत हो जाती है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एक बयान में कहा कि सरकार ने वर्ष 2030 तक इस बीमारी को खत्म करने का लक्ष्य रखा है और मरीजों की पहचान की व्यवस्था की जा रही है। गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ वसीम ख्वाजा ने कहा, हेपेटाइटिस के ए से ई तक पांच प्रकार हैं। हेपेटाइटिस सी हालांकि पूरी दुनिया में मौत का प्रमुख कारणों में से एक है।

## खराब मौसम के चलते अमरनाथ गुफा तक यात्रा दूसरे दिन भी स्थगित

**जम्मू, एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर में शुक्रवार को भी खराब मौसम के चलते लगातार दूसरे दिन बालटाल तथा पहलगाम मार्ग से श्री अमरनाथ की पवित्र गुफा तक की यात्रा अस्थाई तौर पर स्थगित कर दी गयी है। वहीं, जम्मू से रवाना हुए जत्थे को रामबन में भूस्खलन के चलते चंद्रकूट में रोक दिया गया है।

मौसम खराब बने रहने के चलते बालटाल तथा नूनवान आधार शिविरों से शुक्रवार सुबह किसी यात्री को पवित्र गुफा के लिए जाने की अनुमति नहीं दी गई। इसी बीच बालटाल तथा नूनवान आधार शिविरों में 4000 के करीब श्रद्धालु रुके हुए हैं। प्रशासन के अनुसार मौसम साफ होने के बाद ही आगे की यात्रा को लेकर निर्णय लिया जाएगा।

इसी बीच जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से श्री अमरनाथ की यात्रा के लिए शुक्रवार सुबह 835 श्रद्धालुओं का एक ओर जत्था बालटाल तथा पहलगाम के लिए रवाना हो गया। 35 छोटे बड़े वाहनों में रवाना हुए जत्थे में 593 पुरूष, 219 महिलाएं, 23 बच्चे शामिल थे आज रवाना हुए जत्थे के साथ ही अभी तक जम्मू के आधार शिविर से 1,53,307 श्रद्धालु अमरनाथ यात्रा के लिए जा चुके हैं।

इसी दौरान जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग आज दूसरे दिन भी बंद है। जिस कारण अमरनाथ यात्रा पर जम्मू से निकले श्रद्धालुओं को राजमार्ग बंद होने के चलते चंद्रकूट आधार शिविर में ही रोक दिया गया है, इसके साथ ही कल से आज तक चंक्रकोट में रोके गए श्रद्धालु की संख्या 2,437 हो गई है।

जानकारी के अनुसार रामबन में मौसम बादलों वाला तो है लेकिन बारिश नहीं हो रही है। इस बीच राजमार्ग साफ करने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। जिला प्रशासन के अनुसार मार्ग साफ होने के बाद ही वाहनों को आगे जाने की अनुमति दी जाएगी। यातायात विभाग ने मौजूदा मौसम को देखते हुए लोगों से अपील की है कि वह एनएच 44 की ताजा जानकारी लिए बिना यात्रा न करें।

## सरकारों से यूजर की जानकारी की बढ़ी मांग, ट्विटर ने किया खुलासा

**वाशिंगटन, एजेंसी**

ट्विटर ने बृहस्पतिवार को खुलासा किया कि दुनियाभर की सरकारें कंपनी से यूजर अकाउंट्स से सामग्री हटाने या उनके निजी विवरणों की जासूसी करने को कह रही हैं। सोशल मीडिया कंपनी ने एक नयी रिपोर्ट में खुलासा किया है कि उसने पिछले साल छह महीने की अवधि के दौरान स्थानीय, राज्य या राष्ट्रीय सरकारों की रिकॉर्ड 60,000 कानूनी मांगों पर कार्रवाई की। रिपोर्ट के अनुसार, ये सरकारें चाहती थीं कि ट्विटर अकाउंट से या तो सामग्री हटाई जाए या कंपनी यूजर की गोपनीय जानकारी यथा- प्रत्यक्ष संदेश या यूजर के स्थान, का खुलासा करे। ट्विटर की सुरक्षा और अखंडता मामलों के प्रमुख योएल रोथ ने बृहस्पतिवार को साइट पर प्रसारित बातचीत में कहा, हम देख रहे हैं कि सरकारें हमारी सेवा का उपयोग करने वाले लोगों को बेनकाब करने के लिए कानूनी रणनीति का उपयोग करने, अकाउंट के मालिकों के बारे में जानकारी एकत्र करने और कानूनी मांगों का उपयोग करने की कोशिश करने और लोगों को चुप कराने के तरीके के रूप में अधिक आक्रामक हो जाती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका से सबसे अधिक 20 प्रतिशत अनुरोध आए, जिसमें अकाउंट की जानकारी, उसकी सूचना मांगी गई थी, जबकि भारत इस मामले में काफी पीछे है। ट्विटर का कहना है कि उसने मांगी गई सूचना के हिसाब से लगभग 40 प्रतिशत यूजर के अकाउंट की जानकारी साझा की। जापान की ओर से अकाउंट की जानकारी पाने का अनुरोध लगातार किया जाता है और वह अकाउंट से सामग्री हटाने के लिए ट्विटर से सबसे अधिक अनुरोध करता है। सामग्री को हटाने के लिए जापान ने सभी अनुरोधों का आधा 23,000 से अधिक अनुरोध किए। रूस भी इसमें पीछे नहीं रहा। फेसबुक और इंस्टाग्राम की मालिक मेटा ने भी इसी समय सीमा के दौरान सरकार द्वारा निजी यूजर डेटा की मांग में वृद्धि की सूचना दी। ट्विटर ने 2021 की अंतिम छमाही के दौरान सत्यापित पत्रकारों और समाचार आउटलेट्स को निशाना बनाकर सरकारों के अनुरोधों में भारी वृद्धि की भी सूचना दी। सरकारों ने पिछले साल जुलाई और दिसंबर के बीच दुनिया भर में सत्यापित पत्रकारों या समाचार आउटलेट्स की जानकारी पाने के लिए 349 अकाउंट के खिलाफ कानून का सहारा लिया, जो 103 प्रतिशत अधिक है। ट्विटर ने इस बात का विवरण नहीं दिया कि किन देशों ने पत्रकारों के अकाउंट के लिए अनुरोध किए या उन्होंने कितने प्रश्नों का अनुपालन किया। कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट के कार्यकारी निदेशक रॉब महोनी ने एसोसिएटेड प्रेस (एपी) को एक ईमेल में दिए गए बयान में कहा कि सरकार आलोचकों और पत्रकारों को चुप कराने के लिए सोशल मीडिया कंपनियों का इस्तेमाल कर रही है।

## इजराइल, अमेरिका ने मानवाधिकार निगरानी संस्था की टिप्पणियों को यहूदी विरोधी बताया

**जिनेवा, एजेंसी**

इजराइल, अमेरिका और ब्रिटेन ने पश्चिम एशिया में हालात की समीक्षा करने वाले संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार निकाय के एक विशेषज्ञ की टिप्पणियों की बृहस्पतिवार को निंदा करते हुए उन पर यहूदी विरोधी बयान देने का आरोप लगाया।

मीडिया ने बताया कि मिलून कोठारी ने यहूदी लॉबी की ओर इशारा करते हुए संयुक्त राष्ट्र का सदस्य राष्ट्र होने के इजराइल के अधिकार पर सवाल उठाया। कोठारी के इस बयान के बाद इजराइल, अमेरिका और कई अन्य देशों ने आरोप लगाया कि मानवाधिकार निकाय इजराइल के प्रति भेदभाव करता है।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा समर्थित मानवाधिकार परिषद ने कब्जे वाले फलस्तीनी क्षेत्र पर नजर रखने के लिए तीन-सदस्यीय जांच आयोग बनाया है। कोठारी इस आयोग के सदस्य हैं। आयोग ने इन आरोपों का तत्काल जवाब देते हुए कहा कि कोठारी के बयान को गलत संदर्भ में पेश किया गया है। इजराइल और गाजा में हमास उग्रवादी समूह के बीच पिछले साल 11 दिन चले युद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार की पूर्व प्रमुख नवी पिल्लई की अगुवाई में इस आयोग का गठन किया गया था। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय के अनुसार, इस युद्ध के दौरान गाजा में कम से कम 261 लोगों और इजराइल में 14 लोगों की मौत हो गई थी।

फलस्तीनी क्षेत्रों में इजराइल की नीतियां लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जांच के दायरे में रहती है। फलस्तीनियों के प्रति इजराइल की नीतियों के आलोचक ऑनलाइन प्रकाशन मोंडोवीस में सोमवार को प्रकाशित एक साक्षात्कार में, कोठारी ने आयोग के काम और जनादेश के बारे में बात की। उन्होंने इजराइल सरकार की ओर से सहयोग न मिलने का भी जिक्र किया। कनाडा समेत कुछ सरकारों के आलोचना करने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, मैं यहूदी लॉबी या उसके गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) द्वारा बड़े पैमाने पर नियंत्रित सोशल मीडिया को देखकर दुःखी हूं। हमें बदनाम करने के लिए काफी धन लगाया जा रहा है।

कोठारी ने कहा कि आयोग का काम मानवतावादी कानूनों, मानवाधिकार कानूनों और आपराधिक कानूनों पर नजर रखना है। उन्होंने कहा, इन तीन मामलों में इजराइल सभी कानूनों का व्यवस्थित तरीके से उल्लंघन कर रहा है। उन्होंने कहा, मैं तो इस बात पर भी सवाल खड़ा करूंगा कि वे संयुक्त राष्ट्र के सदस्य ही क्यों हैं, जबकि वे संयुक्त राष्ट्र का सदस्य देश होने के अपने दायित्वों का सम्मान नहीं करते- इजराइली सरकार सम्मान नहीं करती।

पिल्लई ने मानवाधिकार परिषद के अध्यक्ष को लिखे पत्र में कहा कि ऐसा लगता है कि कोठारी के बयान को गलत संदर्भ में पेश किया गया और आयोग को आरोपों की गंभीरता के मद्देनजर कुछ मामलों पर स्पष्टीकरण देना आवश्यक लगता है। यह पत्र बृहस्पतिवार को सार्वजनिक किया गया। इजराइल के प्रधानमंत्री यायर लापिड की प्रवक्ता केरेन हाजीऑफ ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को कोठारी के बयानों को लेकर नाराज होना चाहिए। मानवाधिकार परिषद में अमेरिकी राजदूत मिशेल टेलर और यहूदी-विरोधी मामलों पर नजर रखने वाले अमेरिकी विदेश मंत्रालय के विशेष दूत डेबोरा लिपस्टैड ने कहा कि कोठारी की टिप्पणियां अपमानजनक, अनुचित और यहूदी-विरोधी हैं।

**आरोप** | पुलिस ने मामले की जांच के लिए विशेष टीम बनाई, शुरूआती जांच में माना जा रहा है कि इसके पीछे तेलंगाना का कोई गिरोह शामिल है।

## मुख्यगमंत्री, अधिकारियों के नाम पर ठगी करने वाला गिरोह सक्रिय : राजस्थान पुलिस

**जयपुर, एजेंसी**

मैसेजिंग ऐप व्हाट्सऐप पर राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की फोटो लगाकर विशेषकर सरकारी कर्मचारियों को ठगने का प्रयास करने वाला एक गिरोह सक्रिय है। पुलिस ने यह जानकारी दी। राज्य पुलिस ने मामले की जांच के लिए एक विशेष टीम बनाई और शुरूआती जांच में माना जा रहा है कि इसके पीछे तेलंगाना का कोई गिरोह शामिल है। पुलिस ने बताया कि यह गिरोह राज्यम में तैनात भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की



फोटो व्हाट्सऐप की डीपी में लगाकर अधीनस्थ कर्मचारियों को ठगने का प्रयास कर चुका है। अधिकारियों ने बताया कि इसका ताजा मामला बाड़मेर का है, जहां एक अज्ञात ठग ने बाड़मेर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ओ. पी. विश्नोई को एक ऐसे मोबाइल नंबर से व्हाट्सऐप कॉल किया जिसकी डीपी में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की तस्वीर थी। अधिकारी ने कॉल का जवाब नहीं दिया। इसके बाद आरोपी ने एक संदेश भेजकर 30 वस्तुओं की ऑनलाइन खरीद के बदले तीन लाख रुपये का ऑनलाइन भुगतान करने के लिए कहा। बिश्नोई ने कहा, यह स्पष्ट रूप से धोखाधड़ी का प्रयास था इसलिए मैंने इसका कोई जवाब नहीं दिया। चूंकि मुख्यमंत्री के नाम और डीपी का दुरुपयोग किया जा रहा था, इसलिए मैंने इसके बारे में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को सूचित किया। हालांकि, उन्होंने प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी राज्यि के मंत्रियों और आईएएस एवं आईपीएस अधिकारियों की फोटो व्हाट्सऐप डीपी में लगातार अधीनस्थ कर्मचारियों को ठगने का प्रयास हो चुका है। अप्रैल माह में एक युवक ने तिजारा के विधायक संदीप यादव से व्हाट्सऐप पर संपर्क किया। प्रोफाइल में गहलोत एक फोटो लगी थी। संक्षिप्त बातचीत के बाद आरोपी ने विधायक से गूगल पे के माध्यम से 30,000 रुपये जमा करने के लिए कहा। पुलिस ने इस मामले में 28 वर्षीय कंप्यूटर इंजीनियर को आंध्र प्रदेश से गिरफ्तार किया।

### दक्षिण कोरिया में कोरोना के 85,320 नए मामले दर्ज

**सोल।** दक्षिण कोरिया में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस (कोविड-19) संक्रमण के 85320 नए मामले सामने आने से संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 19620517 हो गयी है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कोरिया रोग नियंत्रण और रोकथाम एजेंसी के अनुसार, दैनिक मामले पिछले दिन के 88,384 से नीचे थे, लेकिन पिछले एक सप्ताह के 68,597 मामलों से अधिक थे। पिछले एक हफ्ते में कोरोना मामलों की दैनिक औसत संख्या 77,577 थी। केडीसीए के मुताबिक, कोरोना के नए मामलों में से 439 मामले विदेश से आए हुए संक्रमित यात्री हैं। इसके साथ ही इनकी कुल संख्या अब 43,538 हो गई है। देश में इस जानलेवा वायरस के संक्रमण से 234 मरीजों की हालत गंभीर है।

## गुजरात में है जहरीली शराब कांड की हो न्यायिक जांच : कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस ने गुजरात में जहरीली शराब कांड को अत्यंत गंभीर घटना बताते हुए शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के राज्य में इस तरह की घटना का होना बेहद चिंताजनक बात है और इसकी उच्च न्यायालय की न्यायाधीश की देखरेख में जांच कराई जानी चाहिए।

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बहुत बड़ा मामला है और इसमें करीब 50 लोगों की जान गई और100 से ज्यादा लोग जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं लेकिन अब तक न राज्य के मुख्यमंत्री, न श्री मोदी और ना ही श्री शाह ने पीड़ित परिजनों से मुलाकात की है।

पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने घटना पर ट्वीट किया, ड्राई स्टेट गुजरात में जहरीली शराब पीने से कई



घर उजड़ गए। वहां लगातार अरबों की ड्रग्स भी बरामद हो रही है। ये बेहद चिंता की बात है, बापू और सरदार पटेल की धरती पर, ये कौन लोग हैं जो धड़ल्ले से नशे का कारोबार कर रहे हैं। इन माफिया को कौन सी सत्ताधारी ताकतें संरक्षण दे रही हैं।

श्री खेड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के गृह राज्य में करोड़ों का ड्रग्स पकड़ा जाना और शराब का अवैध कारोबार होना महज संयोग नहीं बल्कि सत्ता के संरक्षण में किया जा रहा अपराध है इसलिए कांड की उच्च न्यायालय के न्यायाधीश से जांच कराई जानी चाहिए। उनका कहना था कि जहरीली शराब पीने की वजह से जिन लोगों की मौत हुई है उनमें से ज्यादातर गरीब थे और घर चलाने की उन पर ही जिम्मेदारी थी। ऐसे मृतकों के परिजनों को समुचित आर्थिक सहायता देने के साथ ही आंखों की रोशनी खोने वालों तथा जिनकी किडनी खराब हुई है उन्हें मुफ्त और बेहतर इलाज की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाय।

उन्होंने कहा कि यह भी पता चला है कि 600 लीटर मिथाइल अल्कोहल अहमदाबाद से लाकर उसमें पानी मिलाया गया और फिर विभिन्न इलाकों में बेच दिया गया जिसकी सेवन से कई लोगों की जान चली गयी, कई लोगों की किडनी खराब हो गई तथा कई लोगों की आंखों की रोशनी चली गई।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।)
RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129